सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 30 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 176, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 372 अंकों की गिरावट

अमेरिका-ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ने व कच्चे तेल के दाम में तेजी से सेंसेक्स 372 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 110 अंक के नुकसान में रहा। } 10

जेपी नड्डा ने की ई-सुश्रुत-क्लिनिक की शुरुआत

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने ईसुश्रुत-क्लिनिक की शुरुआत की जिसका उद्देश्य छोटे क्लिनिक और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के डिजिटलीकरण में तेजी लाना है। } 12

राम मंदिर : 14 दिन की न्यायिक हिरासत में आरोपी

अधिवक्ताओं ने आरोपियों का केस लड़ने से किया इनकार

जिला संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर में दान के कथित गबन मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों को सोमवार को स्थानीय अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विशेष अभियोजन अधिकारी उमेश दुबे ने बताया कि पिछली न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भ्रष्टाचार रोधी अदालत के विशेष न्यायाधीश रजत वर्मा के समक्ष पेश किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की हिरासत के लिए कोई आवेदन नहीं दिया। इसी घटनाक्रम में दो बैंक कर्मियों को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया है और अयोध्या के रेडियो मेंटिनेंस अफसर अर्जुन देव का तबादला कर उन्हें गोरखपुर भेज... शेष पृष्ठ 10 पर

- पूछताछ के लिए दो बैंक कर्मियों को भेजा गया नोटिस
- रेडियो मेंटिनेंस अफसर अयोध्या से हटाया गया

दिल्ली सरकार ने ईवी नीति को दी मंजूरी, पंजीकरण शुल्क माफ

30 लाख रुपये तक की ई-कारों को सड़क कर, रजिस्ट्रेशन शुल्क में 100 फीसद की छूट

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) वाहन नीति को सोमवार को मंजूरी प्रदान कर दी जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में 30 लाख रुपये कीमत तक की ई-गाड़ियों खरीदने पर न तो सड़क कर देना होगा और न ही पंजीकरण शुल्क लगेगा। इस नीति का मकसद गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को कम करना और दिल्ली में स्वच्छ परिवहन के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है।

इलेक्ट्रिक वाहन नीति में प्रस्तावित है कि मार्च 2030 तक दिल्ली के स्कूल की 30 फीसदी बसें इलेक्ट्रिक होनी चाहिए। यह नीति शून्य-उत्सर्जन परिवहन के माध्यम से दिल्ली को प्रदूषण मुक्त राजधानी में बदलना चाहती है और 31 मार्च 2030 तक लागू रहेगी। चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के लिए शहर भर में लगभग 30,000 ईवी चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए जाएंगे। सरकार ने इस परिवर्तिन को आगे बढ़ाने के लिए अगले चार वर्षों में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिबद्धता जताई है। हाइब्रिड वाहनों के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं दिया जाएगा। नीति के तहत ईवी-संबंधित प्रोत्साहनों के लिए आवेदन करने के वास्ते एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। दिल्ली के पीएम 2.5 का सबसे बड़ा स्रोत गाड़ियों से होना वाला उत्सर्जन है। कुल पीएम 2.5 प्रदूषण में लगभग 50 प्रतिशत योगदान वाहनों से निकलने वाले धुएं और उनसे जुड़े उत्सर्जन का है। पिछले साल 31 दिसंबर में जारी सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, गत वर्ष सर्दियों में सबसे ज्यादा प्रदूषण अवधि के दौरान, वाहनों ने शहर के स्थानीय पीएम 2.5 स्तरों में लगभग 46 प्रतिशत से 53 प्रतिशत का योगदान दिया था। नीति के तहत, 30 लाख रुपये तक की एक्स-शोरूम कीमत वाले सभी इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों के लिए सड़क कर और पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने और वाहन से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए अगले चार वर्षों में नीति के तहत सरकारी निवेश, कर छूट और ईवी बुनियादी ढांचे के विकास सहित लगभग 15,000 करोड़ रुपये के लाभ प्रदान किए जाएंगे। दिल्ली कैबिनेट द्वारा अनुमोदित नीति, उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद एक जुलाई से लागू होगी। गुप्ता ने इसे 31 मार्च, 2030 तक दिल्ली को प्रदूषण... शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

राजस्थान : डकैत जगन गुर्जर की जेल में हत्या

जयपुर। राजस्थान के अजमेर में उच्च सुरक्षा वाली जेल में बंद कुख्यात डकैत जगन गुर्जर की एक अन्य कैदी ने सोमवार को मामूली विवाद में गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। अजमेर के पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल ने को बताया जांच में सामने आया कि जेल के अंदर मामूली बात को लेकर हुए झगड़ा में विष्णु नाम के कैदी ने जगन की हत्या कर दी। आरोपी विष्णु और जगन के साथ उसी बैरक में रह रहा था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान विष्णु ने स्वीकार किया कि उसने तौलिये से गला घोंटकर जगन की हत्या की। अधिकारी ने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे से अपराह्न तीन बजे के बीच हुई और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जेल के अधिकारी ने बताया, दोनों को पूर्वाह्न 11 बजे बैरक में बंद किया गया था और जब अपराह्न करीब तीन बजे एक प्रहरी बैरक में पहुंचा तो जगन मृत मिला। उसके शरीर पर चोट का कोई स्पष्ट निशान नहीं था।

थाने से अपराधी फरार तीन पुलिसकर्मी निलंबित

बलिया। बलिया में थाना परिसर से इनामी अपराधी के फरार होने के आरोप में पुलिस अधीक्षक ने तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि बाद में फरार अपराधी ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि सुखपुरा थाने से शुक्रवार रात 25 हजार रुपये के इनामी प्रिंस यादव के फरार होने के मामले में लापरवाही बरतने पर तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि निलंबित पुलिसकर्मियों में सुखपुरा थाने के मुंशी (मुख्य आरक्षी) वीरेंद्र कुमार और पीआरवी पर तैनात आरक्षी भरत चौरसिया व सुनील यादव शामिल हैं। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

प्रदेश में नो कर्फ्यू, नो दंगा, सब कुछ चंगा : योगी

- कांग्रेस की गलतियों के चलते देश का हुआ विभाजन : सीएम
- सपा की साइकिल चलेगी तो दंगा ही करायेगी

जिला संवाददाता

पीलीभीत (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए सोमवार को कहा कि देश का विभाजन कांग्रेस की गलतियों का परिणाम था और यदि उस समय नेतृत्व दृढ़ रहता तो विभाजन टाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में नो कर्फ्यू, नो दंगा, सब कुछ चंगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाजन के दौरान लाखों हिंदुओं की हत्या हुई और लाखों लोगों को अपनी पैतृक भूमि छोड़नी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने वर्षों तक इन विस्थापित परिवारों की सुध नहीं ली और केवल तुष्टीकरण की राजनीति करती रहीं।

उन्होंने कहा दिल्ली और देश के विभिन्न राज्यों में कांग्रेस और सपा ने आंदोलन किया था कि इनको (नागरिकता) प्रमाणपत्र नहीं मिलना चाहिए। इनका उद्देश्य ही क्या है कि देश के संसाधन पर पहला अधिकार मुसलमान का होना चाहिए, यही तो इनकी कुत्सित चेष्टा थी, यही तो इनकी तुष्टीकरण की नीति थी और यही पाप ये जिंदगी भर करते रहे और उस पाप का खामियाजा हिंदू भुगतता रहा। योगी ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में विस्थापित हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख समुदाय के लोगों को नागरिकता देने का ऐतिहासिक निर्णय पीलीभीत में 569 करोड़ रुपये की लागत वाली 63 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास तथा नागरिकता प्रमाणपत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 56 वर्ष पहले बांग्लादेश से निकाले गए प्रताड़ित हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप नागरिकता और पुनर्वास की सुविधा मिल रही है, जिसके लिए सभी को बधाई। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए पुनर्जीवन जैसा है। मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस के पाप के कारण बांग्लादेश बना। बांग्लादेश और पाकिस्तान का बनना आवश्यक नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया, पाकिस्तान का निर्माण सत्तालोलुपता ... शेष पृष्ठ 10 पर

जल्द ही राम नाम जपते व अपनी गलतियों पर पछतावा करते दिखेंगे सपा प्रमुख : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर के दान में गबन के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए मंगलवार को कहा कि वह भी एक दिन भगवान राम का नाम जपते और अपनी गलतियों पर पछतावा करते नजर आएंगे। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हाल के बयानों को देखकर क्या ऐसा लगता है कि सपा अध्यक्ष को सद्बुद्धि आ गई है या वह केवल दिखावा कर रहे हैं?

उन्होंने कहा, वह कह रहे हैं कि अयोध्या को चमकाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार यह काम पहले ही कर चुकी है। आपकी मदद की आवश्यकता नहीं है। योगी ने कहा अयोध्या को आखिरकार स्वीकार करने की इस सद्बुद्धि के लिए मैं आपको धन्यवाद दूंगा। यह हमारे लिए वैचारिक विजय है। उन्होंने तंज भरे अंदाज में कहा देर-सवेर आप भी भगवान राम का ... शेष पृष्ठ 10 पर

अफग़ानिस्तान में पाक का हमला, 36 की मौत

काबुल (अफगानिस्तान)। पाकिस्तानी सेना की ओर से रविवार रात किए गए हवाई हमलों में कम से कम 36 नागरिकों की मौत हो गई और 160 से अधिक लोग घायल हो गए। अफगानिस्तान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने रविवार देर रात अफगानिस्तान सीमा पर जमीनी कार्रवाई की और आतंकवादियों के ठिकानों पर हमले किए, जिनमें 29 आतंकवादी मारे गए।

पाकिस्तान का कहना है कि यह कार्वाई देश में हाल में हुए आतंकी हमलों के जवाब में की गई। वहीं अफगानिस्तान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की और इन्हें कायरतापूर्ण आक्रामकता और बर्बरता का कृत्य बताया। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के उप-प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने पक्तिया प्रांत के चमकनी जिले में एक घर को निशाना बनाया, जिसमें एक बुजुर्ग और एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि जब ग्रामीण घायलों को बचाने के लिए वहां पहुंचे तो उसी क्षेत्र पर ... शेष पृष्ठ 10 पर

और मजबूत होंगे भारत-सेशेल्स के रिश्ते

प्रधानमंत्री मोदी लौटे स्वदेश, हिंद महासागर क्षेत्र पर हुई व्यापक चर्चा

एजेंसी

विक्टोरिया (सेशल्स)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सेशेल्स की अपनी तीन दिवसीय यात्रा संपन्न की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने और हिंद महासागर क्षेत्र को सुरक्षित व समृद्ध बनाने की साझा दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता की। हवाई अड्डे पर सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्लै और भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को विदा किया। रवाना होने के बाद एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, सेशेल्स की मेरी यात्रा बहुत सार्थक रही और इससे भारत-सेशेल्स की दोस्ती और मजबूत होगी।

मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स के बीच पिछले 50 वर्षों के रिश्ते गहरे भरोसे और मिलकर की गई तरक्की पर आधारित रहे हैं। उन्होंने कहा अगले 50 साल नवाचार, सतत विकास और साझा समृद्धि से तय होंगे। शनिवार को शुरू हुई इस यात्रा के दौरान, मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया। रवाना होने के बाद, उन्होंने ... शेष पृष्ठ 10 पर



कासगंज में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, महिला पायलट सुरक्षित

कासगंज/नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के कासगंज में सोमवार को दो सीट वाला एक प्रशिक्षण विमान एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, अलीगढ़ हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला यह विमान कासगंज जिला मुख्यालय क्षेत्र में पुलिस लाइंस के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

पुलिस ने बताया कि जमीन पर गिरने से पहले विमान एक हाई-टेंशन तार से टकरा गया था। वहीं नयी दिल्ली स्थित नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कासगंज में दुर्घटनाग्रस्त हुए प्रशिक्षण विमान में सवार 28 वर्षीय महिला प्रशिक्षु पायलट सुरक्षित हैं और घटना की जांच की जा रही है। महानिदेशालय ... शेष पृष्ठ 10 पर

हर नागरिक को मिले विकास का लाभ : धामी

मुख्यमंत्री ने 123.79 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

प्रमुख संवाददाता

चम्पावत (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों को विकास के नए केंद्रों के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि चम्पावत में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, व्यापार और स्वरोजगार के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाने के लिए लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक समान रूप से पहुँच सके।

मुख्यमंत्री ने चम्पावत में आयोजित मुख्य सेवक संवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए 123.79 करोड़ रुपये की लागत से तैयार एवं प्रस्तावित 17 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

और शिलान्यास किया। इस अवसर पर लगभग ?3.50 करोड़ की लागत से विकसित जिम कॉर्बेट ट्रेल का उद्घाटन भी किया, जिसे उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद पुजारियों, पूर्व सैनिकों, अर्धसैनिक बलों के प्रतिनिधियों, व्यापारियों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, युवाओं तथा अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार विकास योजनाओं को जनता की आवश्यकताओं और सुझावों के अनुरूप आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि चम्पावत नगर में आधुनिक बहुमंजिला पार्किंग और सिटी सेंटर का निर्माण स्थानीय व्यापार को नई गति देगा तथा शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाएगा। साथ ही विभिन्न आधारभूत परियोजनाओं से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री... शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	39.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- आज मनाया जायेगा विश्व क्षुद्रग्रह दिवस (पृष्ठ-02)
- 1.04 करोड़ से संवरेगा गोमती नदी का उद्गम स्थल (पृष्ठ-02)
- औद्योगिक उत्पादन में मई में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि (पृष्ठ-10)
- रुपया नौ पैसे कमजोर होकर 94.54 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- भारत ने पूरी की 271 गीगावाट बिजली की मांग (पृष्ठ-10)

विशेष खबर मौसम विभाग ने गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर समेत 26 जिलों में भारी वर्षा का जारी किया अलर्ट

यूपी में मानसून ने दी दस्तक, जल्द बरसेंगे मेघा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मानसून की दस्तक अब बेहद करीब है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मंगलवार से बुधवार के बीच कभी भी मानसून सक्रिय हो सकता है। इसके साथ ही कई जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर समेत 26 जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी सहित 29 जिलों में वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। इसके अलावा 25 अन्य जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।

रविवार से सोमवार के बीच पूर्वी उत्तर प्रदेश और तराई के कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। बहराइच में सर्वाधिक 104 मिमी और श्रावस्ती में 80 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बारिश के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। सोमवार को आगरा 42.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं अलीगढ़ में 42 डिग्री और बांदा में 41.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, 30 जून से एक जुलाई के बीच प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां तेजी पकड़ेंगी। जुलाई के पहले सप्ताह में पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश के आसार हैं। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अंबेडकर नगर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र। देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज सिद्धार्थ नगर, गोडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, बाराबंकी, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आस पास के क्षेत्र।

एनआईआईएफ में 30,000 करोड़ के अतिरिक्त निवेश को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय महत्व के अन्य क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के नए और आगामी कोषों के लिए 30,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश को मंजूरी दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले सप्ताह इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके साथ ही एनआईआईएफ में केंद्र सरकार की कुल निवेश प्रतिबद्धता बढ़कर 60,000 करोड़ रुपये हो गई है। एनआईआईएफ भारत सरकार समर्थित निवेश कोष है, जिसका संचालन और प्रबंधन पेशेवर तरीके से नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड लिमिटेड (एनआईआईएफएल) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में एनआईआईएफ अपने विभिन्न कोषों और निवेश रणनीतियों के तहत लगभग 40,000 करोड़ रुपये की पूंजी का प्रबंधन कर रहा है। बयान के अनुसार, एनआईआईएफ ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और अपने पोर्टफोलियो से बड़े निवेश की सफल निकासी के जरिये निवेशकों को करीब 12,000 करोड़ रुपये लौटाए हैं।

- निवेश प्रतिबद्धता बढ़कर 60,000 करोड़ रुपये

आज जान की भीख मांग रहे माफिया : सीएम

कहा, पिछली सरकारों में कट्टा-बम बनते थे, अब ब्रह्मोस मिसाइल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पीलीभीत में कार्यक्रम के दौरान सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग केवल अपने परिवार तक सीमित रहते हैं, वे समाज व देश का कल्याण नहीं कर सकते। जनता जनार्दन ने इसी कारण सपा की साइकिल पंचर कर दी। आज जहां गौशालाएं बनी हैं, उन सार्वजनिक जमीनों पर 2017 से पहले सपाइयों ने कब्जा कर रखा था।

भाजपा सरकार बनने के बाद पहले ही दिन घोषणा की गई थी कि कब्जा छोड़ दें, अन्यथा 48 घंटे में जो कार्रवाई होगी, सात पीढ़ियां याद रखेंगी। कार्रवाई के डर से कई लोगों ने स्वयं जमीन वापस कर दी। पिछली सरकारों में माफिया सीना तानकर चलते थे। थानों व तहसीलों पर दबाव बनाते थे। किसी की भी जमीन पर कब्जा कर लेते थे और विकास कार्यों को रोक देते थे। बहन-बेटियों की सुरक्षा खतरे में रहती थी। दंगे होने पर पूर्व मुख्यमंत्री दंगाइयों को सरकारी विमान से बुलाकर आवास पर सम्मानित करते थे। 2017 से पहले यही प्रदेश की पहचान थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा है। कभी सीना तानकर चलने वाले माफिया गले में तख्ती लटका कर जान की भीख मांग रहे हैं। कह रहे हैं, साहब जान बख्श दो, ठेला लगाकर पेट भर लेंगे। भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता गरीब, युवा, महिला, व्यापारी व किसान के प्रति है, किसी गुंडे या माफिया के प्रति नहीं। सरकार किसी भी अपराधी को संरक्षण नहीं देगी।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि इनके प्रयासों से मेडिकल कॉलेज, सड़कें, पुल व अन्य विकास योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। पीलीभीत जैव विविधता और इको-टूरिज्म के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा है। विस्थापित परिवारों को नागरिकता व जमीन के दस्तावेज दिए गए। भविष्य में किसी भी हिंदू को विस्थापित न होना पड़े, इसके लिए मोदी जी के विजन के अनुरूप यूपी में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर विकसित कर ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है। पिछली सरकारों में कट्टा-बम बनते थे, आज यूपी देश की सुरक्षा मजबूत करने वाली मिसाइलें बना रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत से पाकिस्तान भी घबरा कर बाप-बाप चिल्लाता है।

पीलीभीत बनेगा इको-टूरिज्म का बड़ा केंद्र

सीएम ने कहा प्रदेश में इकोनॉमिक कॉरिडोर व आधुनिक सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है। पीलीभीत से शामली, पानीपत, मुरादाबाद, गोरखपुर और आगे सिलीगुड़ी तक बेहतर संपर्क स्थापित किया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे जैसी विश्वस्तरीय परियोजनाएं प्रदेश को मिली हैं। पीलीभीत की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं, बेहतर सड़क संपर्क और विकास परियोजनाओं की बधाई देते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पीलीभीत इको-टूरिज्म का बड़ा केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने जनता से अपने प्रतिनिधियों का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जो भी विकास प्रस्ताव सरकार के सामने आएंगे, उन्हें पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

वादकारियों को समय से न्याय दिलाना सरकार की मंशा : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुना। उनका प्रार्थना पत्र लिया और संबंधित अधिकारियों को देकर निर्देशित किया कि सभी लोगों की समस्याओं का समाधान तय समयसीमा के भीतर हो। इसके उपरांत पीड़ित पक्ष से बात कर उनकी संतुष्टि के बारे में जानकारी ली जाए। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप बेफिक्र होकर घर जाइए, हम हर मामले का उचित निस्तारण कराएंगे।

बरेली से एक महिला ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने कैंसर के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई और आर्थिक सहायता की मांग की। सीएम ने उनसे हॉस्पिटल का एस्टिमेट मांगा, जिसे वह तत्काल उपलब्ध न करा सकीं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप हॉस्पिटल से एस्टिमेट मंगवा लीजिए। आप स्वास्थ्य पर ध्यान दें, इलाज की चिंता सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने मरीज को एडमिट कराने और उनके समुचित इलाज के लिए भी निर्देशित किया। जनता दर्शन में राजस्व संबंधी मामले भी आए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इस पर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। सीएम ने राजस्व मुकदमों के समयबद्ध निस्तारण पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस पर जल्द निर्णय होने से वादकारियों को समय से राहत मिलती है। राजस्व से जुड़े अधिकारी समय से न्यायालय में बैठें। इस संबंध में निर्णय भी जल्द दें, क्योंकि ऐसा न होने से गरीब वादकारी अधिक प्रभावित होते हैं। वादकारियों को न्याय दिलाना सरकार की मंशा है। इसके अनुरूप राजस्व से जुड़े अधिकारी जरूरतमंदों को न्याय दिलाएं।

गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पर्यावरण निगरानी तंत्र स्थापित

लखनऊ। गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार संख्या एक पर पर्यावरण निगरानी तंत्र स्थापित किया है, जिसमें लगे डिजिटल प्रदर्शन पट पर निम्न मानकों की अद्यतन जानकारी यात्रियों को मिल रही है। वायु गुणवत्ता सूचकांक, हवा कितनी स्वच्छ या प्रदूषित है। गैसीय प्रदूषक: कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड का स्तर। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि इस अत्याधुनिक प्रणाली से स्टेशन परिसर में यात्रियों, रेल कर्मचारियों तथा आमजन को पर्यावरण की अद्यतन स्थिति की सटीक जानकारी मिलेगी जिससे वह स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हो सकेंगे। इसके अलावा लखनऊ मण्डल द्वारा तीन अन्य स्थानों पर शीघ्र ही पर्यावरण निगरानी तंत्र लगाए जाएंगे।

दो ट्रेनों में औचक जांच, बड़े पैमाने पर पानी की अवैध बोतलें सीज

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की कॉमर्शियल टीम ने गोमतीनगर-कानपुर रेल खंड पर पुष्पक और कामाख्या एक्सप्रेस की औचक जांच की। इस दौरान दोनों ही ट्रेनों के पेंट्री कार में बड़े पैमाने पर रखी पानी की अवैध बोतलें मिलीं, जिन्हें सीज कर दिया गया। लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम अरिजीत सिंह के निर्देश पर एसीएम मुकेश कुमार और ओंकार नाथ वर्मा की टीम ने यह जांच की। इस दौरान ट्रेन संख्या 12533 पुष्पक एक्सप्रेस में 480 और ट्रेन संख्या 15078 गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस में 360 पानी की अवैध बोतलें मिलीं। कुल 840 अवैध पानी की बोतलें जब्त की गई हैं।

शिक्षक शौर्य दिवस के रूप में मनेगा राजनाथ सिंह का जन्मदिवस

लखनऊ। होटल सागर सोना में स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शिक्षक शौर्य दिवस के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिवस मनाया जाएगा। 10 जुलाई को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिवस की पूर्व संध्या 9 जुलाई को शिक्षक शौर्य दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्यारह सौ उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति एवं शिक्षा के मूल्यों को बढ़ावा देने वाले विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में राजधानी एवं आसपास के क्षेत्रों से आए 200 से अधिक विद्यालय प्रबंधकों ने सहभागिता की। बैठक में राहुल सक्सेना, प्रीति वाजपेई, सुरेश शुक्ला, केके दुबे, अजीज खान, रितेश श्रीवास्तव, राजेश यादव सहित दो सौ से अधिक विद्यालय प्रबंधक उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर शिक्षक शौर्य दिवस को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया।

ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का गारंटीड रोजगार मिलेगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन अधिनियम 2025 को अधिसूचित करते हुए इसकी औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी है। यह महत्वाकांक्षी योजना 1 जुलाई 2026 से प्रदेश के सभी अधिसूचित ग्रामीण क्षेत्रों में लागू हो जाएगी। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का गारंटीड रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसे मौजूदा ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों की तुलना में अधिक व्यापक और महत्वाकांक्षी पहल माना जा रहा है, जिसमें रोजगार के साथ-साथ आजीविका संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सरकारी जानकारी के अनुसार इस मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण, बुनियादी ढांचे का विकास, आजीविका संवर्धन तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह अधिसूचना विकसित 2047 के विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाली है। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देना है। सरकार का मानना है कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन में कमी आएगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

सीएम योगी आज रामपुर में 102 विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार 30 जून को रामपुर व बरेली के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री मुरादाबाद से सीधे रामपुर पहुंचेंगे, जहां शाहाबाद में वह रामपुर के मिलक एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्रों में 690 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। यहां वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी इंटरमीडिएट/हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देंगे। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को लैपटॉप, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पात्र परिजनों को अनुदान राशि देंगे। मुख्यमंत्री सामाजिक विकास में विशेष योगदान देने वाले व्यापारियों का सम्मान भी करेंगे। रामपुर के बाद मुख्यमंत्री बरेली पहुंचेंगे, जहां वह सर्किट हाउस में बरेली मंडल के लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की समीक्षा और नए कार्यों की कार्ययोजना के संबंध में बैठक करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री बरेली के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे।

आज मनाया जायेगा विश्व क्षुद्रग्रह दिवस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से मंगलवार को विश्व क्षुद्रग्रह दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति वैज्ञानिक सोच विकसित करना तथा क्षुद्रग्रहों और अंतरिक्ष सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस निःशुल्क कार्यक्रम में विद्यार्थी, शिक्षक, शोधार्थी, खगोल विज्ञान क्लबों के सदस्य तथा अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि रखने वाले नागरिक भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम में इसरो के वैज्ञानिकों और देश के प्रतिष्ठित खगोल वैज्ञानिकों द्वारा क्षुद्रग्रहों की खोज, अंतरिक्ष अनुसंधान और पृथ्वी की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगे। मुख्य वक्ता के रूप में विश्व के विभिन्न एस्ट्रॉयड सर्च अभियानों के मेंटर डॉ. अमृतांशु वाजपेयी शामिल होंगे, जिनके नाम पर 12 से अधिक प्रोविजनल क्षुद्रग्रह खोज दर्ज हैं। इसके अलावा इस्ट्रैक (इसरो) के वैज्ञानिक राजीव कुमार और लखनऊ के ख्यातिप्राप्त एस्ट्रोफिजिसिस्ट डॉ. शंकर दयाल पाठक भी प्रतिभागियों से संवाद करेंगे।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वास्तविक क्षुद्रग्रह के एक टुकड़े का प्रदर्शन होगा, जिसे वैज्ञानिक राजीव कुमार प्रतिभागियों को दिखाएंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अनुसार संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रत्येक वर्ष 30 जून को वर्ष 1908 में साइबेरिया के तुंगुस्का क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक क्षुद्रग्रहजनित वायुमंडलीय विस्फोट की स्मृति में विश्व क्षुद्रग्रह दिवस मनाती है। इस दिन का उद्देश्य क्षुद्रग्रहों से उत्पन्न संभावित खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में युवाओं की रुचि बढ़ाना है।

हर परिषदीय विद्यालय में बनेगा इको क्लब, 65.64 करोड़ मिले

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने विद्यालय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 'इको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ' कार्यक्रम के तहत 65.64 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों को 5,000 रुपये प्रति विद्यालय की दर से उपलब्ध कराए जाएंगे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तीन दिनों के भीतर यह राशि विद्यालयों के खातों में हस्तांतरित कर दी जाए तथा इको क्लब्स का गठन कर निर्धारित गतिविधियों का समयबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक विद्यालय को मिलने वाली राशि का उपयोग पौधरोपण, पर्यावरण जागरूकता अभियान, कम्पोस्ट निर्माण, शिक्षण सामग्री, स्टेशनरी तथा अन्य पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों पर किया जाएगा। विद्यालयों को सभी व्यय का अभिलेख सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुसार सभी पात्र विद्यालयों में इको क्लब का गठन किया जाएगा। प्रधानाध्यापक क्लब के संरक्षक होंगे, जबकि एक शिक्षक को प्रभारी बनाया जाएगा। छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा गतिविधियों की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इको क्लब्स के माध्यम से विद्यार्थियों को मिशन लाइफ के सात प्रमुख विषयों—जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, टिकाऊ जीवनशैली, कचरा प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण, ई-वेस्ट प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा सतत खाद्य प्रणाली—से जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

जुलाई से मार्च तक चलेगा गतिविधि कैलेंडर : विद्यालयों में जुलाई से मार्च तक मासिक गतिविधि कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जुलाई में पौधरोपण, अगस्त में किचन गार्डन एवं कम्पोस्ट निर्माण, सितंबर में ई-वेस्ट प्रबंधन, अक्टूबर में कचरा पृथक्करण, नवंबर में ऊर्जा संरक्षण, दिसंबर में जल संरक्षण, जनवरी में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा फरवरी-मार्च में स्वच्छता और जैव विविधता संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध, चित्रकला, रैली, शपथ, प्रदर्शनी और जनजागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे। सरकार ने विद्यालय प्रबंधन समितियों, अभिभावकों, स्थानीय निकायों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया है, ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश विद्यालयों से निकलकर समाज तक पहुंचे।

शिक्षा सुधारों का नया रोडमैप तैयार करेगी सरकार, सेमिनार आज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा सुधारों को योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ साक्ष्य आधारित नीति निर्माण, प्रभावी कक्षा-कक्षीय शिक्षण और सीखने के परिणामों में सतत सुधार को नई दिशा देने की रणनीति पर तेजी से कार्य कर रही है। मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ) के संयुक्त तत्वावधान में 'टीचिंग एंड लर्निंग प्रैक्टिसेज सर्वे (टीएलपीएस) रिपोर्ट-2025, उत्तर प्रदेश' पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय संवाद एवं सेमिनार आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'नीति से व्यवहार तक संवाद' रखा गया है, जिसका उद्देश्य साक्ष्यों को क्रियान्वयन में बदलते हुए शिक्षा सुधारों को सीधे कक्षा-कक्ष तक पहुंचाना है।

इसकी अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा करेंगे। इसमें शिक्षा नीति-निमार्ताओं, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शैक्षिक विशेषज्ञों, एसआरजी, एआरपी, बीईओ, शिक्षकों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। राज्य स्तर पर प्रभावी शिक्षण पद्धतियों, अधिगम सुधार और भविष्य की शैक्षणिक रणनीतियों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। सेमिनार का प्रमुख आकर्षण टीएलपीएस उत्तर प्रदेश राज्य रिपोर्ट-2025 का विमोचन होगा। एलएलएफ द्वारा प्रदेश में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) के अंतर्गत किए गए राज्यव्यापी अध्ययन के निष्कर्ष, प्रमुख अंतर्दृष्टियां और अनुशंसाएं प्रस्तुत की जाएंगी।

गांव-गांव में जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत परखेंगे जलशक्ति मंत्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए अब जमीनी स्तर पर विशेष निगरानी अभियान शुरू करने जा रही है। इसके तहत जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह 15 से 25 जुलाई के बीच एक दर्जन से अधिक जिलों का दौरा कर जलापूर्ति योजनाओं की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करेंगे।

दौरे के दौरान मंत्री नल से जलापूर्ति, पानी की गुणवत्ता और योजनाओं के संचालन का जायजा लेने के साथ ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी जानेंगे। इस अभियान में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहेंगे। कई स्थानों पर मंत्री और अधिकारी गांवों में रात्रि विश्राम भी करेंगे तथा 'जल अर्पण' कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जल संरक्षण और योजनाओं के संचालन में सहभागी बनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 15-16 जुलाई को ललितपुर, झांसी और जालौन, जबकि 18-19 जुलाई को सुल्तानपुर, जौनपुर, मिजार्पुर और सोनभद्र के गांवों का निरीक्षण प्रस्तावित है। इसके अलावा 24 जुलाई को मथुरा में संतों के साथ बैठक कर यमुना नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण को लेकर सुझाव लिए जाएंगे।

सोमवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन मुख्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जलापूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर संबंधित चीफ इंजीनियर और अधीक्षण अभियंता की जवाबदेही तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी चीफ इंजीनियरों को प्रत्येक परियोजना की नियमित समीक्षा कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने और गांवों में 'जल अर्पण' कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

1.04 करोड़ से संवरेगा गोमती नदी का उद्गम स्थल

लखनऊ/पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार ने धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पीलीभीत जिले में स्थित गोमती नदी के उद्गम स्थल के विकास के लिए 1.04 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की है। पर्यटन विभाग ने प्रथम चरण में 78 लाख रुपये की धनराशि भी जारी कर दी है। परियोजना पूरी होने के बाद यह स्थल धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गोमती नदी प्रदेश की आस्था, संस्कृति और करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़ी जीवनदायिनी नदी है। इसका उद्गम पीलीभीत के माधोटांडा क्षेत्र स्थित गोमत ताल से होता है। सरकार इस स्थल को विश्वस्तरीय पर्यटन एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित कर रही है। परियोजना के तहत श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए लगभग 48.69 लाख रुपये की लागत से बहुउद्देशीय हॉल, 13.44 लाख रुपये से आधुनिक शौचालय ब्लॉक तथा 9.45 लाख रुपये से शेड का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा इंटरलॉकिंग मार्ग, उद्यान, सौंदर्यीकरण, सोलर आधारित सुविधाएं और अन्य यात्री सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम को सौंपी गई है। करीब 960 किलोमीटर लंबी गोमती नदी पीलीभीत से निकलकर शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर और जौनपुर सहित कई जिलों से गुजरते हुए गाजीपुर में गंगा नदी में मिलती है।

सपा की प्राथमिकता रहेगी अच्छी शिक्षा-नौकरी रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार साजिश के तहत शिक्षा को गरीबों से दूर कर रही है। समाजवादी पार्टी ने प्रयागराज में विजन इंडिया कार्यक्रम में अच्छी शिक्षा और नौकरी रोजगार के बारे में चर्चा की है। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षा को अच्छी किया जाएगा। छात्रों, नौजवानों को नौकरी दी जाएगी। शिक्षा अच्छी होगी, परीक्षा अच्छी होगी तो तरक्की पक्की होगी।

रविवार को प्रयागराज में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि 12वीं तक समान शिक्षा लागू हो। सभी को सम्मान दिया जाएगा। स्कूलों का आधारभूत ढ़ाचा ठीक किया जाएगा। किताबें एक समान करने का प्रयास किया जाएगा। समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार में लाखों छात्रों को लैपटॉप बांटकर गरीब-अमीर के बीच डिजीटल डिवाइड खत्म करने का काम किया था। समाजवादी सरकार में बनाए गए अभिनव स्कूल प्राइवेट से भी अच्छे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को कागजों में उलझाये रखना चाहती है, जिससे जनता हमेशा लाइनों में लगी रहे, परेशान रहें, भाजपा से सवाल न पूछ पायें।

श्री यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। अयोध्या के लोग कह रहे है कि चढ़ावा चोरी के तार कर्नाटक से जुड़े है। कर्नाटक में अण्डरग्राउण्ड, अनरजिस्टर्ड लोग हैं जो चुनाव के समय पर वोटरों को भेजते है। चुनावी साजिश में शामिल रहते हैं। उनका भंडाफोड़ हो गया है।

उन्होंने कहा कि सभी लोग जानते है कि चढ़ावा चोरी के मामले में छोटी मछलियों को पकड़ा जा रहा है। बड़ी मछलियों को बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपाई सीसी टीवी से घबराये हुए है, क्यों जनता सीसी अर्थात चढ़ावा चोरी और चंदा चोरी जान गयी है। सब जग जाहिर हो गया।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अरबो का बजट साफ हो गया लेकिन नदियां नहीं साफ हुई। मां गंगा की सफाई नहीं हो पायी। मां गंगा की सफाई के लिए आए बजट की लूट हो गयी। उन्होंने कहा कि जब तक गंगा नदी में गिरने वाली सहायक नदियां नहीं साफ होंगी तब तक गंगा नदी की सफाई नहीं हो जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर परीक्षाओं में पारदर्शिता होगी। किसी का आरक्षण और सम्मान नहीं छीनने देंगे।

नेट जीरो सरोजनीनगर 2040 पहल बनी हरित विकास का मॉडल

- जनभागीदारी से तेज हुआ पर्यावरणीय परिवर्तन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को नई दिशा देते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में चल रहा नेट जीरो सरोजनीनगर 2040 अभियान तेजी से एक जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य वर्ष 2040 तक सरोजनीनगर को पूर्णतः नेट जीरो उत्सर्जन वाला मॉडल क्षेत्र बनाना है।

अभियान के तहत अब तक 20,000 से अधिक नागरिक हरित भविष्य के निर्माण की शपथ ले चुके हैं, जिससे क्षेत्र में पर्यावरणीय जागरूकता और जनभागीदारी का दायरा लगातार बढ़ रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित द्द ग्रीन शिफ्टः गोल्फ टूनार्मेंट अवॉर्ड्स 2026 ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाया। इस आयोजन में बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। खेल के साथ पर्यावरण संरक्षण थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में जूनियर, महिला और वेटरन श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 23 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा विजेताओं को 6 लाख रुपये तक की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। अभियान के अगले चरण में नेट जीरो इंडस्ट्री की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों को पर्यावरण अनुकूल उत्पादन प्रणाली से जोड़ना है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सुरेश खन्ना भी उपस्थित रहे। इसके तहत युवाओं के लिए युवा सशक्तिकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां उन्हें हरित तकनीक और पर्यावरण नेतृत्व से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। क्षेत्र में 500 धार्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्षों का रोपण किया गया तथा सभी पर ट्री गार्ड लगाए गए। माँ तारा शक्ति सिलाई केंद्रों के माध्यम से 30,000 से अधिक ईको-फ्रेंडली बैग तैयार कर लगभग 50 स्कूलों और सामाजिक कार्यक्रमों में वितरित किए गए, जिससे प्लास्टिक उपयोग में कमी लाने के साथ महिलाओं को आजीविका भी मिली।

विद्युत सुरक्षा की ली थी फर्जी एनओसी, मुकदमा दर्ज

भवन मालिक वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला पर रिपोर्ट दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अलीगंज अग्निकाण्ड में धीरे-धीरे परते उधेड़ी जा रही हैं। जनहानि के लिहाज से राजधानी के सबसे बड़े अग्निकांड की जांच में तमाम लापरवाही सामने आ रही है। अवैध व्यावसायिक भवन की पोल अब खुल रही है। जेल में बंद भवन स्वामी के खिलाफ सोमवार को अलीगंज थाने में एक और मुकदमा दर्ज कराया गया है। अलीगंज में सेक्टर-डी के अवैध व्यावसायिक भवन में पिछले सोमवार को हुए अग्निकांड में 15 युवकों व युवतियों की जान चली गई थी। अब इस अग्निकांड की जांच संबंधित सभी विभाग कर रहे हैं। इस अग्निकांड में विद्युत सुरक्षा विभाग ने आंतरिक जांच की, जिसमें पता चला कि भवन मालिक वीरेंद्र शुक्ला ने जो एनओसी हासिल की थी, वह फर्जी थी। नियम-कानून को ठेंगे पर रखने वाले अवैध व्यावसायिक भवन के मालिक वीरेंद्र शुक्ला ने विद्युत सुरक्षा की फर्जी एनओसी हासिल की थी। जांच पूरी होने के बाद विभाग के सहायक निदेशक ने भवन स्वामी वीरेंद्र शुक्ला के खिलाफ अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विद्युत सुरक्षा निदेशालय में तैनात सहायक निदेशक आलोक शुक्ला के मुताबिक 22 जून को सेक्टर-डी के एमएस-102 भवन में हुए अग्निकांड की जांच के दौरान भवन की विद्युत सुरक्षा एनओसी का सत्यापन किया गया। जांच में पाया गया कि भवन स्वामी वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने जो एनओसी प्रस्तुत की है, विभागीय अभिलेखों से मेल नहीं खाती। एनओसी पर अंकित पत्रांक और डिस्पैच संख्या विभाग के रिकार्ड में किसी अन्य विषय से संबंधित है। इसके अलावा तत्कालीन सहायक निदेशक के हस्ताक्षर, दस्तावेज का फान्ट, लिखावट और पेपर डिजाइन भी विभाग के मूल रिकार्ड से अलग पाए गए। विभाग का आरोप है कि कूटरचना कर फर्जी एनओसी तैयार कराई गई और उसी के आधार पर बिजली निगम से विद्युत संयोजन ऊर्जीकृत करा लिया गया। सहायक निदेशक के मुताबिक फर्जी एनओसी वर्ष 2016 में जारी असली एनओसी की प्रति, डिस्पैच रजिस्टर की छाया प्रति, बिजली बिल व संबंधित अभिलेख पुलिस को उपलब्ध कराये गये हैं।

इंस्पेक्टर अलीगंज ध्रुव कुमार के मुताबिक सहायक निदेशक की तहरीर पर भवन मालिक वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला के खिलाफ कूटरचना, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज का प्रयोग करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अवैध बिल्डिंगों पर एलडीए की कार्रवाई ठप

लखनऊ। शहर में बिना फायर सेफ्टी मानकों वाली अवैध बिल्डिंगों के खिलाफ एलडीए, अग्निशमन विभाग और विद्युत सुरक्षा निदेशालय की ओर से शुरू किया गया संयुक्त अभियान महज तीन दिन में ही ठंडा पड़ गया है। तीन सप्ताह तक चलने के दावे के बावजूद पिछले दो दिनों में शहर में एक भी अवैध बिल्डिंग को सील नहीं किया गया, जिससे अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

यह अभियान 22 जून को अलीगंज में हुए अग्निकांड के बाद शुरू किया गया था, जिसमें 15 लोगों की मौत हुई थी। शुरुआत में कार्रवाई तेज रही—पहले दिन 71 बिल्डिंगें सील की गईं और 83 को नोटिस जारी हुआ। इसके बाद अगले चरण में 55 बिल्डिंगें सील कर 78 को नोटिस जारी किया गया। हालांकि इसके बाद अभियान की गति अचानक धीमी पड़ गई। शुक्रवार को मुहर्रम के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी, जबकि उसके बाद शनिवार को केवल अलीगंज क्षेत्र में कुछ बिल्डिंगें पर ही कार्रवाई की गई। रविवार और सोमवार को शहर में कहीं भी कोई सीलिंग कार्रवाई नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार, अलीगंज क्षेत्र में आंचलिक विज्ञान केंद्र के सामने, कपूरथला चौराहा से नेहरू वॉल वाटिका तिराहा और पुरनिया चौराहा मार्ग तक कई बड़े शोरूम, रेस्टोरेंट और अस्पताल अब भी बिना फायर सेफ्टी मानकों के संचालित हो रहे हैं।

इनमें से कई इमारतें आवासीय भवनों को तोड़कर व्यावसायिक रूप में बदली गई हैं, जहां न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही सुरक्षा मानकों का पालन किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के बाद जिस सख्ती की उम्मीद थी, वह जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रही है, जिससे अभियान को रस्म अदायगी मात्र माना जा रहा है। उधर, एलडीए ने यह भी निर्णय लिया है कि उसकी अपनी नई और पुरानी दोनों भवनों की विद्युत सुरक्षा जांच दोबारा कराई जाएगी। अधिशासी अभियंता मनोज सागर के अनुसार, हाल ही में हुए निर्माण कार्यों के चलते विद्युत सुरक्षा निदेशालय से पुनः जांच कराई जाएगी ताकि सुरक्षा मानकों की पुष्टि हो सके।

अधिशासी अभियंता का निलंबन तत्काल वापस लिया जाये: समिति

अलीगंज अग्निकांड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर अग्निकांड की निष्पक्ष जांच कराने के बजाय विद्युत सुरक्षा निदेशालय लगातार अपने अधिकारियों की गंभीर लापरवाहियों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहा है। बिना किसी ठोस आधार के कभी यह कहा जा रहा है कि संबंधित परिसर की एनओसी का कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं है और कभी उसी एनओसी को फर्जी बताया जा रहा है।

संघर्ष समिति ने बताया कि उपाधिप अभियंता संघ के महासचिव जितेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा जारी किये गए दस्तावेजों से स्पष्ट हो जाता है कि संबंधित उपभोक्ता द्वारा 23 जून 2016 को 20 किलोवाट के कमर्शियल विद्युत संयोजन के लिए विद्युत सुरक्षा निरीक्षण शुल्क रु 1150 भारतीय स्टेट बैंक के चालान के माध्यम से ट्रेजरी में जमा कराया गया था। नियमानुसार शुल्क जमा होने के बाद विद्युत सुरक्षा निदेशालय का दायित्व होता है कि वह परिसर का निरीक्षण कर विद्युत सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करे। इन अभिलेखों के अनुसार 24 जून 2016 को एनओसी जारी भी कर दी गई है।

ऐसे में यदि अब निदेशालय यह कह रहा है कि एनओसी फर्जी है, तो यह स्पष्ट करे कि शुल्क जमा होने के बाद निरीक्षण किस अधिकारी ने किया, किस आधार पर एनओसी जारी की गई और यदि वह एनओसी वास्तव में फर्जी थी तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आज तक एफआईआर एवं विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं की गई? संघर्ष समिति ने कहा कि शासन के नियमों के अनुसार यदि निरीक्षण शुल्क जमा होने के सात दिनों के भीतर एनओसी जारी नहीं की जाती है, तो पॉवर कारपोरेशन के अभियंता विद्युत संयोजन को ऊर्जीकृत करने के लिए सक्षम होते हैं।

उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, फार्मासिस्टों के पदनाम, वेतनमान संशोधन की उठाई मांग

लखनऊ। डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की और फार्मासिस्टों की लंबे समय से लंबित न्यायसंगत मांगों के संबंध में एक महत्वपूर्ण मांग पत्र (ज्ञापन) सौंपा, इसमें फार्मासिस्टों के पदनाम और वेतनमान संशोधन की मांग प्रमुख रूप से शामिल थी। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के महामंत्री प्रदुम्न सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष श्रवण चौधरी, जिला मंत्री अजय कश्यप शामिल थे।

फीस वृद्धि लेकर छात्र अधिकारों की इस लड़ाई को मिला व्यापक समर्थन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि, छात्रहितों की उपेक्षा और तीन छात्र नेताओं के निष्कासन के खिलाफ विगत 28 दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने को आज पूर्व मेयर प्रत्याशी वंदना मिश्रा एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. रमेश दीक्षित ने अपना समर्थन दिया। धरनास्थल पर पहुंचकर दोनों ने छात्रों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को दमनात्मक रवैया छोड़कर संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना चाहिए। छात्र नेताओं का निष्कासन वापस लिया जाए तथा फीस वृद्धि जैसे जनविरोधी फैसलों को तत्काल निरस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विचार, संवाद और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति के केंद्र होते हैं। छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास शिक्षा और लोकतंत्र, दोनों के लिए घातक है।

एसिड अटैक सर्वाइवर को राहत

मुआवजा बढ़ाने और पुनर्वास नीति-2026 को मंजूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने एसिड अटैक (तेजाब हमला) पीड़ितों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनके मुआवजे में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की है। यह फैसला सोमवार को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन के माध्यम से लिया गया। सरकार ने कहा है कि एसिड अटैक केवल एक गंभीर अपराध नहीं, बल्कि पीड़ित के जीवन पर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा असर डालने वाली त्रासदी है।

इसी को ध्यान में रखते हुए एसिड अटैक सर्वाइवर की समग्र सहायता एवं पुनर्वास नीति-2026 को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत त्वरित राहत राशि, दीर्घकालिक वित्तीय सहयोग, बेहतर चिकित्सा सुविधा, पुनर्निर्माण सर्जरी, शिक्षा एवं कौशल विकास, रोजगार व स्वरोजगार के अवसर, मनोवैज्ञानिक परामर्श, कानूनी सहायता तथा सामाजिक पुनर्स्थापन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

दानवीर भामाशाह की जयंती व व्यापारी कल्याण दिवस धूमधाम से मना

इंडियन ऑयल को मिला भामाशाह पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में सोमवार को व्यापारी कल्याण दिवस उत्साह, सम्मान और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य भामाशाह के त्याग, राष्ट्रसेवा और समाजहित के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना तथा राष्ट्र प्रथम की भावना को सशक्त करना रहा। राजधानी लखनऊ के विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक नेशन फर्स्ट की भावना के साथ कार्य करेगा तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगा। उन्होंने प्रदेश में 2017 के बाद हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि माफिया तंत्र पर प्रभावी कार्रवाई से व्यापार के लिए भयमुक्त वातावरण तैयार हुआ है। साथ ही प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयासों से पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसका उदाहरण महाकुंभ में 66 करोड़ श्रद्धालुओं की सहभागिता है। इसी अवसर पर राज्य कर विभाग की ओर से आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस समारोह में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में औद्योगिक एवं व्यापारिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

इस दौरान देश की अग्रणी ऊर्जा कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को लगातार तीसरे वर्ष सबसे अधिक कर योगदान के लिए प्रतिष्ठित भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कंपनी की ओर से यह सम्मान उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-1 के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (वित्त) मोहम्मद जावेद सिद्दीकी भी उपस्थित रहे। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इंडियन ऑयल की ओर से उत्तर प्रदेश सरकार को 14,041 करोड़ रुपये का वैट और जीएसटी जमा कर राज्य के राजस्व और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। अधिकारियों ने इसे कंपनी की पारदर्शिता, कर अनुपालन और प्रदेश के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे प्रदेश में व्यापारिक समुदाय की भूमिका, राष्ट्र निर्माण में योगदान और भामाशाह के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा को सम्मानित किया गया।

भामाशाह की भूमिका निभा रहा व्यापारी समाज : संजय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय (अयोध्या रोड) में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापारियों की समाज में भूमिका और भामाशाह के आदर्शों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने भामाशाह के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारी समाज आज भी भामाशाह की भूमिका निभा रहा है, जबकि राजनीतिक नेतृत्व को महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद की मदद में दिया गया समय और सहयोग आज के युग का सबसे बड़ा दान है। उन्होंने यह भी कहा कि देश और समाज के कल्याण के लिए किया गया व्यय ही सर्वोत्तम धन है। समाजहित को निजी हितों से ऊपर रखना ही भामाशाह के जीवन का संदेश है।

केजीएमयू : परीक्षा में बदलाव

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के 22वें दीक्षांत समारोह के आयोजन को देखते हुए एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष (रेगुलर) परीक्षा-2026 की एक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनूप कुमार वर्मा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, क्लीनिकल स्पेशियलिटी-1 विषय की परीक्षा अब निर्धारित तिथि की बजाय अगले दिन आयोजित होगी। पहले यह परीक्षा 13 जुलाई को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होनी थी लेकिन उसी दिन विश्वविद्यालय का 22वां दीक्षांत समारोह प्रस्तावित होने के कारण परीक्षा को 14 जुलाई के लिए पुनर्निर्धारित कर दिया गया है। परीक्षा का समय पूर्ववत सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे रहेगा।

भाषा विश्वविद्यालय में प्रो. फखरे आलम एवं प्रो. तनवीर खादिजा का विदाई समारोह

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में वरिष्ठ शिक्षकों प्रो. फखरे आलम एवं प्रो. तनवीर खादिजा के सेवानीवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। समारोह को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि प्रो. फखरे आलम एवं प्रो. तनवीर खादिजा ने अपने ज्ञान, अनुभव और समर्पण से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गरिमा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। कुलसचिव श्री विकास ने अपने संबोधन में दोनों सेवानीवृत्त शिक्षकों की कार्यनिष्ठा, अनुशासन एवं संस्थान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. अताउर रहमान ने भी अपने वक्तव्य में दोनों शिक्षकों के साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया। प्रो. फखरे आलम एवं प्रो. तनवीर खादिजा को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया।

डा. सूर्यकांत कमेटी के अध्यक्ष बने

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नॉन कम्युनिकेबल डिजीजिस (एनसीडी) प्रभाग द्वारा राष्ट्रीय सीओपीडी रोकथाम एवं प्रबंधन गाइडलाइन तैयार करने के लिए गठित तकनीकी विशेषज्ञ समूह (टीईजी) का सदस्य नामित किया गया है। यह विशेषज्ञ समूह सीओपीडी की रोकथाम, समय पर पहचान, उपचार और प्रभावी प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक दिशा-निर्देश तैयार करेगा। डॉ. सूर्यकान्त ने बताया कि भारत में लगभग छह करोड़ लोग सीओपीडी से पीड़ित हैं और हर वर्ष करीब पांच लाख लोगों की इससे मृत्यु होती है।

केजीएमयू में एक प्रोफेसर की मुश्किलें बढ़ीं

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में नियमों के उल्लंघन और निजी प्रैक्टिस के आरोपों को लेकर एक प्रोफेसर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। फिजियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर पर प्राइवेट प्रैक्टिस के गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायत के बाद केजीएमयू प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। कमेटी की बैठक 30 जून को कुलपति कार्यालय में होगी। बैठक में आरोपी प्रोफेसर को अपना पक्ष रखना होगा। राजभवन में भी मामला पहुंचा। यहां राजभवन में स्पेशल ड्यूटी पंकज एल जानी ने भी मामले की गंभीरता से जांच कराने के आदेश दिए। केजीएमयू की ओर से जारी नोटिस की गई। जिसमें फिजियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर के खिलाफ निजी प्रैक्टिस और अन्य गतिविधियों में शामिल होने की शिकायत की गई थी।

25 प्रतिशत भुगतान पर आवंटियों को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास का कब्जा

बसंतकुंज योजना के सेक्टर-आई एवं एन और शारदा नगर विस्तार योजना के आवंटियों को मिलेगा लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को एलडीए महज 25 प्रतिशत भुगतान पर भवन का कब्जा प्रदान करेगा। इसके लिए प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में 30 जून से 02 जुलाई, 2026 तक विशेष कैम्प लगाया जा रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इससे आवंटी किरायेदारी के चक्कर से मुक्त होकर अपने स्वयं के आवास में परिवार के साथ निवास कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भवन के मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने पर भवन का भौतिक कब्जा प्रदान किये जाने के सम्बंध में प्राधिकरण बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है। आवंटियों को इस योजना का लाभ देने के उद्देश्य से दिनांक-30 जून से 02 जुलाई, 2026 तक प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें योजना से सम्बंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि बसंतकुंज योजना के सेक्टर-आई एवं एन और शारदा नगर विस्तार योजना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास के सभी आवंटियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भवन की कुल धनराशि 4,79,550 रुपये देनी होती है। इसकी 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने पर आवंटी के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करके भवन का भौतिक कब्जा प्रदान कर दिया जाएगा। इसमें आवंटी को जीएसटी, अनुरक्षण शुल्क, कॉर्पस फंड समेत अन्य शुल्क भी देने होंगे। जबकि, शेष धनराशि का भुगतान 07 वर्ष की 84 आसान किश्तों में करना होगा। जिसके अंतर्गत प्रतिमाह लगभग 5,428 रुपये की किश्त आएगी।

ब्लैक स्पॉट जल्द सुधारें, ओवरलोड वाहनों पर चलायें अभियान: मंडलायुक्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जिन ब्लैक स्पॉटों की पहचान की जा चुकी है, उनका गुणवत्तापूर्ण सुधार जल्द पूरा कराया जाए और कार्य पूर्ण होने के बाद उसका भौतिक सत्यापन भी कराया जाए। उन्होंने टोल प्लाजा पर स्थापित वे-इन-मोशन प्रणाली से प्राप्त ओवरलोड वाहनों की सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उनका कहना था कि ओवरलोडिंग सड़क हादसों का बड़ा कारण है, इसलिए ऐसे वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन अभियान चलाया जाए।

मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सोमवार को मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्य तय समय सीमा में पूरे किए जाएं और विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। बैठक में वर्ष 2026 के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं, दुर्घटना जांच, हिट एंड रन योजना, गुड सेमेरिटन योजना और कैशलेस उपचार योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि तीन या उससे अधिक लोगों की मौत वाली प्रत्येक सड़क दुर्घटना की जांच निर्धारित समय में रिपोर्ट संबंधित समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाए। साथ ही दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों का विश्लेषण कर उन्होंने कहा कि स्कूल वाहनों की फिटनेस, परमिट और अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की जाए तथा नियमों का उल्लंघन मिलने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में सड़क सुरक्षा के जनजागरूकता अभियान तेज करने और यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। बैठक में एडीएम, एसीपी यातायात, परिवहन, पुलिस, लोनिवि, एनएचएआई, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

शिशु की मौत पर लापरवाही का आरोप

लखनऊ। हजरतगंज स्थित वीरांगना झलकारीबाई अस्पताल में नवजात शिशु की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। परिवार ने पुलिस से मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिशु की बिगड़ती हालत के बावजूद डॉक्टरों ने सही जानकारी नहीं दी और उपचार में कोताही बरती। आलमबाग नहर किनारा स्थित महावीरपुरी निवासी गर्भवती शुभांगी को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने शुभांगी को 26 मई को झलकारीबाई अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने प्रसव कराया। जन्म के बाद नवजात शिशु की हालत सामान्य बताई गई, लेकिन कुछ समय बाद डॉक्टरों ने बच्चे को निगरानी में रखने की बात कही। पति धीरज वर्मा ने बताया कि इलाज के दौरान शिशु की स्थिति लगातार बिगड़ती रही, लेकिन परिवारीजनों को सही जानकारी नहीं दी गई। शिशु को सांस लेने में तकलीफ बढ़ती जा रही थी। प्रसूता ने डॉक्टरों को शिशु की बिगड़ती हालत के बारे में बताया लेकिन सभी ने शिशु को दूध पिलाने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि 28 मई को डॉक्टरों ने शिशु को मृत घोषित कर दिया।

नर्सिंग स्टाफ की कमी बनी बड़ी समस्या

लखनऊ। प्रदेश के सरकारी अस्पताल व मेडिकल कॉलेजों में मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच नर्सिंग स्टाफ की कमी गंभीर संकट बनती जा रही है। हालात यह हैं कि कई अस्पतालों में एक नर्स को एक शिफ्ट में करीब 40 बेड संभालने पड़ रहे हैं, जबकि इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड (आईपीएचएस) के अनुसार छह बेड पर एक नर्स की तैनाती होनी चाहिए। यह बातें राजकीय नर्सेस संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने सोमवार को बलरामपुर अस्पताल स्थित संघ कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि नर्सिंग अधिकारियों के पदों पर भी बड़ी कमी है। करीब 11 हजार स्वीकृत पदों में लगभग छह हजार पद खाली पड़े हैं। वरिष्ठ पदों पर भी लंबे समय से नियुक्तियां नहीं हुई हैं। तीनों नर्सिंग अधीक्षक और मुख्य नर्सिंग अधिकारी का पद वर्ष 2010 से खाली है। संघ की कोषाध्यक्ष गीतान्शु वर्मा ने बताया कि वर्ष 2021-22 में करीब 400 नियमित नर्सों की भर्ती हुई थी। उन्होंने कहा कि गृह जनपद में नर्सों की तैनाती दी जाए, केजीएमयू, पीजीआई व लोहिया के भांति सरकारी अस्पताल की नर्सों को भी भत्ते प्रदान किए जाएं और नर्सिंग काउंसिल में रजिस्ट्रार की तैनाती की जाए जैसी प्रमुख मांगों में शामिल हैं।

घर के ऊपर से बिजली का तार तो जिम्मेदार कौन?

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिजली से होने वाली घटना का पहला जिम्मेदार कौन है। विद्युत सुरक्षा निदेशालय आखिर क्यो बनाया गया है। एक किलोवाट के कनेक्शन पर जब निदेशालय का प्रमाण पत्र चाहिए तो फिर 25 वर्ष पहले लगे जर्जर 11 केवी तार को लगे रहने के लिए प्रमाण पत्र कौन देता है। यह सब सवालो का जबाब भी बिजली विभाग के अफसरो को देना चाहिए। संविदाकर्मियों के नेता देवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि बीते तीन माह में 17 बिजली संविदा कर्मियों कि मौत हो चुकी है। लेकिन पावर कार्पोरेशन का प्रबंधन सुनना नही चाहता है।

उन्होंने बताया कि गर्मी बढ़ने से जर्जर तार कभी भी टूट कर गिर जाते है। तार गिरने से सड़क या घर के अन्दर रहने वाले जानवर और मनुष्य की मौत हो जाती है। मौत के बाद कनेक्शन के जेई और एसडीओ रिपोर्ट भेजकर विद्युत सुरक्षा निदेशालय को भेजते है और निदेशालय जांचकर आवेदक को मुआवजा देता है। अभी हालहि में कई बड़ी पुरानी बिल्डिंगो में आग लगी जिसमें कई जगह देखने को मिला की विद्युत सुरक्षा निदेशाल से एनोसी नही लिया गया है। ऐसे में जांच किया जाय तो कई सौ कामर्शियल बिल्डिंगों में अभी एनोसी नही लिया गया है। विद्युत सुरक्षा निदेशालय के अधिकारियों का कहना है कि कनेक्शन लेते समय एनोसी की जांच किया जाता है। वर्षो पुराने बिल्डिंग में एनोसी खोजना थोड़ा परेशानी होती है।

ऐसा करे

- एचटी लाईन बिजली के तार से दो मीटर दूर छज्जा बनाये
- एसटी लाईन पर किसी ट्टी तरह का पाईप न लगाये
- तार ढिला हो तो तत्काल पावर हाऊस को सूचना दे
- बरसात में बिजली के पाल और तार से दूर रहे

गर्मी में बिजली के तार से रहे दूर

- जर्जर तार के नीचे न हो खड़ा
- तार में चिंनगारी निकल रहा हो तो तत्काल सूचना दे
- खंम्भे के तार पर किसी प्रकार का बैनर पोस्टर लटका हो तो तत्काल दूर खड़े हो
- जमीन पर 11 केवी तार पड़ा हो तो उससे दूर रहे
- खुले तार पर किसी प्रकार का ईट और पत्थर न फेके

लखनऊ एयरपोर्ट बना भारत का पहला ईट राइट कैंपस

लखनऊ। अब लखनऊ एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों को केवल बेहतर यात्रा अनुभव ही नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन का भी भरोसा मिलेगा। इसी प्रतिबद्धता के साथ लखनऊ एयरपोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई) से ईट राइट कैंपस प्रमाणन प्राप्त करने वाला भारत का पहला एयरपोर्ट बनने का गौरव हासिल किया है।

एफ.एस.एस.ए.आई ने यह प्रमाणन 24 मार्च 2026 से 23 मार्च 2028 तक दो वर्षों के लिए प्रदान किया है। खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों के उत्कृष्ट अनुपालन के लिए एयरपोर्ट को 3-स्टार रेटिंग भी दी गई है। यह प्रमाणपत्र अपर जिलाधिकारी, लखनऊ (पूर्वी) महेंद्र पाल सिंह द्वारा प्रदान किया गया। यह उपलब्धि यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खानपान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुफ्त 'ओ' लेवल-सीसीसी प्रशिक्षण के आवेदन शुरू

लखनऊ। प्रदेश सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त और रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से 'ओ' लेवल एवं 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित कर रही है। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण एक अगस्त से शुरू होगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत ओबीसी वर्ग के पात्र युवक-युवतियों को भारत सरकार की नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थानों में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

ऑनलाइन रजिस्ट्री संबंधी शासनादेश रद

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने अधिवक्ताओं और डीड राइटरों के विरोध के बाद विकास प्राधिकरणों एवं आवास विकास परिषद में ऑनलाइन रजिस्ट्री से संबंधित 4 जून को जारी शासनादेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि स्टांप विभाग की ओर से रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से ई-पंजीकरण मॉड्यूल लागू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसके तहत सरकारी संस्थाओं द्वारा बेची जाने वाली संपत्तियों के प्रथम निबंधन की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से पूर्ण करने की व्यवस्था प्रस्तावित थी।

प्रदेश में तेजी से हो रहा आर्द्रभूमियों का संरक्षण

लखनऊ। प्रदेश सरकार राज्य की आर्द्रभूमियों (वेटलैंड) के संरक्षण और विकास पर लगातार काम कर रही है। वेटलैंड (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत प्रदेशभर में आर्द्रभूमियों की पहचान, सीमांकन और अधिसूचना की प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। मुख्य सचिव के समक्ष हुए प्रस्तुतीकरण के अनुसार, प्रदेश के 75 जिलों में से 26 जिलों की 101 आर्द्रभूमियों को अब तक अधिसूचित किया जा चुका है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

विकास नगर के जूता शोरूम में फटा एसी का कंप्रेसर, लगी भीषण आग

- पुलिस ने खाली कराये आसपास के घर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विकासनगर थाना क्षेत्र में एयरकंडीशनर (एसी) का कंप्रेसर फटने से दो मंजिला जूता शोरूम और गोदाम में भीषण आग लग गई। पुलिस ने एहतियातन आसपास के 50 घर खाली कराए। दमकल की 10 गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे में आग बुझाई। घटना में लगभग 40 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है।

गुडंबा कुर्सी रोड स्थित महावीर इंटर कॉलेज के सामने सोमवार दोपहर जूतों के दो मंजिला जूते के शोरूम और गोदाम में एसी का कंप्रेसर फटने से आग लग गई। घटना से हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर पुलिस ने आसपास के करीब 50 घर और अन्य प्रतिष्ठानों को खाली करा लिया। दमकलकर्मियों ने दस दमकलें से आग पर काबू पाया। हुसैनाबाद निवासी मो. समीर और मो. हसीन का महावीर इंटर कॉलेज के सामने मिस्टर फंकी शूज नाम से जूतों का शोरूम है। भवन के भूतल और प्रथम तल पर शोरूम व दूसरे तल पर गोदाम बना है। समीर के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे शोरूम खोला गया था। करीब 11:45 बजे शोरूम के पहले तल पर एसी के कंप्रेसर में अचानक फट गया। कर्मचारियों ने दमकल को सूचना देने के साथ आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन कुछ ही मिनटों में लपटें पूरे प्रथम तल और गोदाम तक फैल गईं।

महावीर इंटर कॉलेज के कर्मचारियों ने शोरूम से धुआं और आग की लपटें उठती देख तत्काल प्रधानाचार्य को सूचना दी। कॉलेज में लगे सबमर्सिबल को चालू कर दो पाइपों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। बिजली कट जाने पर जनरेटर चलाकर पानी की व्यवस्था की गई। कर्मचारियों की सूझबूझ के चलते आग भूतल तक नहीं पहुंच सकी और वहां स्थित शोरूम को काफी हद तक बचा लिया गया। कुछ ही देर में एफएसओ इंदिरानगर पशुपति नाथ मिश्रा तीन दमकलों के साथ मौके पर पहुंचे। फायर स्टेशन बख्शी का तालाब और हजरतगंज से भी सात दमकलें बुलाईं। दमकलकर्मी दो हिस्सों में बंट गए। एक टीम सामने से आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगी, जबकि दूसरी टीम से बनी गोदाम की छत और दीवारें हथौड़ों से तोड़ने लगे। कुछ देर बाद टीन टूटने पर टीम ने उपर से भी आग बुझाना शुरू कर दी। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

कोल्ड स्टोरेज में 36 घंटे बाद भी रह-रह धधक रही आग

लखनऊ। चिनहट क्षेत्र स्थित हिमालय कोल्ड स्टोरेज में लगी भीषण आग पर 36 घंटे बाद भी पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। अग्निशमन विभाग की टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। अधिकारियों का अनुमान है कि आग को पूरी तरह बुझाने में अभी एक से दो दिन और लग सकते हैं। आग रह-रहकर धंधक रही है। फायर विभाग के अनुसार अब तक 14 दमकल की मदद से करीब 400 से अधिक पानी के टैंकर मौके पर डाले जा चुके हैं। आग बुझाने के लिए इंदिरा डैम, ओमेगा अपार्टमेंट, बीबीडी, टाइम्स ऑफ इंडिया परिसर और टोयोटा समेत विभिन्न स्थानों से पानी की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज के भीतर रखी मिर्च के कारण तीखी धांस से दमकलकर्मियों को अंदर जाने में दिक्कत हो रही है। इसी वजह से आग बुझाने का अभियान अपेक्षा से अधिक समय ले रहा है। फिलहाल दमकल विभाग बाहरी हिस्से से लगातार पानी की बौछार कर आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास कर रहा है। मौके पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और स्थिति पर लगातार निगरानी की जा रही है।

पेंटहाउस में लगी आग, पार्टी करने आये युवक शराब की बोतलें लेकर भागे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र के नंदी विहार स्थित एक्यूएस हाइट अपार्टमेंट के पेंटहाउस में सोमवार सुबह करीब 8 बजे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे पेंटहाउस का कमरा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल और पुलिस ने आग पर काबू पाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय पेंटहाउस में कुछ युवक पार्टी कर रहे थे। आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवक कमरे से शराब की बोतलें और अन्य सामान लेकर मौके से भाग निकले।

किराये पर देकर पार्टियां कराई जाती हैं: स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस बिल्डिंग में आग लगी, वह रेजिडेंशियल है, लेकिन उसका इस्तेमाल कॉमर्शियल गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। आरोप है कि पेंटहाउस और कमरों को किराये पर देकर पार्टियां कराई जाती हैं।

पेंटहाउस तौकीर अहमद नाम के व्यक्ति का है। आसपास के लोगों का आरोप है कि बिल्डिंग में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसकी शिकायत कई बार पुलिस और एलडीए से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। आग से हुए नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है। संकरी गली में फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने में दिक्कत हुई। दूर से ही पानी अंदर तक भेजना पड़ा।

20 फीट रोड पर ऐसा करने की परमिशन किसने दी : रामचंद्र गुप्ता ने कहा कि इनको 20 फीट रोड पर बस्ती के बीच में परमिशन किसने दी, यहां 16 फ्लैट हैं। सबसे ऊपर खुले में एक बरामदा टाइप बनवा रखा है। वहां हुक्का बार चलता है। मैं कभी ऊपर तक नहीं गया, लेकिन यह ऐसा ही बना है। मैंने नगर निगम, आवास विकास परिषद आदि हर जगह इसकी शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां रात में होने वाली हुड़दंग के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की। कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन पोर्टल पर निस्तारित दिखा दिया जाता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में खाताधारकों ने किया हंगामा

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र में मोहान रोड स्थित शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में सोमवार को खाताधारकों ने फिर से हंगामा कर दिया। एफडी के नाम पर किए गए फजीर्वाड़े के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब ढाई घंटे तक बैंक का शटर गिराकर प्रदर्शन किया।

सूचना

मेरी पुत्री मोनिका पाल का यूपी बोर्ड इलाहाबाद की हाई स्कूल परीक्षा वर्ष-2024 अनुक्रमांक 1240915962 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। वेदराम पुत्र तौलेराम पाल निवासी- ग्राम पलिया खुर्द, तहसील पलिया, जिला लखीमपुर (खीरी)।

सूचना

सूचित हो कि मैं विकास सैनी उर्फ विकास कुमर सैनी पुत्र स्व. ओम प्रकाश सैनी मेरा भवन संख्या ई-3/294, ई.डब्लू.एस, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ का मूल आवंटन पत्र कहीं खो गया है। किसी अन्य के द्वारा किया गया प्रयोग अवैध माना जायेगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुश्तैनी सम्पत्ति (राज नारयन निवासी-29/9, राना प्रताप मार्ग 1930) के दस्तावेज एवं साझेदारी का अनुबन्ध पत्र (श्रीमती राजकुमारी प्रसाद और निर्माणकर्ता उमा शंकर हलवसिया 1988) कहीं खो गये हैं। सुशील शंकर पुत्र दया शंकर भगनागर नि.-म.नं.-C-1149 सी-ब्लॉक, इंदिरा नगर, लखनऊ।

सूचना

सूचित हो कि मैं राहुल वार्ष्णेय पुत्र श्री दिनेश चंद्र वार्ष्णेय निवासी सी-28, सेक्टर-एन अलीगंज, लखनऊ मेरे भूखंड संख्या 3/194-एल विकल्प खण्ड-3, गोमती नगर, लखनऊ का मूल आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कहीं खो गये हैं। किसी अन्य के द्वारा किया गया प्रयोग अवैध माना जायेगा।

सूचना

मैं ओंकार नाथ पुत्र राम कुमार निवासी कटरा बाजार श्रावस्ती जो कि शपथ पूर्वक कहता हूं कि मेरे पिता राम कुमार माता मालती देवी उर्फ रमवासा बड़े भाई रविन्द्र कुमार वा पत्नी आरती देवी छोटे भाई लवकुश व पत्नी आरती देवी और पुरुषोत्तम पत्नी अनीता देवी और आनन्द कुमार पुत्र रविन्द्र कुमार मेरे सभी परिवार के लोग किसी से उधार पैसा लेते हैं या कोई अप्रिय घटना करते हैं तो उसमें वह स्वयं जिम्मेदार होंगे ओंकार नाथ से किसी परिवार का कोई संबंध नहीं है ओंकार नाथ जिम्मेदार नहीं होंगे।

भाई की मौत से आहत बहन ने किया सुसाइड, फंदे से लटका मिला शव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में सोमवार को युवती ने अपने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह दुखद घटना उसके भाई की सड़क हादसे में मौत के कुछ ही दिनों बाद हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार रागिनी (19) पुत्री शिवमंगल निवासी ग्राम मंडोली ने घर के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल पर चढ़कर छत के कुंडे में दुपट्टे का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने देखा और उसे फंदे से लटका पाया।

बताया जा रहा है कि 21 जून को रागिनी के भाई हिमालय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। परिवार इस घटना से पहले ही गहरे सदमे में था। अब रागिनी की मौत से परिवार को दूसरा आघात लगा है। परिवार में पिता शिवमंगल, भाई हिमांशु और बहन हिमांशी शामिल हैं। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि सभी पहलुओं की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा सके।

बीमारी से तंग आकर युवक ने फांसी लगाई: हुसैनगंज में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। घरवालों का कहना है कि वह करीब दो साल से मानसिक रूप से बीमार था, उसका इलाज चल रहा था। पुलिस के मुताबिक हुसैनगंज स्थित सुदामा पुरी के रहने वाले दीपक कुमार (35) केबिल टीवी का काम करते थे। वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। इसे लेकर वह मानसिक रूप से बीमार हो गए। वह घर पर ही रहते थे। उनका नूर मंजिल से इलाज चल रहा था। परिवार में पत्नी निशा दूसरे के घरों में घरेलू काम करती है। उनके एक बेटा एक बेटी है। भाई कुलदीप ने बताया कि रविवार शाम उनके भाई दीपक की पत्नी निशा दूसरे के घरों में काम करने गई थी। वहीं दोनों बच्चे बाहर खेल रहे थे दीपक कमरे में अकेले थे। ड्यूटी से लौटकर भाई कुलदीप कमरे में गया तो अपने भाई को दुपट्टे पंखे के सहारे लटकता देख फौरन फंदे से उतारकर इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर और रहते हैं उसे मृत घोषित कर दिया।

प्लाई फैक्ट्री में संदिग्ध हालत में युवक की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र स्थित एक प्लाई फैक्ट्री में सोमवार को एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। युवक का शव फैक्ट्री परिसर में मिलने से कर्मचारियों में हलचल मच गई। सूचना मिलने पर पारा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान दीपू पाल 35 पुत्र राजेश, निवासी विश्वेश्वर खेड़ा दोना, थाना काकोरी के रूप में हुई है। युवक फैक्ट्री के अंदर अचेत अवस्था में मिला था। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पुलिस ने फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों से पूछताछ की है। फैक्ट्री परिसर की परिस्थितियों और अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच की जा रही है। फिलहाल, युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

परिजनों ने लगाया आरोप मृतक के परिजनों का आरोप है कि मौत करंट लगने से हुई है। फैक्ट्री मालिक के द्वारा काफी समय बीत जाने के बाद सूचना दी गई। मृतक अपने पीछे पत्नी सीता समेत दो बेटे अनुभव पाल व आरुष पाल को छोड़ गया है। पारा पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत के कारणों के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से किसान की मौत

लखनऊ। महिगवां में तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे किसान को टक्कर मारी, इसके बाद किसान कार के पिछले बम्फर में फंस गया और करीब चार किलोमीटर तक घिसटता चला गया। पुलिस कर्मियों ने यह नजारा देखा तो तेज रफ्तार कार का पीछा किया। कार में तीन लोग सवार थे, पुलिस ने उन्हें रोक कर बम्फर में फंसे किसान को अलग किया। घायल को अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में लेते हुए कार कब्जे में ले ली है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक नशे में थे। महिगवां पुलिस के मुताबिक, मिश्रीपुर धामामऊ निवासी नंदलाल गौतम (48) किसान थे। भतीजे अरुण ने बताया कि उनके फूफा नंदलाल रविवार शाम घर से थोड़ी दूर आटा मिल तक किसी काम से पैदल गए थे। रात में वह घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश की गई। सोमवार सुबह वे लोग महिगवां थाने गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें बताया कि विवार रात इलाके में एक कार चालक ने अधेड़ को टक्कर मार दी। जिसमें उनकी मौत हो गई। घरवालों ने उनकी शिनाख्त नंदलाल के रुप में की। पुलिस ने बताया कि रविवार रात पहाड़पुर पुलिस चौकी के पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने मिश्रीपुर की ओर से एक तेज रफ्तार कर आती दिखाई दी। बम्फर में फंसा एक शख्स सड़क पर घिसटता जा रहा था और चिल्ला रहा था। यह देखकर पुलिस कर्मियों ने बाइक से कार का पीछा किया। करीब तीन किलोमीटर बाद पुलिस कर्मियों ने पीछा करके कार को उनई गांव के मोड़ पर रोका। चालक कार से उतरकर भागने लगा तो पुलिस कर्मियों ने उसे दबोच लिया। इसके बाद जख्मी शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिसकर्मियों ने बताया कि सड़क पर घिसटने के कारण नंदलाल का शरीर पूरी तरह से उधड़ चुका था। उनका दाहिना हाथ शरीर से अलग हो चुका था। आनन-फानन उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार में पत्नी रीता, बेटा लवकुश और बेटी संध्या है। वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपी इंदारा के मजरा खजुरी गांव में सुरेश यादव के यहां परिवारिक कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे थे। कार शिव सिंह चला रहा था।

अलमारी से कीमती जेवरात व नकदी चोरी

लखनऊ। कृष्णानगर इलाके मे चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड अलमारी के लाकर से कीमती जेवरात व नकदी पार कर दिया। चोरी की जानकारी होने पर पीडिता ने रविवार को पुलिस से शिकायत की है। कृष्णा नगर के शुभम सिटी निवासी काजल थरड पत्नी चंचल कुमार थरड ने बताया वह अपने परिवार के साथ शादी में शामिल होनें राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र गई थी।

NOTICE

I Sanjeev Dwivedi S/o Durga Prasad Dwivedi And Maya Dwivedi W/o Durga Prasad Dwivedi R/o 95/19, Arya Samaj Mandir Road, Ganesh Ganj, Lucknow, Uttar Pradesh-226018 Lost Agreement Dated 10 June 2026 & Addendum To Agreement Dated 26 March 2026 Against Customer Id : ZLBS/445 Respectively Issued By Omaxe Limited Is Misplaced Somewhere Any Person Who Finds It Please Return It To Omaxe Ltd At – Omaxe Ltd Cyber Tower 2nd Floor TC-34/V2,vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow Or Call No 9935092305

NOTICE

I Sanjeev Dwivedi S/o Durga Prasad Dwivedi And Durga Prasad Dwivedi S/o Chandrika Prasad Dwivedi R/o 95/19, Arya Samaj Mandir Road, Ganesh Ganj, Lucknow, Uttar Pradesh-226018 Lost Agreement Dated & Addendum To Agreement Dated 26 March 2026 Against Customer Id : ZLBS/446 Respectively Issued By Omaxe Limited Is Misplaced Somewhere Any Person Who Finds It Please Return It To Omaxe Ltd At – Omaxe Ltd Cyber Tower 2nd Floor TC-34/V2, Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow Or Call No 9935092305

करोड़ों की साइबर ठगी के चार आरोपित गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में साइबर ठगी के एक संगठित नेटवर्क का खुलासा करते हुए सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस और साइबर सेल की संय टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 79 चेकबुक, 77 एटीएम कार्ड, 29 सिम कार्ड, 15 एंड्रॉयड मोबाइल, 14 कीपैड मोबाइल, तीन लैपटॉप, छह पीओएस मशीनें और विभिन्न कंपनियों के दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह फर्जी कंपनियां बनाकर उनके नाम पर करंट बैंक खाते खुलवाता था और उन्हीं खातों के जरिए साइबर ठगी की करोड़ों रुपये की रकम का लेनदेन करता था।

पुलिस को 28 जून को सूचना मिली थी कि आवास विकास योजना स्थित लाइट हाउस के एक फ्लैट में कुछ लोग साइबर फ्रॉड का नेटवर्क संचालित कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट में छापा मारा तो चार युवक लैपटॉप और मोबाइल के जरिए संदिग्ध बैंकिंग ट्रांजैक्शन करते मिले। पूछताछ के बाद सत्येंद्र सविता निवासी उन्नाव तथा बिहार के पूर्वी चंपारण निवासी निप्पु कुमार, मनीष कुमार और सन्नी कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। लोगों के नाम पर खुलवाते थे खाते, फर्जी फर्म भी कराते थे। रजिस्टर पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने साथियों के कहने पर भोले-भाले लोगों को बहला-फुसलाकर उनके नाम पर करंट बैंक खाते खुलवाते थे। फर्जी कार्यालय का पता दिखाकर कंपनियां और फर्म भी रजिस्टर कराई जाती थीं। इसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य साइबर ठगी की रकम इन खातों में ट्रांसफर करते थे। आरोपी खातों का संचालन करने, एटीएम कार्ड, चेकबुक और ओटीपी उपलब्ध कराने के बदले कमीशन लेते थे।

कॉर्पोरेट खातों का इस्तेमाल कर छिपाते थे ठगी की रकम: पुलिस के अनुसार गिरोह ने साइबर ठगी के लिए कॉर्पोरेट बैंक खातों का इस्तेमाल करने का तरीका अपनाया था। इसके लिए पहले लोगों के केवाईसी दस्तावेज जुटाए जाते, फिर उनके नाम पर शेल कंपनियां बनाकर करंट खाते खुलवाए जाते थे। खातों के संचालन के लिए मोबाइल फोन, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड, चेकबुक और पीओएस मशीनों का इस्तेमाल किया जाता था। साइबर ठगी से प्राप्त रकम पहले इन खातों में जमा कराई जाती और बाद में कई चरणों में दूसरे खातों या अन्य माध्यमों से आगे भेजकर उसका स्रोत छिपा दिया जाता था।

देशभर में 718 शिकायतों से जुड़े तार: पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों से जुड़े बैंक खातों के खिलाफ विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर 718 शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस अब इन शिकायतों और गिरोह के अन्य सदस्यों की भूमिका की जांच कर रही है। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार साथियों पुलिस तलाश कर रही है।

10 साल की बच्ची से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। मोहनलालगंज में वसीम नामक व्यक्ति ने बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने पर जब परिवार वाले पहुंचे, तो आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मोहनलालगंज इलाके में चॉकलेट दिलाने के बहाने वसीम (42) रविवार देर शाम पड़ोस में रहने वाली 10 वर्षीय बच्ची को अपने घर ले गया, वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर बच्ची को धमकी दी और दुष्कर्म किया। बच्ची की खोजबीन कर रहे परिवारीजनों ने रोना सुना तो वसीम के घर पहुंचे। वसीम उन्हें धक्का देकर भाग निकला।

फायरिंग के आरोपी वीडियो बनाते थाने में घुसे, किया सरेंडर

लखनऊ। गोमतीनगर इलाके के एक रेस्टोरेंट पर बीते रविवार रात दबंगो ने मारपीट और चाकूबाजी कर गोलियां चला दी। इससे गोली रसोइया की पीठ में धंस गई। उसे लोगों ने अस्पताल पहुंचाया था। घटना गोमतीनगर में पत्रकारपुरम चौकी के पास स्थित मनीष ईटिंग पॉइंट रेस्टोरेंट की है। सोमवार को इस मामले के दो आरोपियों ने वीडियो बनवाते हुए गोमतीनगर थाने में सरेंडर कर दिया। रेस्टोरेंट पर विनयखंड के रहने वाले अंकित राठौर अपने साथी राममोहन दीक्षित के साथ मौजूद थे। इसी दौरान विनम्रखंड के प्रणव शुक्ला, अभय प्रताप सिंह, विष्णु स्वरूप द्विवेदी और उनके 6-7 साथी वहां पहुंचे। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। पुलिस को देख अधिकांश आरोपी फरार हो गए, जबकि प्रणव शुक्ला को मौके से हिरासत में ले लिया गया। मारपीट में प्रणव शुक्ला और पहले पक्ष का राममोहन दीक्षित घायल हो गया। पुलिस पहली बार हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई कर ही रही थी कि इसी दौरान दूसरे पक्ष का अभय प्रताप सिंह अपने साथियों के साथ दोबारा मौके पर पहुंचा। चलती बाइक से फायरिंग कर दी। एक गोली रेस्टोरेंट में काम कर रहे बाराबंकी के रसोइया अखिलेश की पीठ में धंस गई। घटना से गुस्साए लोगों के प्रदर्शन को बड़ा होते देख विभूतिखंड, गोमतीनगर विस्तार, गाजीपुर, बीबीडी समेत सात थानों की पुलिस मौके पर बुलानी पड़ी। सोमवार को वकीलों के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों ने सरेंडर किया। गोली चलाने वाले मुख्य आरोपी अभय सिंह और विष्णु सिंह ने सोमवार दोपहर थाने पहुंचकर सरेंडर किया। दोनों वीडियो बनवाते हुए थाने में सरेंडर करने पहुंचे। उनके पीछे से वकील और सहयोगी मौजूद रहे। वीडियो बनाते हुए उन्हें सीधे एसएचओ के कमरे में लेकर चले गए। पुलिस के अनुसार, गोली कांड के मामले में दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। एक विनय खंड गोमतीनगर निवासी अंकित सिंह ने दर्ज कराया है। दूसरा मनीष इटिंग प्वांइट के मालिक मनीष गौर ने दर्ज कराया है। गोमतीनगर इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि प्रणव शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सरेंडर करने वाले आरोपियों से पूछताछ चल रही है।

कैलाश पर्वत से आदिनाथ भगवान का हुआ मोक्ष गमन

- काकोरी जैन मंदिर में पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य समापन
- 21 फीट ऊंची आदिनाथ भगवान की विशाल प्रतिमा का हुआ भव्य महामस्तकाभिषेक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। काकोरी स्थित जैन मंदिर में चल रहे भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन सोमवार को 'मोक्ष कल्याणक' के पावन आयोजन के साथ समापन हुआ।

महोत्सव के अंतिम दिन भगवान आदिनाथ के मोक्ष गमन के साक्षी बनने के लिए लखनऊ ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से भारी संख्या में जैन श्रद्धालु काकोरी पहुँचे। पूरा परिसर 'आदिनाथ भगवान की जय' और 'गुरुवर के जयकारों' से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6:00 बजे भक्तिभाव के साथ हुई। सबसे पहले भगवान का भव्य अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन और केवल ज्ञान पूजन किया गया। इसके बाद परम पूज्य आचार्य श्री के ससंघ सानिध्य में एक विशाल और आकर्षक कैलाश पर्वत की रचना की गई, जहाँ से आदि प्रभु (भगवान आदिनाथ) का मोक्ष गमन की क्रियाएं संपन्न कराई गईं। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से मोक्ष कल्याणक पूजन किया और विश्व शांति महायज्ञ में आहुतियां देकर पूणार्हुति (विसर्जन विधि) संपन्न की। इस पावन अवसर पर उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ने अपने दिव्य प्रवचनों में मोक्ष कल्याणक के महत्व को समझाया। इसके पश्चात भगवान श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वेदी में श्रीजी को विराजमान करने के साथ ही मंत्रोच्चार के बीच कलशारोहण और ध्वजारोहण की रस्में पूरी की गईं।

21 फीट ऊंची प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक: महोत्सव का मुख्य आकर्षण नवनिर्मित 21 फीट ऊंची आदिनाथ भगवान की विशाल प्रतिमा का प्रथम महामस्तकाभिषेक रहा। श्रावक एवं श्राविकाओं ने अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान का पंचामृत मस्तकाभिषेक किया। इसके साथ ही भगवान की इस नई और भव्य प्रतिमा के दर्शन का क्रम भी शुरू हो गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस ऐतिहासिक और भव्य आयोजन को सफल बनाने में जैन समाज के प्रमुख पदाधिकारियों और प्रबुद्ध जनों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से संजीव जैन, संदीप जैन, आदीश जैन सर्राफ, विकास जैन, रीतेश जैन (पुस्तक वाटिका), विशाल जैन, अभिषेक जैन, नितिन जैन, ऋषभ जैन, रोहित जैन, अखिलेश जैन, रिंकू जैन एवं रितेश जैन सहित भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

आइसक्रीम पार्लर संचालक की हत्या में एक नहीं कई और शामिल

लखनऊ। इटौंजा में मड़ियांव के रहने वाले आइसक्रीम पार्लर संचालक सचिन सिंह (22) की हत्या में एक नहीं बल्कि कई लोगों का हाथ हैं। इस मामले में सचिन सिंह के माता-पिता ने यह सवाल उठाते हुए जेसीपी एलओ से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि बेटे की हत्या पूरी तरह से साजिश रचकर कई लोगों ने की, लेकिन पुलिस ने सिर्फ एक ही आरोपी को गिरफ्तार करके मामला खत्म कर दिया। घरवालों ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, कॉल डिटेल्स, फरेंसिक साक्ष्य और सीसी फुटेज के आधार पर पूरे घटनाक्रम की दोबारा जांच कराने की मांग की है। जेसीपी एलओ बबलू कुमार के निर्देश पर यह जांच जानकीपुरम थाना स्थानांतरित कर दी गई है। परिजनों की शिकायत के बाद जांच इटौंजा पुलिस से लेकर जानकीपुरम पुलिस को सौंप दी गई है। जानकीपुरम थाने में तैनात एसआई सतपाल सिंह गुरुवार को पिता के साथ घटनास्थल पहुंचे और मुआयना किया। पुलिस टीम ने मौके से उपलब्ध साक्ष्य जुटाने के साथ घटनास्थल का दोबारा निरीक्षण किया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, सचिन के सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरी चोटों के अलावा गला दबाने के भी संकेत मिले है। रिपोर्ट के आधार पर परिवारीजनो का दावा है कि इतनी अधिक और अलग-अलग जगह चोट इस बात की ओर इशारा करती है कि वारदात में एक से अधिक लोगों की भूमिका हो सकती है। इसी आधार पर उन्होने पुलिस से हत्या के पूरे घटनाक्रम की दोबारा वैज्ञानिक तरीके से जांच कराने की मांग की है।

एक्टिंग में हर किरदार से मिलती है नयी सीख : देविश आहूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। टीवी इंडस्ट्री के प्रतिभाशाली अभिनेता देविश आहूजा ने बतौर बाल कलाकार अपने करियर की शुरूआत की और आज अपने दमदार अभिनय से छोटे पर्दे पर खास पहचान बना चुके हैं। 'कर्मफल दाता शनि' , फिर 'वीर की अरदास वीरा , महाभारत, सिया के राम, और मेरा बालम थानेदार जैसे लोकप्रिय शोज में अपनी छाप छोड़ चुके देविश इन दिनों मेडिकल ड्रामा हुई गुम यादें को लेकर चर्चा में हैं। खास बातचीत में उन्होंने अपने सफर, परिवार, एक्टिंग, फिटनेस और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की।

शुरूआती दौर को आज कैसे देखते हैं ?

मैं उस दौर को अपने करियर की सबसे खूबसूरत शुरूआत मानता हूं. मैंने बहुत छोटी उम्र में काम शुरू किया और उस वक्त मुझे इतना समझ नहीं था कि एक्टिंग को कैसे समझना है। मेरी मां-पापा ने हर कदम पर मेरा साथ दिया. मैं सूरत से मुंबई शूट के लिए ट्रैवल करता था और उसी दौरान बहुत कुछ सीखा. आज पीछे मुड़कर देखता हूं तो लगता है कि वही दौर मेरी नींव बना।

काम और परिवार के बीच बैलेंस कैसे मैनेज करते हैं ?

परिवार मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत है. मैं जॉइंट फैमिली से आता हूं और उनसे जुड़ाव हमेशा बना रहता है. जब भी शूट से वक्त मिलता है, मैं सूरत चला जाता हूं या परिवार मुंबई आ जाता है। काम कितना भी व्यस्त क्यों न हो, परिवार के लिए समय निकालना जरूरी है। अभी हाल में मेरी फैमिली मुम्बई आई थी, इसके अलावा मैं भी इंदौर गया था।

सोनी के साथ आपका अनुभव कैसा रहा ?

सोनी के साथ मेरा अनुभव अब तक बेहद शानदार रहा है. यहां काम करने का माहौल बहुत ही प्रोफेशनल, सपोर्टिव और पॉजिटिव है, जहां हर कोई अपने काम को पूरी ईमानदारी और मेहनत से करता है। यादें में मुझे बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला, जैसे इकबाल खान, गुल्की जोशी, सृष्टि सिंह और अन्य शानदार को-एक्टर्स.सभी बेहद प्रोफेशनल, सहयोगी और अपने काम में माहिर हैं. उनके साथ काम करके हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है. पूरी टीम, चाहे वह प्रोडक्शन हाउस हो या क्रिएटिव टीम, सभी बहुत अच्छे तरीके से काम को मैनेज करते हैं।

आपकी एक्टिंग को लेकर सोच में क्या बदलाव आया ?

इस शो ने मुझे बहुत कुछ नया सिखाया है. मेडिकल ड्रामा करना काफी चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि इसमें सिर्फ एक्टिंग नहीं, बल्कि तकनीकी समझ भी जरूरी होती है. मेडिकल टर्म्स, डॉक्टरों की बॉडी लैंग्वेज और पेशेंट्स के साथ उनका व्यवहार—इन सब पर काम करना पड़ा. इससे मेरी तैयारी और रिसर्च करने की आदत और मजबूत हुई।

को-स्टार्स के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?

मैं खुद को बेहद खुशकिस्मत मानता हूं कि मुझे इतने शानदार और अनुभवी कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला. हर को-स्टार से मैंने कुछ न कुछ नया सीखा है, चाहे वह अभिनय की बारीकियां हों, काम के प्रति अनुशासन हो या सेट पर उनका व्यवहार। सबसे बड़ी सीख मुझे यही मिली कि आप चाहे कितने भी बड़े कलाकार या स्टार क्यों न बन जाएं, जमीन से जुड़े रहना और हमेशा सीखते रहने का नजरिया बनाए रखना सबसे ज्यादा जरूरी होता है।

उनके साथ काम करने का कैसा अनुभव रहा ?

उनके साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा. मैं पहले से ही राशा के भाई को जानता हूं और हम अच्छे दोस्त हैं, इसलिए शूट के दौरान माहौल काफी सहज और दोस्ताना रहा. वेदान्त के साथ भी काम करके अच्छा लगा. दोनों ही बेहद पॉजिटिव, प्रोफेशनल और जमीन से जुड़े हुए हैं. शूट के दौरान हम सबके बीच काफी मजेदार बातचीत हुई। इंडस्ट्री छोटी है और किसी न किसी कनेक्शन से सब जुड़े होते हैं, इसलिए काम करना और सहज हो जाता है।

आप किस तरह के किरदार निभाना चाहेंगे ?

बिल्कुल, मैं मानता हूं कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने कलाकारों के लिए नए और बड़े मौके खोल दिए हैं.यहां कंटेंट सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ज्यादा रियल और अलग-अलग तरह की कहानियों पर आधारित होता है. अगर मुझे मौका मिले तो मैं इंटेंस, ग्रे शेड्स या एक मजबूत नेगेटिव किरदार निभाना चाहूंगा।

फिटनेस और लाइफस्टाइल को लेकर अपने फैंस को क्या टिप्स देना चाहेंगे ?

फिटनेस सिर्फ अच्छी बॉडी बनाने के लिए नहीं, बल्कि अच्छा महसूस करने के लिए होनी चाहिए. एक्टिव रहना जरूरी है. जहां तक स्टाइल की बात है, ब्रांड्स से ज्यादा जरूरी आपका कॉन्फिडेंस है।

गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पर्व आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में सिखों के 6वें गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का 431वां प्रकाश पर्व 30 जून को प्रातः 4:00 बजे से लेकर दोपहर 3:00 बजे तक मनाया जायेगा। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि इस अवसर पर मिस्सी रोटी एवं लस्सी का लंगर वितरित किया जाएगा ।गुरु हरगोबिंद साहिब सिक्खों के छ्ठे गुरु थे। इनका जन्म 19 जून 1595 को हुआ।

गुरु हरगोबिंद साहिब गुरु अरजन देव जी की इकलौती सन्तान थे। सिख समुदाय को एक सेना के रूप में संगठित करने का श्रेय गुरु हरगोबिंद जी को ही जाता है। इन्होंने सिख कौम को योद्धा-चरित्र प्रदान किया था। सन्-1606 में 11 साल की उम्र में ही गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने अपने पिता से गुरु की उपाधि पा ली थी। गुरु अरजन देव जी की शहादत के बाद सिखों के लिए यह एक महत्त्वपूर्ण पल था जब सिखों ने मुगल साम्राज्य की मनमानी को रोकने के लिए पहली बार गंभीरता से विचार किया था। गुरु हरगोबिंद साहिब ने शांति और ध्यान में लीन रहने वाली इस कौम को राजनीतिक और आध्यात्मिक दोनों तरीकों से चलाने का फैसला किया। गुरु हरगोबिंद सिंह ने दो तलवारें पहननी शुरू की, एक आध्यात्मिक शक्ति के लिए (पिरी) और एक सैन्य शक्ति के लिए (मिरी)। अब सिखों की भूमिका बढ़कर संत सैनिकों की बन चुकी थी। गुरु हरगोबिंद जी स्वयं एक शक्तिशाली योद्धा थे और उन्होंने दूसरे सिखों को भी लड़ने का प्रशिक्षण दिया। इस बात को अपना मूल सिद्धान्त बनाया कि एक सिख योद्धा केवल बचाव के लिए तलवार उठाएगा ना कि हमले के लिए। गुरु हरगोबिंद जी ने ही अकाल तख्त का निर्माण भी करवाया। गुरु हरगोबिंद जी ने अपने जीवनकाल में बुनियादी मानव अधिकारों के लिए कई लड़ाइयां लड़ीं।

सरल हुए बिना जल्दी ईश्वर पर विश्वास नहीं होता :मुक्तिनाथानंद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सत प्रसंग में रामकृष्ण मठ लखनऊ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद जी ने कहा कि मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य ईश्वर की प्राप्ति और आत्मिक शांति का अनुभव करना है। किन्तु यह लक्ष्य केवल ज्ञान, तर्क या बाहरी साधनों से प्राप्त नहीं होता, बल्कि उसके लिए ईश्वर में अटूट विश्वास और बालक जैसी सरलता आवश्यक है। स्वामी जी ने श्री रामकृष्ण परमहंस के जीवन और उपदेशों के माध्यम से यही संदेश दिया कि विश्वास और निष्कपट सरलता ही आध्यात्मिक उन्नति की सबसे बड़ी कुंजी हैं। श्री रामकृष्ण परमहंस का दृढ़ विश्वास था कि जहाँ सच्चा विश्वास होता है, वहाँ असंभव भी संभव हो जाता है। मनुष्य का विश्वास ही उसे ईश्वर के निकट ले जाता है। किन्तु संसार के भोग, मोह और विषय-वासना मनुष्य के मन को इतना उलझा देते हैं कि ईश्वर पर पूर्ण विश्वास करना कठिन प्रतीत होने लगता है। व्यक्ति अपनी बुद्धि और तर्क पर अधिक निर्भर हो जाता है तथा ईश्वर की कृपा को अनुभव नहीं कर पाता। इसलिए आध्यात्मिक जीवन का पहला कदम है—ईश्वर पर पूर्ण भरोसा करना और यह स्वीकार करना कि वही जीवन के वास्तविक आधार हैं। श्री रामकृष्ण परमहंस ने बार-बार कहा कि ईश्वर को जानने के लिए मन का सरल होना अनिवार्य है। बालक के समान निष्कपट, निर्मल और अहंकार-रहित हृदय ही ईश्वर का अनुभव कर सकता है। छल, कपट, दिखावा तथा धन या विद्या का अहंकार मनुष्य को ईश्वर से दूर ले जाता है। जब मन सरल और पवित्र होता है, तब उसमें प्रेम, श्रद्धा और भक्ति स्वतः जागृत होती है।

श्रद्धापूर्वक मनायी गयी श्री जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा

डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर में विधि-विधान से हुआ महाभिषेक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर में सोमवार को भगवान श्री जगन्नाथ की स्नान पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी लालता प्रसाद एवं योगेश ने भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भाई बलदेव का सुगंधित जल, पुष्प एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पवित्र स्नान (महाभिषेक) कराया। महाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा का आयोजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। उन्होंने बताया कि स्नान पूर्णिमा का यह आयोजन आगामी 16 जुलाई को निकलने वाली श्री जगन्नाथ रथ यात्रा से 15 दिन पूर्व किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार महाभिषेक के पश्चात भगवान श्री जगन्नाथ अस्वस्थ हो जाते हैं और अगले 15 दिनों तक भक्तों को दर्शन नहीं देते। इस अवधि में भगवान को औषधीय गुणों से युक्त काढ़ा एवं विशेष भोग अर्पित किया जाता है। स्वस्थ होने के बाद भगवान श्री जगन्नाथ अपने भक्तों के कष्टों का निवारण करने के लिए भव्य रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, कंचन साहू, कविता, रवीना, ममता एवं अनुराग साहू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण और धार्मिक उल्लास से सराबोर रहा।

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हुआ भजन कीर्तन

लखनऊ। शास्त्री मोंटेसरी स्कूल, राजेंद्र नगर, में आज ज्येष्ठ पूर्णिमा के पुनीत अवसर पर प्रत्येक माह की भांति गायत्री यज्ञ, भजन कीर्तन एवं प्रसाद वितरण आयोजित हुआ। इसमें विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य' शशी अग्रवाल, मीडिया प्रभारी विभोर कुमार, वरिष्ठ अध्यापक मिश्रीलाल, इंदिरा शर्मा, क्षेत्रीय नागरिक शकुन शुक्ला, कमलेश सिंहा, सुनीता, सलोनी रावत, आरुष रावत इत्यादि लोग सम्मिलित हुए। उक्त अवसर पर गायत्री परिवार की ओर से इंदिरा चौरसिया ने पूरे विधि विधान से गायत्री माता की आराधना के पश्चात भजन गाए मैंने आंगन नहीं बुहारा कैसे आएंगे भगवान... गुरुदेव दया करना... गीतों का गायन हुआ, गायत्री माता की आरती जयति जय गायत्री माता... हुई एवं सभी को प्रसाद में पंचामृत, केला, आम एवं लड्डू वितरित किए गए तथा यज्ञ प्रभु से सभी के कल्याण एवं विद्यालय के उत्थान की कामना की गई।

संगीत, प्रेम और भाईचारा ही दुनिया की सबसे बड़ी ताकत

- दो दिवसीय उल्लास बाल पर्व में आज का आकर्षण बनेगा गोपाल से जगत पाल तक और एक सपना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यायावर रंगमंडल और संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से दो दिवसीय उल्लास बाल पर्व 2026 का आयोजन 29 और 30 जून को राय उमानाथ बली में किया जा रहा है। यह एक बड़ी उपलब्धि है कि बाल मनोविज्ञान का अनुसरण करते हुए पूरी तरह से बाल रंगकर्म को समर्पित उल्लास बाल पर्व का यह 32वां आयोजन है।

इस पर्व की पहली संध्या, सोमवार 29 जून को इंदिरा नगर स्थित के.के. अकादमी, के बच्चों द्वारा तैयार नाटक गुपी गाइन बाघा बाइन का प्रभावी मंचन पुनीत मित्तल के निर्देशन में किया गया। सत्यजीत रे के प्रसिद्ध रूपांतरण से प्रेरित इसकी मूल कथा उपेन्द्र किशोर रे चौधरी की है जबकि इसका हिन्दी नाट्य रूपांतरण आद्या घोषाल ने किया है वहीं इसकी अवधारणा लक्ष्मी कौल की है। इस नाटक ने संदेश दिया कि संगीत, प्रेम और भाईचारा ही दुनिया की सबसे बड़ी ताकत हैं। युद्ध और हिंसा व्यर्थ हैं। मंचित नाटक के दिलचस्प कथानक के अनुसार गूपी एक साधारण गाँव का लड़का होता है जिसे गाना बहुत पसंद है, लेकिन उसकी आवाज इतनी बेसुरी होती है कि राजा उसे राज्य से निकाल देता है। दूसरी ओर, बाघा ढोल बजाने का शौकीन है, लेकिन उसकी ढोलक भी लोगों को पसंद नहीं आती है।

इसलिए उसे भी उसके गाँव से निकाल दिया जाता है। दोनों की मुलाकात जंगल में होती है। एक रात वे साथ मिलकर गाना-बजाना शुरू करते हैं। उनकी मासूमियत और संगीत से प्रसन्न होकर भूतों के राजा उन्हें तीन जादुई वरदान देते हैं। पहला वरदान होता है कि जब चाहें वे स्वादिष्ट भोजन और कपड़े पा सकते हैं। दूसरा, जादुई जूतों की मदद से कहीं भी तुरंत पहुँच सकते हैं और तीसरा वरदान था कि उनके संगीत को सुनकर कोई भी व्यक्ति मंत्रमुग्ध होकर हिल नहीं सकेगा। इन वरदानों की मदद से गूपी और बाघा, शुंडी राज्य पहुँचते हैं, जहाँ वे राजगायक बन जाते हैं। बाद में उन्हें पता चलता है कि पड़ोसी हल्ला राज्य का राजा छल और षड्यंत्र के कारण युद्ध करने वाला है। गूपी और बाघा अपने संगीत, बुद्धिमानी और जादुई शक्तियों का उपयोग करके युद्ध को रोकते हैं, दोनों राज्यों में शांति स्थापित करते हैं और अंत में दोनों राजकुमारियों से उनका विवाह हो जाता है।

मंच पर हिमांशु गुप्ता ने कथावाचक, नवनीत ने गुपि गाइन, अनिमेश कुमार ने बाघा बाइन, दीपांशु गुप्ता ने प्रहरी, सृष्टि ने भूतों की रानी, मनीष ने शुंडी के राजा, अवियोम सुंदर ने आमलोकी एवं हल्ला के राजा, मोहम्मद अमीन ने बफी, अभिषेक कश्यप ने महामंत्री, हर्षवर्धन-अभिज्ञान ने राहु-केतु, प्रांजल मिश्रा-आराधिका सिंह ने राजकुमारी मणिमाला एवं मुक्तामाला की भूमिका बखूबी अदा की। नृत्य दल में आध्या वर्मा, सनाया फातिमा, हर्ष सिंह, वान्या शर्मा, मान्या, दृष्टि सिंह, नुसरत, अभिश्री, सान्वी और गाँव वालों में आराधिका सिंह, विजय यादव, अभिषेक कश्यप, हरीश, आन्या शामिल रहीं। इसके साथ ही भूत के दल में अंश, अरसलान गुजर, अब्दुल रहमान, अनंत, प्रियांशु और कलाकारों के दल में विजय यादव, हरीश, आराधिका सिंह, दृष्टि सिंह, मान्या, सनाया फातिमा ने अभिनय किया। योद्धाओं के समूह में सृष्टि, वीरा सिंह, आदित्य, मेहक, अंकिता शामिल रहीं। इन सब ने दर्शकों की तालियां अर्जित की। मंच पार्श्व में प्रकाश परिकल्पना एवं संचालन का दायित्व, मोहम्मद हफीज, संगीत संचालन एवं संकलन का वंशिका शर्मा, वेशभूषा का हर्षिता बंसल, प्रॉप्स निर्माण का हर्षिता बंसल एवं आनंद यादव, सहायक का प्रांजल मिश्रा, मंच व्यवस्था का विनय गुज्जर एवं सुश्रुत गुप्ता, जनसंपर्क का कीर्ति प्रकाश एवं पुष्पलता मित्तल, छायांकन का सरबजीत एवं अभिषेक, रूप-सज्जा का मनोज वर्मा, मंच संचालन का नवल शुक्ला ने, प्रभावी रूप में निभाया।

अनेक विभूतियां उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में आज शाम बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह गोमती नगर लखनऊ में स्वर कोकिला लता मंगेशकर एवं स्व.आशा भोसले की स्मृति में आयोजित ' तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे-5 ' कार्यक्रम में अनेक विभूतियां उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित हुईं।

समारोह में मुख्य अतिथि नम्रता पाठक और सरिता सिंह ने पद्मश्री डॉ.एस.एन.कुरील, बिपिन कुमार (निर्देशक भारतेंदु नाट्य अकादमी), मुक्ता चटर्जी, डॉ.मालविका हरिओम (गायिका), पं.रविनाथ मिश्रा (तबला वादक) और डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव (कथक गुरु) को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर पांचवें उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया। इसके पूर्व स्वर कोकिला लता मंगेशकर एवं स्व.आशा भोसले के गाए गीतों पर कलाकारों ने नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देकर कलाप्रेमी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान, पद्मश्री विद्या बिन्दु सिंह, पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, उस्ताद युगान्तर सिंदूर, प्रभुनाथ राय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप और धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र यादव ने दिया।

आदि गंगा मां गोमती की महाआरती में उमड़ा जन सैलाब

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के झूलेलाल वाटिका स्थित गोमती तट पर सोमवार को 'सनातन महासभा' द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर 153वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती एवं सनातन समागम का भव्य आयोजन सोमवार को किया गया। भक्ति, शक्ति और सामाजिक संकल्प के इस अनूठे संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने मां गोमती की आराधना की। स्वामी आनंद नारायण के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत सात भव्य मंचों से एक साथ हुए शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ हुई। सात आचार्यों द्वारा मां गोमती की विधि-विधान से उतारी गई महाआरती ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आरती के पश्चात जब 501 दीप एक साथ प्रज्वलित किए गए, तो गोमती तट की आभा देखते ही बनी और वहां दीपावली जैसा जीवंत दृश्य उपस्थित हो गया। महाआरती से पूर्व विश्व नशा निषेध सप्ताह की पर नशा मुक्त संकल्प का आयोजन किया गया। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने इस अवसर पर युवाओं को नशा मुक्त प्रदेश' की शपथ दिलाई और निर्णय लिया गया कि थाना स्तर पर नशीले पदार्थों की बिक्री की रिपोर्ट मुख्यमंत्री जी और मानवाधिकार आयोग को सौंपी जाएगी उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति जोड़ने का कार्य करती है, इसीलिए आज यज्ञ कुंड के माध्यम से नशा मुक्त प्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया गया है और सरकार से मांग है कि धार्मिक स्थलों व शिक्षा केंद्रों के आस पास से पान/शराब की दुकान हटाई जाए और बच्चों ने तंबाकू मुक्त प्रदेश विषयक निबंध/चित्रकला/स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में धर्म विस्तार और सामाजिक सेवा के संकल्प के साथ पदाधिकारियों को गंगाजल और कृपाण भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कथक नृत्य की प्रस्तुति शुभम के साथ भजन गायिका शशि गुप्ता, मीरा तिवारी और गीता निगम के सुमधुर भजनों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडवोकेट दीपक सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरू, उमेश त्रिपाठी, सुधांशु शुक्ल, पल्लवी सिंह, संजीव पांडेय, राकेश अग्रवाल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, सुनीता गोस्वामी, अतुल तिवारी, रेनू शर्मा, तेजस्वी गोस्वामी और शक्ति सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

डॉ. विवेक कुमार और दिनेश दाहिर को सृजन सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी प्रेस क्लब और उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से 170वां सृजन सम्मान समारोह आयोजित हुआ। यहां साहित्यकार दिनेश दाहिर आजमगढ़ी को सृजन सम्मान और वरिष्ठ डमेटैलॉजिस्ट व समाजसेवी डॉ. विवेक कुमार को सृजन प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गिरधर खरे, अध्यक्ष सच्चिदानंद शलभ, हसीब सिद्दीकी, स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना और सुभाष गुरुदेव ने दोनों सम्मानित व्यक्तियों को शॉल व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. विवेक कुमार को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान दिया गया। वह प्रतिदिन करीब 30 कुष्ठ रोगियों और निर्धन त्वचा रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हैं। सुबह से दोपहर तक उनका समय समाजसेवा के लिए समर्पित रहता है। समारोह के दौरान आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजाश्री की वाणी वंदना से हुआ। योगी योगेश शुक्ल और सुभाष रसिया के संयुक्त संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन में अनिता अरोरा, कामिनी श्रीवास्तव, विनोद शुक्ल ह्यविनोदह्ण, विजय अग्रहरि, डॉ. रुद्रमणि, रश्मि शरद, मनोरमा श्रीवास्तव, मनमोहन बाराकोटी, प्रतिभा श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, शालिनी राय, पूर्णिमा भसीन, दीपिका, डॉ. संदीप शर्मा और अनुराग मिश्रा सहित कई कवियों ने काव्य पाठ किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

पत्र सं0-357/ रा.वि.आ.-पा.नि/नि.कार्य/टेण्डर/2026-27 दिनांक 29 जून 2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्र सं. 356/रा.वि.आ.-पा.नि/नि.कार्य/टेण्डर/2006-27 दिनांक 29 जून 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में रा.वि.आ.-पा.नि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से रू. 6.00 लाख रूपये से अधिक के कुल 17 निर्माण कार्यों की जीएसटी रहित सीलबन्द ऑफलाइन निविदायें नियम व शर्तें के अधीन के आधार पर नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में वर्ष 2026-27 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से दिनांक 16 जुलाई 2026 को अपरान्ह 03:30 बजे तक **1-** नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में **2-**प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय में एवं **3-** उपजिलाधिकारी सदर बहराइच कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/प्रभारी अधिकरी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष साथ- 04:00 खोली जायेगी। निविदा के साथ रू. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि/जमानत धनराशि की एन.एस.सी./टी.डी.आर./ सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बंधक हो, जमा करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक धरोहर / जमानत धनराशि निविदा के साथ संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी सदर, बहराइच कार्यालय से दिनांक 14 जुलाई, 2026 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक) में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार मा. अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बहराइच।

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बहराइच।

संक्षेप

मायके आई विवाहिता की विवाद में हत्या

जौनपुर। सिंगरामऊ कस्बे में एक महिला की मौत के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मायके आई विवाहिता की मारपीट के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से इलाज के दौरान मौत हो गई। सिंगरामऊ निवासी मुन्नीलाल की 38 वर्षीय पुत्री गुंजन की शादी वर्ष 2011 में बदलापुर थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर निवासी कमलेश कुमार के साथ हुई थी। गुंजन के दो बच्चे हैं। वह सूरत से अपने मायके सिंगरामऊ आई थीं। परिवार में 30 जून को शादी का कार्यक्रम होने के कारण घर में तैयारियां चल रही थीं।स्थानीय लोगों के अनुसार, देर रात डीजे बंद कराने को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि इसी दौरान छत से फेंका गया पत्थर गुंजन के सिर में लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल उपचार के लिए बीएचयू ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सुनील चंद्र तिवारी एवं तहसीलदार बदलापुर योगेंद्र कुमार पाण्डेय मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

दो बाइकों में भिड़ंत में युवक की मौत

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव स्थित पेट्रोल पंप के सामने रविवार रात 10 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है। लपरी गांव निवासी हक्कीमुद्दीन का पुत्र इमरान (34) निजी बस चालक था। परिजनों ने बताया कि रविवार को वह रोज की तरह बस लेकर निकला था। देर शाम बस खड़ी करने के बाद वह मोटरसाइकिल से शाहगंज की ओर से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह लपरी गांव स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा, सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने इमरान को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां सोमवार को दोपहर में घायल पंकज कुमार सिंह पुत्र धनंजय सिंह बोधाई निवासी हडहीं की मौत हो गई।

स्कूलों में अग्निशमन दुरुस्त करने के आदेश

जौनपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर ने जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों को अग्निशमन (फायर सेफ्टी) व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में लगे अग्निशमन यंत्रों (फायर एक्सटिंग्विशर) की तत्काल जांच कर उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए। जिन विद्यालयों के अग्निशमन यंत्रों की वैधता (एक्सपायरी) समाप्त हो चुकी है, उन्हें बिना विलंब रिफिल अथवा नए यंत्र उपलब्ध कराए जाएं।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है। समय पर अग्निशमन उपकरणों को कार्यशील रखने से भविष्य में किसी भी आगजनी जैसी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकेगा तथा संभावित जनहानि और दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं विद्यालय प्रधानाध्यापकों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

श्रद्धालु की सोने की चेन कटी

मीरजापुर। जिले के हलिया थाना अंतर्गत गड़बड़ा धाम स्थित मां शीतला देवी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच चेन काटने की घटना सामने आई। हलिया क्षेत्र के ग्राम राजपुर से दर्शन-पूजन के लिए आई श्रद्धालु आरती देवी की सोने की लगभग डेढ़ तोला चेन अज्ञात उचक्कों ने भीड़ का फायदा उठाकर काट ली। वहीं लगभग ढाई तोला की चेन सुषमा सोनी निवासी खटखरी, जिला मऊगंज (मध्य प्रदेश) ने भी चेन काटे जाने की शिकायत की।घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित महिलाओं ने घटना की सूचना मंदिर प्रशासन एवं पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी हलिया राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पारदर्शी व नकलविहीन ढंग से संपन्न हो यूपीटीईटी: डीएम

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी)-2026 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को शासन और आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 14 परीक्षा केंद्रों पर 2 और 3 जुलाई को दो-दो पालियों तथा 4 जुलाई को एक पाली में परीक्षा आयोजित होगी। प्रत्येक पाली में 6432 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीयता और शुचिता बनाए रखना सभी अधिकारियों की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, विद्युत, सीसीटीवी कैमरे और अन्य मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और जाम की स्थिति न बनने देने पर भी जोर दिया गया। डीएम ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सभी अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का पूर्व निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रश्नपत्रों और गोपनीय सामग्री के सुरक्षित परिवहन तथा जमा कराने की प्रक्रिया भी आयोग के निर्देशों के अनुसार पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा दिवस पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट सुबह 6 बजे तक अपने केंद्रों पर पहुंचेंगे तथा प्रश्नपत्रों के पैकेट निर्धारित प्रक्रिया के तहत वीडियोग्राफी की निगरानी में खोले जाएंगे। प्रश्नपत्र वितरण सहित पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग कराना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू रहेगी। इस दौरान लाउडस्पीकर के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर फोटोस्टेट और कॉपी की दुकानों को भी बंद कराया जाएगा।

परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। जिलाधिकारी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जाए। नकल या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा संचालन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता-2023 तथा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अधिक प्रभावित गांवों में चलेगा विशेष स्वच्छता व जनजागरूकता अभियान

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के द्वितीय चरण के सफल संचालन के संबंध में सोमवार को जनपद स्तरीय अंतरविभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, ग्राम विकास, नगर निकाय, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, बाल विकास, खाद्य सुरक्षा, उद्यान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अभियान की तैयारियों, विभागीय समन्वय, माइक्रोप्लान तथा जनजागरूकता गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून के मौसम में संचारी एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि जिन गांवों में संचारी रोगों का प्रभाव अधिक है, उन्हें चिन्हित कर वहां विशेष स्वच्छता अभियान, जल निकासी, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव तथा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, कचरा निस्तारण तथा लोगों को रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना अभियान की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में विद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों तथा स्थानीय निकायों के माध्यम से जनसहभागिता बढ़ाने, अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा सभी विभागों द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रमेश मिश्रा ने अभियान की रूपरेखा एवं तैयारियों की जानकारी दी।

योगिराजाधिराज स्वामी विशुद्धानंद के जीवन दर्शन पर चर्चा

आजमगढ़। नगर के अराजीबाग स्थित ए एन मेमोरियल स्कूल में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान द्वारा आध्यात्मिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में योगिराजाधिराज स्वामी विशुद्धानंद के जीवन दर्शन पर चर्चा की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता श्री हीरालाल पाठक एवं संचालन श्री सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने किया। वक्ता डॉ निरंकार शर्मा ने बताया की उनका जन्म 1849 पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के केंदुल गाँव में हुआ तथा बचपन का नाम भोलानाथ था। 12 वर्ष की अवस्था में एक पागल कुत्ते के काटने पर स्थिति बहुत खराब हो गई थी जिसे देखकर वो नदी में कूदकर अपने प्राण त्यागने वाले थे लेकिन उनके गुरु नीमानन्द ने उन्हें उपचार देकर बचा लिया यही से उनके जीवन में परिवर्तन आया और अध्यात्म की दुनिया में आगे बढ़े। सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय ने बताया की उनके गुरु नीमानन्द द्वारा उन्हें हिमालय की गोद में कहीं बसे गुप्त आध्यात्मिक स्थल ज्ञानगंज ले जाया गया जहाँ उन्हें दीक्षित किया गया। 12 वर्ष तक वहीं सूर्य विज्ञान और योग का अध्ययन किया। हीरालाल पाठक ने बताया की उन्हें सूर्य विज्ञान की दुर्लभ सिद्धि थी सूर्य की किरणों के माध्यम से वायु में व्याप्त अणुओं में परिवर्तन करके किसी भी गंध को उत्पन्न कर देते थे उन्हें लोग गंध बाबा के नाम से भी जानते थे स्वामी विशुद्धानन्द जी ने वाराणसी के मलदहिया में अपना आश्रम स्थापित किया जहाँ आज भी उनके लाखों अनुयायी पहुँचते हैं और उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा का लाभ प्राप्त करते हैं जुलाई 1937 में काशी में उन्होंने महासमाधी ली। गोष्ठी में बिरजाशंकर राय, जनार्दन विद्यार्थी, सच्चिदानंद सिंह,प्रभा शंकर त्रिपाठी, विश्वनाथ प्रसाद अग्रवाल, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

कलश यात्रा निकाली, जगन्नाथ जी का हुआ स्नान

जौनपुर। नगर के हनुमान घाट से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल कलश यात्रा का शुभारंभ रथ यात्रा महोत्सव समिति के तत्वावधान हुआ , जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु जनो ने नंगे पांव चहारसु चौराहा,शाही किला,मानिक चौक होते हुए श्री जगन्नाथ धाम रासमंडल में पहुँच कर आचार्य डॉ.रजनी कान्त द्विवेदी के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री जगन्नाथ जी, श्री बलभद्र जी एवं श्री सुभद्रा जी को स्नान कराया गया जिसमे श्रीश यात्रा समिति के ,अनिल अस्थना,सीए संजय गुप्ता ,नीलिमा गुप्ता,संध्या सेठ,राजेश सेठ,संतोष गुप्ता,दयाशंकर निगम,डॉ राजेश तिवारी,विनय बरौतिया,मनोज गुप्ता,संतोष मिश्रा,दिनेश सेठ,सुशीला सिंह,नीरज श्रीवास्तव,जग्गू सेठ ,भरत कपूर,सभासद नन्दलाल यादव,सभासद बसंत प्रजापति,अरुण शर्मा, आदि की उपस्थिति रही।स्नान के उपरांत भगवान के विग्रह का षोडशोंपचार पूजन मंदिर के मुख्य अर्चक दिनेश चंद्र ने कराया। मंदिर समिति के की ओर से प्रसाद वितरण किया गया ।

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर याद किये गये सांख्यिकीविद् महालनोबिस

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। प्रख्यात सांख्यिकीविद् प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के अवसर पर सोमवार को उप निदेशक अर्थ एवं संख्या कार्यालय में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया।

उप निदेशक, अर्थ एवं संख्या हेमन्त कुमार ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय संख्यिकी दिवस का उद्देश्य सांख्यिकी के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विकास योजनाओं के निर्माण में विश्वसनीय आंकड़ों की भूमिका को रेखांकित करना है। प्रशासनिक स्तर पर भी विभिन्न विभागों में आंकड़ों को गुणवत्ता और साक्ष्य आधारित योजना निर्माण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उप निदेशक, अर्थ एवं संख्या हेमन्त कुमार ने यह भी कहा कि दरअसल विकास योजनाओं में सांख्यिकीय आंकड़ों की भी अहम भूमिका है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, पोषण, पेयजल, सड़क, आवास और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं की रूपरेखा जनसंख्या एवं अन्य आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभाग नियमित रूप से आंकड़ों का संकलन कर उन्हें राज्य और केंद्र सरकार को उपलब्ध कराते हैं ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंच सके। जिलों की बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए अधिकांश विकास योजनाएं ग्रामीण आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर संचालित की जाती हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि बदलते समय में डिजिटल तकनीक के उपयोग से आंकड़ों का संकलन अधिक पारदर्शी और सटीक हुआ है। विभिन्न विभाग अब आनलाइन पोर्टलों और मोबाइल एप के माध्यम से सूचनाएं एकत्र कर रहे हैं। इससे योजनाओं की निगरानी आसान हुई है और लाभार्थियों का सत्यापन भी अधिक प्रभावी ढंग से संभव हो रहा है।

अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिको दिवस प्रत्येक वर्ष 29 जून को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय और अद्यतन आंकड़े ही प्रभावी नीति निर्माण की आधारशिला हैं। सही आंकड़ों के माध्यम से संसाधनों का बेहतर उपयोग विकास कार्यों को प्राथमिकता तय करना तथा योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन संभव हो पाता है। उन्होंने भी कहा कि विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाली जनगणना और विभिन्न सर्वेक्षणों से प्राप्त आंकड़े जिलों की बदलती सामाजिक और आर्थिक तस्वीर को सामने लाएंगे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं अधिक प्रभावी, समावेशों जनहितकारी बनाया जा सकेगा। इससे पूर्व दोनों अधिकारियों के साथ ही कार्यालय के प्रवीण कुमार, सूर्यभान, राजकुमार, राजेश कुमार, प्रेमचन्द आदि ने सांख्यिकीविद् प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस के चित्र पर माल्यार्पण उन्हें श्रद्धांजलि दी।

द्वारपूजा के समय गायब मासूम का मिला शव

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के धनेजा गांव में शादी समारोह में शामिल होने आयी साढ़े चार वर्षीय मासूम रविवार की रात को अचानक से द्वारपूजा के समय लापता हो गयी। उसके लापता होने की जानकारी होने पर माँ उसे ढूढंने लगी।उसके बाद अन्य लोग भी खोजबीन करने लगे परन्तु रात में उसका कुछ पता नही चल पाया।सोमवार को परिजनों ने पुलिस को सूचना दी गयी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव के लोगों के साथ खोजबीन शुरू किया।

मासूम का शव सई नदी के किनारे धनेजा घाट के पास सरपत के झुरमुट में मिला। धनेजा गांव निवासी बाबूराम निषाद की पुत्री खूशबू की शादी रविवार को थी। शादी समारोह में जफराबाद कस्बे के काजी अहमदनूर (नावघाट) मोहल्ले की निवासी पिंकी निषाद पत्नी सत्तन निषाद अपनी चार वर्षीय बेटी लक्ष्मी उर्फ लाडो के साथ आयी थी।पिंकी वहां अपने मौसी के घर आई थी।बारात आने के बाद द्वारपूजा का कार्यक्रम हो रहा था।खुटहन के पिलकिछा से बारात आयी थी।साढ़े 10 बजे द्वारपूजा के समय ही अन्य रश्मे भी चल रही थी। लाडो भी बारात में खेल रही थी। माता पिंकी भी रश्मों में शामिल हो रही थी। अचानक द्वारपूजा खत्म होने के बाद लाडो दिखाई नही दे रही थी। तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शूरू कर दी। परन्तु वह कहीं नही मिली।परिजन एक तरफ बारातियों के स्वागत व खाने पीने की व्यवस्था में लगे थे।कुछ लोग लाडो को ढूंढ रहे थे।लेकिन रात में उसका पता नही चल पाया।सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना दी गयी। सोमवार की सुबह से पुलिस लक्ष्मी उर्फ लाडो की खोजबीन कर ही रही थी कि उसी समय उक्त स्थान पर लक्ष्मी का शव मिलने से क्षेत्र से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।माता पिंकी निषाद और सत्तन निषाद अपनी बेटी के साथ किसी दुराचार के बाद हत्या की आशंका जाहिर कर रहे है।हालांकि पुलिस हर एंगल से घटना की छानबीन कर रही है। सुबह जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन व पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, एसडीएम सदर योगिता सिंह,सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता,सीओ मछलीशहर प्रतिमा वर्मा,थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे ।

कड़ी निगरानी में हुई कैट परीक्षा

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से

आयोजित की गई। परीक्षा का निरीक्षण कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह में स्वयं किया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि पूरे सुचिता के साथ परीक्षा कराई जाए।परीक्षा समन्वयक प्रोफेसर मिथिलेश सिंह के अनुसार प्रथम पाली (प्रातः 9 बजे से 11 बजे) में डी. फार्मा एवं बीटेक के सभी शाखाओं की परीक्षा हुई। डी. फार्मा में पंजीकृत 224 अभ्यर्थियों में से 172 ने परीक्षा दी, जबकि 52 अनुपस्थित रहे। वहीं बीटेक की सभी शाखाओं में पंजीकृत 375 अभ्यर्थियों में से 293 ने परीक्षा में भाग लिया तथा 82 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली (दोपहर 12 बजे से 2 बजे) में बीसीए की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इसमें पंजीकृत 481 अभ्यर्थियों में से 406 उपस्थित हुए, जबकि 75 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।तृतीय पाली (अपराह्न 3 बजे से 5 बजे) में बीए एलएलबी एवं बीबीए की परीक्षा संपन्न हुई। बीए एलएलबी में 387 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 307 ने परीक्षा दी तथा 80 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं बीबीए में 180 अभ्यर्थियों में से 158 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 22 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

सोनभद्र। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभागीय टीम ने मानक के विपरीत खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की।

निरीक्षण के दौरान ठेले, खोमचे, फलों एवं सब्जियों की दुकानों, चाट-पकौड़ी, जूस, कटे फल, मिठाइयों तथा अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, कटे फलों की खुले में बिक्री न करने तथा स्वच्छ पेयजल का प्रयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान दुकानदारों एवं खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि 01 जुलाई से 31 जुलाई, 2026 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेगा। जनसामान्य से भी अपील की गई है कि वे केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें तथा किसी भी प्रकार की खाद्य अनियमितता की सूचना संबंधित विभाग को दें।

प्रशांत सिंह जिलाध्यक्ष तो नूर आलम बने सचिव

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन (यूपीएमएसआरए) की आजमगढ़ इकाई का वार्षिक सम्मेलन ब्रह्मस्थान स्थित शकुंतलम मैरेज लॉन में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का आयोजन राज्य पर्यवेक्षक कामरेड अजीत सिंह और महामंत्री कॉम. विमेंस मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ। सर्वप्रथम वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके बाद सचिव एवं कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिन्हें उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

इसके बाद सम्मेलन में राज्य पर्यवेक्षक कामरेड अजीत सिंह ने नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि कॉमरेड प्रशांत सिंह जिलाध्यक्ष, कॉम. नूर आलम को सचिव तथा कॉम. अभिषेक सिंह, कॉम. संजोग सिंह एवं कॉम. बैजनाथ तिवारी को उपाध्यक्ष तथा कॉम. सुरेश शुक्ला, कॉम. राज नारायण पाठक, कॉम. हिमांशु त्रिपाठी एवं कॉम. सैयद सिराज को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं विनोद श्रीवास्तव, अरविन्द यादव, दीपक सरोज, मुकेश कुमार, नदीम अहमद, रविकांत पांडेय, सूरज यादव, मयंक रॉय, संदीप यादव एवं संतोष चैबे को सदस्य नियुक्त किया गया। साथ ही साथ कॉम. बैजनाथ तिवारी को काउंसिल सब कमेटी का कन्वेनर भी नियुक्त किया गया। सम्मेलन में राज्य पर्यवेक्षक कामरेड अजीत सिंह ने सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण करते हुए कहाकि अपनी एकजुटता के बल पर ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है, उन्होंने नई इकाई को आह्वान किया कि वह संगठन की मजबूती और प्रदेश इकाई के निर्देशों पर कार्य करें। जिलाध्यक्ष प्रशांत सिंह ने कहाकि मुझ जैसे कार्यकर्ता को जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहाकि हम सभी एमआर सदस्यों को एकसूत्र में जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा ताकि किसी भी एमआर का कहीं भी शोषण न हों। इस अवसर पर विमल श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इंडस्ट्रियल हब बनने की राह पर मीरजापुर जल्द आकार लेंगे निजी औद्योगिक पार्क

मीरजापुर। हस्तनिर्मित कालीन उद्योग के लिए प्रसिद्ध मीरजापुर अब औद्योगिक विकास की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासवादी सोच के चलते प्रदेश के पिछड़े जिलों में शुमार मीरजापुर की जल्द ही तस्वीर बदलने वाली है। जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने दो निजी औद्योगिक पार्कों को विकसित करने की मंजूरी देने के साथ ही बेहद कम ब्याज दरों पर ऋण भी उपलब्ध कराने की संस्तुति दे दी है। जिससे जल्द ही इन औद्योगिक पार्कों का विकास सुनश्चित हो सकेगा। इन पार्कों में लगने वाली फैक्ट्रियों से जहां एक ओर युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं दूसरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था में मीरजापुर के योगदान में भी भारी बढ़ोतरी होगी। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र (डीआईसी) के उपायुक्त संदीप कुमार ने बताया कि सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम टांगा में 11.014 एकड़ भूमि पर मेसर्स विंध्य इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क द्वारा निजी औद्योगिक पार्क विकसित किया जाएगा। इसी तरह मड़िहान के देवरीकलां गांव में 12.031 एक भूमि पर प्रताप चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा उद्योगों को लगाने के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि निजि औद्योगिक पार्कों का विकास तेजी से सुनिश्चित किया जा सके इसके लिए शासन ने मेसर्स विंध्य इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को 5,50,70,000 रुपये व प्रताप चेरिटेबल ट्रस्ट के विकासकर्ताओं को 6,01,55,000 रुपये 1 प्रतिशत साधरण ब्याज दर पर उपलब्ध कराने के लिए ऋण की स्वीकृति भी दे दी है। जल्द ही इन औद्योगिक पार्कों के विकास का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि टांगा में कुल 21 भूखंड औद्योगिक ईकाइयों के लिए तैयार किए जाएंगे जबकि देवरीकलां में 40 भूखंडों पर औद्योगिक ईकाइयों की स्थापना के लिए भूखंड उपलब्ध होंगे। पार्कों का विकास पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

भामाशाह का त्याग, राष्ट्रभक्ति आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोतः भूपेश चौबे



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को वीर शिरोमणि दानवीर भामाशाह जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद के सर्वाधिक कर (टैक्स) जमा करने वाले 10 प्रतिष्ठित व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ईमानदारी से कर अदा करने वाले व्यापारी राष्ट्र एवं जनपद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सदर विधायक भूपेश चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि भामाशाह का त्याग, राष्ट्रभक्ति और समर्पण भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अपना सर्वस्व महाराणा प्रताप और राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित कर अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि भामाशाह का जीवन सेवा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित का प्रतीक है। उन्होंने सम्मानित करदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि करदाताओं के योगदान से ही विकास कार्यों को गति मिलती है और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने भामाशाह के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित करदाताओं को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। इस दौरान सासंकृतिक विभाग द्वारा करमा नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार, सुनिल कुमार संयुक्त आयुक्त राज्य कर, रितेश मिश्र उपायुक्त प्रशासन राज्य कर, योगेश द्विवेदी उपायुक्त राज्य कर, विकास कृष्ण बन्सरा उपायुक्त राज्य कर, मो0जुनैद व व्यापारी बन्धु उपस्थित रहें।

आकाशीय बिजली का कहर होमगार्ड जवान की थमी सांस

मीरजापुर। जिले में आकाशीय बिजली का कहर एक ही परिवार पर दुखों का पहाड़ बनकर टूटा है। आकाशीय बिजली गिरने से होमगार्ड के जवान की सांस थम गई है। रविवार की रात गरज चमक तेज बारिश के बीच वज्रपात की चपेट में आया परिवार, हादसे में एक सदस्य की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है जबकि पत्नी,बेटी, बहु झुलस गयें हैं। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, घायलों को 108 एम्बुलेंस से पहुंचाया गया जहां अस्पताल में उपचार जारी रहा है।

घटना के बाद परिजनों में कोहराम रहा हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, आवश्यक कार्रवाई में जुटी हलिया थाना क्षेत्र के मगरदा गांव की घटना बताई गई है। जानकारी के मुताबिक हलिया थाना क्षेत्र के मगरदा गांव में रविवार की बारिश के साथ चमक गरज के साथ बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई। इसी तरह सोनगढ़ा ,हर्रा, मगरदा,मटिहरा तथा राजपुर गांव में छह लोग झुलस गए। परिजनों ने एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर झूलसे लोगों का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि हलिया थाना क्षेत्र के मगरदा गांव में रामदुलार (57) अपनी पत्नी मानवती (55) के साथ रविवार को देर शाम बरामदे में बैठे थे उसी समय बगल में बिजली गिरने से रामदुलार की घटनास्थल पर मौत हो गई तथा पत्नी मानवती झुलस गई। पड़ोसी पुष्पा (18) तथा प्रमिला (16) भी झुलस गई। सोनगढ़ा गांव में अमित कुमार (22) तथा मटिहरा गांव में प्रीति यादव (15) झुलस गई तथा राजपुर गांव में प्रेमा (65) कच्चे मकान के बरामदे में बैठी थी कि बगल में बिजली गिरने से झुलस गई। रामनरायन कोल का एक बैल नीम के पेड़ के नीचे बंधा था बिजली गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक रामदुलार की कार्रवाई में जुट गई है बताया जाता है कि रामदुलार होमगार्ड था। झूलसे लोगों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि झूलसे लोगों का उपचार चल रहा है हालल सामान्य है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गरज चमक के साथ बिजली गिरने से मगरदा गांव में रामदुलार की मौत हो गई है पीएम कार्रवाई की जा रही है।

एक ही रात में दो बाइक और 20 बकरियां चोरी

मडिहान, मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दो बाइक और 20 बकरियां चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदीहार गांव निवासी उमाशंकर ने बताया कि रात मे उनकी पत्नी को बंधक बनाकर 20 बकरी चोरी कर टेंपो में भर कर ले गए। टेंपो चालक कल्लू बहेरा थाना करमा सोनभद्र अपने दोस्त साथियों के साथ सभी बकरियों को अपने साथ लेकर चला गया। टेंपो में लाद कर ले गए लेकिन पुलिस ने इसे लेनदेन का विवाद बता रही है। चोरो ने दी पुलिस को खुली चुनौती। राजगढ़ क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाएं पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही।वही चोरी की दूसरी घटना भवानीपुर गांव में हुई राजेश अपने खेत पर बाइक खड़ा करके कुछ काम कर रहा था वापस आया तो देखा की बाइक गायब है। तीसरी घटना चित्रबिश्राम गांव की है। गांव में निवासी धीरेन्द्र चौहान ने बताया कि घर पर खड़ी बाइक करके सो गया सुबह में बाइक का कहीं आता पता नहीं चला भुक्तभोगी ने इसकी सूचना राजगढ़ थाने पर दी। इससे पहले भी 18 /19जून की रात्रि को भी पत्रकार की बाइक चोरी हो गई थी लेकिन अभी भी चोरों का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है। आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही है और चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। राजगढ़ थाना प्रभारी बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

संक्षेप

रुपयों के विवाद में पथराव, महिला श्रद्धालु समेत दो जख्मी

आगरा। उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थ बटेश्वर धाम में शनिवार रात कलश विसर्जन करने आए श्रद्धालुओं और आइसक्रीम विक्रेता के बीच रुपयों के लेन-देन के लिए विवाद हो गया। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले और जमकर पथराव किया गया। दो श्रद्धालु घायल हो गए। पथराव होने से तीर्थ में अफरातफरी मच गई। घटना रात लगभग 9:30 बजे की है। फिरोजाबाद के भरत नगर के श्रद्धालु यमुना नदी में कलश विसर्जन करने आए थे। रात को वह वापस लौट रहे थे। तीर्थ बटेश्वर धाम मुख्य गेट के बाहर एक आइसक्रीम की ठेल वाले से उनका रुपयों के लेन-देन के लिए विवाद हो गया। कहासुनी के बीच दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले। जमकर पथराव किया गया। सिर में पत्थर लगने से वाहन में बैठी श्रद्धालु अर्चना (17) और भानु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112, बटेश्वर चौकी प्रभारी इंद्र कुमार और नौरंगी घाट चौकी प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को आता देख आरोपी आइसक्रीम विक्रेता और उसके साथी ठेल छोड़कर मौके से भाग गए। पुलिस ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा संपन्न

जिला संवाददाता

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भगवान जगन्नाथजी की स्नानयात्रा का परंपरागत आयोजन विधिविधानपूर्वक किया गया। इस संबंध में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा तदनुसार 29 जून 2026 सोमवार की सांय 6 बजे से धार्मिक अनुष्ठानों के मध्य श्रीभागवत-भवन में स्थित भगवान श्रीजगन्नाथजी का शास्त्रों के अनुरूप वैदिक मंत्रोच्चारण एवं झांझ, मजीरों की ध्वनि के मध्य विधि-विधान से गौदुग्ध, शर्करा, गौघृत, शहद एवं दही आदि से पंचामृत अभिषेक कर स्नानयात्रा अनुष्ठान की पूजा सेवा संपन्न हुई।ऐसी मान्यता है कि भगवान

- जगन्नाथ स्वामी के जयकारों से गूंजा जन्मस्थान परिसर

इस स्नानयात्रा के बाद बीमार हो जाते हैं। अब भगवान जगन्नाथ जी स्वास्थ्य लाभ करेंगे। तदनुसार भगवान जगन्नाथजी के दर्शन भक्तों को आगामी 15 दिन तक नहीं होंगे। आपाढ़ शुक्ल द्वितीया तदनुसार 16 जुलाई 2026 को भगवान जगन्नाथजी, अपने बड़े भ्राता बलभद्रजी एवं बहन सुभद्राजी के साथ रथ में विराजमान होकर यात्रा करते हुऐ नगर भ्रमण करेंगे। भगवान जगन्नाथजी की स्नानयात्रा सेवा-पूजा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, डा० रोशन लाल एवं मंदिर के पूजाचार्यगण आदि की विशेष सहभागिता रही। ज्ञातव्य हो कि देश-दुनिया में भगवान जगन्नाथ जी के मंदिरों में ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा से भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का शुभारम्भ हो जाता है।

महिला कल्याण मंत्री ने सीएम से यमुना नदी पर निर्माणाधीन सेतु के विस्तारीकरण की मांग

जिला संवाददाता

टूंडला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 28 जून 2026 को आगरा में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश सरकार में महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर आगरा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मेहरा नाहरगंज टूंडला मार्ग पर यमुना नदी पर निमार्णाधीन सेतु के विस्तारीकरण कार्य हेतु शीघ्र शासनादेश जारी कराने का अनुरोध किया।

मंत्री द्वारा दिए गए पत्र में बताया गया कि उक्त सेतु के विस्तार हेतु कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम को नामित किया गया है तथा परियोजना के लिए बंदरगाह, जहाजरानी जलमार्ग मंत्रालय से आवश्यक एनओसी भी प्राप्त हो चुकी है।

पत्र के अनुसार यमुना नदी पर सेतु के आगे अतिरिक्त 225 मीटर सेतु निर्माण के लिए पुनरीक्षित स्वीकृति वित्त व्यय समिति से अनुमोदित हो चुकी है, लेकिन शासनादेश जारी न होने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। इससे क्षेत्रीय जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और लंबे समय से इस परियोजना को पूरा किए जाने की मांग की जा रही है।मंत्री बेबी रानी मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जनहित को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र शासनादेश जारी कराने का अनुरोध किया, ताकि सेतु निर्माण कार्य को गति मिल सके और आगरा ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों की टूंडला एवं फिरोजाबाद आना जाना आसान हो जायेगा।

क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री स्तर पर मामले के संज्ञान में आने के बाद परियोजना को शीघ्र स्वीकृति मिलेगी और लंबे समय से लंबित यह महत्वपूर्ण विकास कार्य जल्द पूरा होगा। आगरा ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को टूंडला रेलवे स्टेशन से ट्रेन यात्रा आसान हो जाएगी तथा रेलवे स्टेशन की आय में भारी वृद्धि होगी।

डीएम की अध्यक्षता में शिक्षक पात्रता भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

फिरोजाबाद। पुलिस लाईन सभागार कक्ष में आगामी 2,3 और 4 जुलाई को आयोजित होने वाली शिक्षक पात्रता भर्ती की परीक्षा की तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, बैठक में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों ने प्रतिभाग किया, परीक्षा 2 एवं 3 जुलाई को दो पालियों में सुबह 9.30 बजे से 12 तक और दूसरी पाली में दोपहर 2.30 से 5 बजे तक आयोजित होगी, जबकि 4 जुलाई को यह परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु एम0जी0 इंटर कॉलेज, गोपीनाथ इंटर कॉलेज, एस0आर0के0 इंटर कॉलेज, दाऊ दयाल इंटर कॉलेज चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल तथा शौचालय आदि की व्यवस्था की जाए, परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे, किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के भीतर कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी, सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने स्तर पर परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां पूर्ण कर लें, बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0एवंरा0 कल्पना जायसवाल अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता उप जिलाधिकारी विकल्प जिला विद्यालय निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

दो नाबालिग बेटियां बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

आगरा। आगरा पुलिस ने एक संवेदनशील मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए सिकंदरा थाना क्षेत्र से लापता हुई दो नाबालिग लड़कियों को महाराष्ट्र के नागपुर से सकुशल बरामद कर लिया। करीब नौ दिनों तक चली लगातार तलाश, तकनीकी निगरानी और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने दोनों बच्चियों का पता लगाया। इस कार्रवाई के दौरान उन्हें बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के आरोप में दो युवकों को भी गिरफ्तार किया गया है। घटना 18 जून की है, जब सिकंदरा क्षेत्र निवासी एक किशोरी और उसकी भांजी अचानक बिना किसी को बताए घर से चली गई थीं। देर रात तक दोनों के वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन 19 जून को पीड़ित पिता ने सिकंदरा थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में रुनकता निवासी अभिषेक पर संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर एसीपी हरीपर्वत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। सिकंदरा थाना पुलिस और सर्विलांस सेल ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज कर दी। मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और अन्य डिजिटल इनपुट के जरिए लगातार बच्चियों की तलाश की जाती रही। जांच के दौरान पुलिस को दोनों बच्चियों की लोकेशन महाराष्ट्र के नागपुर में मिली। इसके बाद 27 जून को आगरा पुलिस की टीम तुरंत नागपुर रवाना हुई। स्थानीय पुलिस के सहयोग से दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ और जांच के आधार पर पुलिस ने नागपुर निवासी कार्तिक सिंह और रुनकता निवासी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि दोनों ने बच्चियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने की साजिश रची थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। दोनों नाबालिगों के सुरक्षित घर लौटने पर परिवार ने राहत की सांस ली। परिजनों ने आगरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तकनीकी जांच और लगातार प्रयासों की सराहना करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि समय रहते की गई कार्रवाई से उनकी बेटियां सुरक्षित वापस लौट सकीं।

पॉलीथिन छोड़ो,थैला का इस्तेमाल करोः डीएम

फिरोजाबाद। पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक स्थलों को पॉलिथीन मुक्त बनाने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था कल्पतरु जीवन फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में पॉलिथीन मुक्त अभियान के पोस्टर एवं कपड़े के थैलों का विमोचन जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कल्पतरु जीवन फाउंडेशन के संस्थापक एवं श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट शिकोहाबाद के ट्रस्टी राजेश गुप्ता ने जिलाधिकारी का पटका पहनाकर एवं श्री बालाजी महाराज का चित्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने जनपद में चलाए जा रहे पॉलिथीन मुक्त अभियान की जानकारी भी जिलाधिकारी को दी। इस दौरान डीएम ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रसाद पॉलिथीन में न लाकर कपड़े के थैले, पेपर बैग अथवा पत्तल-दोने का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास से पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं। इस मौके पर डॉ. शिशुपाल तिवारी, मुकेश गौड़ के अलावा कलेक्ट्रेट का स्टाफ उपस्थित रहा।

टूण्डला रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था को लेकर फूटा आक्रोश, डीआरएम के नाम सौंपा ज्ञापन

टूण्डला। रेलवे स्टेशन टूंडला की पार्किंग व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों और यात्रियों में बढ़ते असंतोष के बीच लोकहित संघर्ष संगठन ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने ठाकुर संजय प्रताप सिंह (एडवोकेट) के नेतृत्व में स्टेशन परिसर पहुंचकर मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा और पार्किंग के नाम पर कथित अवैध वसूली तथा यात्रियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे संगठन के 100 से अधिक पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने कहा कि रेलवे स्टेशन की पार्किंग में आने वाले वाहन चालकों और यात्रियों से निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूलने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। आरोप लगाया गया कि पार्किंग व्यवस्था में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।संगठन के नेतृत्वकर्ता ठाकुर संजय प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि स्टेशन पर आने वाले यात्रियों और वाहन स्वामियों का कथित रूप से उत्पीड़न किया जा रहा है, ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया और पार्किंग व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो लोकहित संघर्ष संगठन शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी।इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि टूण्डला रेलवे स्टेशन क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण जंक्शन है, जहां प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। ऐसे में पार्किंग व्यवस्था का पारदर्शी और यात्री हितैषी होना आवश्यक है। संगठन की ओर से उठाए गए इस मुद्दे के बाद स्टेशन की पार्किंग व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है।

प्रदेश महामंत्री राजेश चैधरी का महिला मोर्चा ने किया भव्य स्वागत

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री राजेश चैधरी के प्रदेश महामंत्री बनने के उपरांत प्रथम बार ब्रजभूमि मथुरा आगमन पर उनके आवास पर भारतीय जनता पार्टी महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा चैधरी के नेतृत्व में महिला कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। महिला मोर्चा अध्यक्ष पूजा चैधरी ने प्रदेश महामंत्री राजेश चैधरी का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर महिला कार्यकताओं ने उनके सफल, यशस्वी एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया।

सील किए गये प्रतिष्ठानों को शर्तों के साथ खोलने की मांग

मथुरा। लखनऊ अग्निकांड के बाद मथुरा-वृंदावन में बिना मानकों के संचालित होटल और गेस्ट हाउसों के कारोबारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर सील किए गए प्रतिष्ठानों को कुछ शर्तों के साथ खोलने की मांग की। मथुरा-वृंदावन के होटल और गेस्ट हाउस संचालकों का एक प्रतिनिधिमंडल सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा से मिला। कारोबारियों ने कहा कि अधिकांश लोगों ने बैंक से लोन लेकर होटल और गेस्ट हाउस बनाए हैं। ऐसे में यदि प्रतिष्ठान लंबे समय तक बंद रहे तो बैंक की किश्तें चुकाना मुश्किल हो जाएगा और उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि होटल संचालन से जुड़ी सभी विभागों की एनओसी के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाया जाए, ताकि अलग-अलग विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी जरूरी मानक जल्द पूरे किए जा सकें। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा ने साफ चेतावनी दी कि किसी भी स्थिति में बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित नहीं होने दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी का रोजगार छीनना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं, पर्यटकों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान नियमों के तहत जल्द किया जाएगा, ताकि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता न हो।

डीएम ने ली जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति और जिला पौधरोपण समिति की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद में पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण 2026, यमुनाजी की स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छता पखवाड़ा, एसटीपी प्लांट, यमुना आरती आदि से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने जनपद की प्राकृतिक संपदा के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य हेतु वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 के सफल संपादन हेतु निर्देश दिए। सरकारी कार्य से जन-आंदोलन की ओर वृक्षारोपण समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आगामी मानसून सत्र में वृक्षारोपण को केवल एक लक्ष्य पूर्ति का जरिया नहीं, बल्कि एक जन-भागीदारी कार्यक्रम के रूप में मनाया जाए। समस्त संबंधित विभागों एवं उपस्थित स्कूल प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि हमारा उद्देश्य वृक्षारोपण करना ही नहीं अपितु उसे पौधे को समझने हेतु पर्याप्त निगरानी रखना भी है।

क्योंकि वृक्षारोपण की कोई भी तिथि जल्द ही आने वाली है जिससे संशोधित निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष समस्त संबंधित विभाग अपनी अपनी कार्य योजना आगामी दो दिवस के भीतर आवश्यक रूप से कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रभागीय निदेशक द्वारा समस्त विभाग अध्यक्षों से अनुरोध किया गया कि वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत हम सभी अपने-अपने आवास पर न्यूनतम 01 पेड़ लगाकर एवं उसकी पर्याप्त देखभाल कर कर अपनी मां को वह पेड़ समर्पित करें। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों और प्रबुद्ध नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि, पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है। हम सभी की सामूहिक सहभागिता से ही मथुरा को एक स्वच्छ और हरित जनपद बनाया जा सकता है।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए को समस्त गंगा ग्रामों में गंगा ग्राम समिति, आर्द्रभूमि समिति तथा ग्राम चैपाल का आयोजन पंचायत स्तर पर एक साथ किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में एस०टी०पी० प्लांटों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यमुना जी में गिरने वाले अपशिष्ट को रोकने, सीवेज प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा जनजागरूकता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, कंस्ट्रक्शन एण्ड डिमॉलिशन वेस्ट प्रबन्धन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, ई-वेस्ट प्रबन्धन, वायु प्रदूषण आदि के संबंध में सख्त निर्देश दिए। उन्होंने ऑनलाइन यू०पी०ई०सी०पी० पोर्टल पर डाटा अपलोडिंग ससमय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यमुना जी की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें।

बैठक में नगर निगम एवं नगर निकायों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करें तथा नालों के माध्यम से नदियों में गंदा पानी जाने से रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। इसके अतिरिक्त, यमुना एक्शन प्लान के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बच्चों के विवाद में चचेरे भाई ने मारी गोली, घायल रेफर

मथुरा। वृंदावन समीपवर्ती गांव राजपुर में बच्चों के मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। विवाद के दौरान चचेरे भाई रोहित सैनी ने अपने ही ताऊ के बेटे मनीष सैनी पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी।गोली मनीष के हाथ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में घायल मनीष को वृन्दावन के जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सीओ सदर वरुण मिश्रा ने बताया कि आरोपी भाई के खिलाफ परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनी दानवीर भामाशाह की जयंती

फिरोजाबाद। दानवीर भामाशाह की जयंती पूरे प्रदेश के साथ-साथ जनपद में भी भव्य रूप से मनाई गई। प्रदेश सरकार द्वारा भामाशाह जी की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाये जाने का संकल्प लिया गया, जनपद स्तर पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन राज्य कर विभाग, फिरोजाबाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम शत्रोहन वैश्य मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार कक्ष में संपन्न हुआ,इस कार्यक्रम में व्यापारिक संगठनों की ओर से सुनील पेंगोरिया अजय मित्तल तथा अनिल मैनेजर के साथ-साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और व्यापारी उपस्थित रहे, इस अवसर पर सभी ने एक स्वर से दानवीर भामाशाह की दानशीलता और योगदान को स्मरण किया, इस अवसर पर विभिन्न समाजसेवी संगठनों तथा सर्वाधिक जी०एस०टी० देने वाले व्यापारिक संगठनों को स्मृति पत्र मोमेन्टो व पुरस्कार देते हुये उनके समाज के लिये किये गये योगदान को सराहा गया, इस अवसर पर समाज में अपना योगदान देने वाले कुछ विशिष्ट व्यक्तियों संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया,जिनमें से सेठ विमल कुमार जैन सेवार्थ संस्थान व ट्रॉमा सेन्टर के संचालक पी०के० जिंदल को उनके जनपद को मेडिकल क्षेत्र में किये गये अभूतपूर्व योगदान हेतु, हनुमान प्रसाद जी ट्रॉमा सेन्टर व कैंसर हॉस्पीटल के संस्थापक सदस्य व स्वामी बच्चू बाबा विद्या मंदिर के अध्यक्ष, दि ग्लास इंडस्ट्रीयल संडिकेट डायरेक्टर के रूप में अपने योगदान हेतु, राहुल जैन को उनके पिता की स्मृति में बनाये गय, दिनेश चंद जैन कैंसर स्मृति सेवा संस्थान के संस्थापक के रूप में भारी आर्थिक योगदान हेतु,डॉ०प्रतीश अग्रवाल द्वारा संचालित एम०सी०अग्रवाल हॉस्पीटल में 24 घंटे इमरजेंसी व क्रिटिकल केयर की सुविधा हेतु तथा संजीव बंसल द्वारा

ब्लड डोनेशन कैंप आयोजन ट्रस्ट द्वारा आयोजित नेत्रों के ऑपरेशन कांवड़ियों की सेवा जल सेवा हेतु सम्मानित किया गया।इस अवसर पर बोलते हुए शत्रुघ्न वैश्य मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि व्यापारियों ने हमेशा ही आगे बढ़कर देश और समाज की सेवा की है, स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जमुनालाल बजाज, घनश्याम दास बिरला,जमशेदजी टाटा के योगदान को कदापि नहीं भुलाया जा सकता, दानवीर भामाशाह के योगदान से आज पूरा राष्ट्र गौरवान्वित है,उनकी जन्मशती का आयोजन उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है,आज जरूरत है कि हम व्यापारियों को सिर्फ शब्दों से ही नहीं हृदय से भी याद रखें और इसी का परिणाम है कि दानवीर भामाशाह जी की जयन्ती को राज्य सरकार द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है,जो कि अत्यन्त सराहनीय व प्रशंसनीय है।इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील पैंगोरिया ने कहा कि व्यापारियों ने सदैव राष्ट्र प्रेम की भावना से प्रेरित होकर कार्य किया है, हम सब इस बात के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है, कि समाज और राष्ट्र के लिए सदैव समर्पित रहेंगे, इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के व्यवस्थापक धर्मेंद्र बहादुर ज्वाइंट कमिश्नर कार्पोरेट सर्किल राज्य कर फिरोजाबाद रहे, वहीं मंच का संचालन ब्रजेश कुमार उपायुक्त राज्य कर खण्ड-2 फिरोजाबाद तथा कार्यक्रम में अशित कुमार सिंह उपायुक्त शेखर चौरसिया उपायुक्त सुश्री सृष्टि जैन सहायक आयुक्त राधा स्वामी सहायक आयुक्त,प्रद्युम्न चौधरी सहायक आयुक्त तथा अन्य राज्य कर अधिकारी व मंच पर शेखर चौरसिया उपायुक्त राज्य कर धर्मेंद्र बहादुर जॉइंट कमिश्नर शत्रुघ्न वैश्य मुख्य विकास अधिकारी सुनील पैंगोरिया भारतीय उद्योग एवं व्यापार मंडल प्रदेश महामंत्री अनिल मैनेजर और अजय मित्तल व्यापार मंडल मंच संचालन बृजेश कुमार उपयुक्त राज्य कर आदि उपस्थित रहे।

बैराज व डूब क्षेत्र पर चुप्पी, अधूरे पड़े एयरपोर्ट का कैसे होगा लोकार्पण

आगरा। ताजनगरी को पिछले 60 वर्षो से झूठे सपने दिखाकर तमाम रजनैतिक दल आम जनता को चूना लगाकर वोट बटोरने का कार्य करते आ रहे है। अब उसमें भाजपा सरकारे भी सामिल है। पिछले 12 वर्षो से मोदी सरकार व 9 वर्षो से योगी सरकार जो सत्ता में है वह भी उसमें सामिल हो गई है। सनातन के ठेकेदार आजतक सनातन की मां यमुना को जीवंत नहीं कर पाये। मोदी ने तो आगरा को अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाकर देने का वायदा किया था लेकिन वह जेबर चला गया अब सिविल एयरपोर्ट रह गया जिसका भी 12 वर्षो से निर्माण रूका हुआ है। रनेवे विस्तार आदि की एनओसी के लिए अब तक कोर्ट में पेरवी तक नहीं की गई। अब फिर से यूपी चुनाव नजदीक आने पर आम जनता को मुंगेरी लाल के हशीन सपने दिखाने का कार्य किया जा रहा है। आपाके बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में समीक्षा बैठक के दौरान मेट्रो और खेरिया एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव का निर्माण अक्टूबर तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संकेत दिया कि अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगरा आ सकते हैं, इसलिए दोनों परियोजनाओं का लोकार्पण उसी दौरान कराने की तैयारी की जाए। सड़कों की समीक्षा करने रविवार को आए मुख्यमंत्री योगी

- 60 साल से यमुना पर बैराज का इंतजार, 12 वर्षा से रनवे विस्तार भी लटका, कोर्ट में पैरवी होगी

आदित्यनाथ ने शहर में विकास कार्यो की भी समीक्षा की। आगरा मेट्रो और खेरिया एयरपोर्ट के सिविल एन्क्लेव का काम अक्तूबर तक हर हाल में पूरा करने की हिदायत दी।

उन्होंने कहा कि अक्तूबर में प्रधानमंत्री आगरा आ सकते हैं। उससे पहले दोनों कार्यों को पूरा कराएं, जिससे लोकार्पण हो सके। मंडलायुक्त सभागार में बैठक करते हुए सीएम ने कहा कि दोनों कामों में किसी प्रकार की देरी न हो। आगरा मेट्रो फिलहाल ताजमहल से मनःकामेश्वर स्टेशन के बीच चल रही है। इसे आईएसबीटी तक अगले माह तक चलाना प्रस्तावित है। वहीं सिकंदरा स्टेशन का काम दिसंबर में पूरा होना है। इसी तरह आगरा कैंट स्टेशन से आगरा कॉलेज तक दूसरे कॉरिडोर के हिस्से का निर्माण कार्य भी दिसंबर तक पूरा होना है। धनौली में एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से सिविल एन्क्लेव का निर्माण जारी है। यह काम भी अक्तूबर तक पूरा करना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पण के लिए दोनों काम अक्तूबर तक पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में सिविल एन्क्लेव के रनवे विस्तार में बाधा बन रहे पेड़ों को काटने का मामला उठा तो मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी कराने के लिए कहा। विकास कार्यों की बैठक में एत्मादपुर के विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह ने दयालबाग से खंदौली को जोड़ने के लिए यमुना नदी पर पुल, एत्मादपुर बाईपास, विधायक डॉ. जीएस धर्मेश ने ग्वालियर रोड पर जलभराव रोकने के प्रस्ताव रखे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जल आयोग ने नगला पैमा में प्रस्तावित रबर डैम योजना को तकनीकी रूप से व्यावहारिक न मानते हुए उसे निरस्त कर दिया है। इसके स्थान पर आयोग ने ताजमहल के पीछे डाउन स्ट्रीम में यमुना पर एक पारंपरिक पक्का बैराज बनाने की सिफारिश की है। लगभग 9 साल पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 26 अक्तूबर, 2017 को ताजमहल के 1.5 किमी आगे नगला पैमा में रबर डैम का शिलान्यास किया था।

चोरी की बाइक और अवैध चाकू के साथ दो शातिर गिरफ्तार

मथुरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराधियों और चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रिफाइनरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं।थाना रिफाइनरी पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और अज्ञात चोरों की तलाश में सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे वीरेन्द्र सिंह पुत्र जीतू सिंह, रवि पुत्र सुभाष निवासीगण बाद, थाना रिफाइनरी घेराबंदी कर दबोच लिया गया। अमली जामा पहनाने पर उनके पास से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल और दो अवैध चाकू बरामद हुए है। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली थाना रिफाइनरी की टीम में अजय कौशल (थाना रिफाइनरी प्रभारी) उनि विक्रान्त तोमर, उनि रोहित उज्जवल, का. विशाल कुमार, का. नीतेश मलिक पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ इस तरह का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

बच्चों को भावनात्मक साझीदार बनायें

प्रो. आर एन त्रिपाठी

प्यार कोई करता नहीं, हो जाता है। संसार में अब तक जितने समाज विज्ञानी या सौंदर्यशास्त्री अथवा मानव विज्ञानी, मनोवैज्ञानिक हुए हैं, सब ने प्यार को एक यथासमय उत्पन्न होने वाली अनिवार्य संवेदनात्मक स्थिति कहा है, जो एक हृदय से दूसरे हृदय में बड़ी पवित्रता के साथ प्रस्तावित होता है परंतु आजकल देश-दुनिया में जो घटनाएं सामने आ रही हैं, उनसे अब प्यार की पवित्रता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

संत कबीरदास ने कहा है कि 'प्रेम गली अति सांकरी जामे दूजो नहीं समाय' अर्थात प्रेम केवल दो के बीच में ही पूर्णता प्राप्त करता है। प्रेम में दो के अतिरिक्त तीसरे के लिए कहीं कोई जगह नहीं है। तीसरा आ ही नहीं सकता। आ गया तो प्रेम वासना का स्वरूप ले लेता है। लेकिन, लगता है कि अब वह पवित्र प्रेम कहीं खो गया है, जिसकी कसमें खाई जाती थीं। साथ-जीने और मरने के वादे किए जाते थे। कभी प्रेम को लेकर एक गीत गाया जाता था कि जी नहीं सकते तुम्हारे बिना। हालात यह है कि अब प्रेम एकवचन न होकर बहुवचन में तब्दील हो रहा है। युवाओं में एक से प्यार की बात अब गुजरे जमाने की बात होती नजर आ रही है। समाज के पारखियों की मानें, बड़े-बुजुर्गों की मानें तो जब और जहां प्यार एक की जगह दो से हुआ, तब वह चटक जाता है, टूट कर बिखर जाता है और पुण्य से पाप में बदल जाता है। प्रेम और प्यार मानव इतिहास की उत्पत्ति से सदा साथ चले आने वाले सहज भाव हैं। प्यार की संवेदनशीलता किसी सेभी छिपी नहीं है। यह वह मानवीय गुण है जो सहज ही प्रकट होता है। प्यार कोई करता नहीं, हो जाता है। संसार में अब तक जितने समाजविज्ञानी या सौंदर्यशास्त्री अथवा मानव विज्ञानी, मनोवैज्ञानिक हुए हैं, सब ने प्यार को एक यथासमय उत्पन्न होने वाली अनिवार्य संवेदनात्मक स्थिति कहा है, जो एक हृदय से दूसरे हृदय में बड़ी पवित्रता के साथ प्रस्तावित होता है परंतु आजकल देश-दुनिया में जो घटनाएं सामने आ रही हैं, उनसे अब यह प्यार की पवित्रता पर सवाल उठने लगे हैं।

पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड से पता चलता है कि समाज में एक ऐसी पीढ़ी ऐसी भी है जिसके लिए लोक-लाज कोई खास मायने नहीं रखता। वह किसी भी सीमा तक जा सकती है और किसी भी तरह का अपराध कर-करा सकती है। 20 वर्षीय एक युवती का करोड़पति परिवार के साथ जुड़ना, पारिवारिक कारोबार में समतुल्य होना, किसी प्रकार का कोई आर्थिक अभाव नहीं होना, लेकिन केवल इस बात से नाराजगी कि उसके मंगेतर के सर पर उसकी अपेक्षा के अनुरूप बाल नहीं हैं, समझ से परे है। उसकी इस सनकी मानसिकता ने इस प्यार-प्रेम के संसार को कालिख

लगा दी है। वह कितनी खूंखार अपराधी बन गई। ऐसी साजिश रची कि अपने मंगेतर को किले से धकेल दिया। इस घटनाने हर आम और खास को सोचने पर विवश कर दिया है कि आखिर हमारी युवा पीढ़ी चारित्रिक पराभव के किस बियावान में भटक रही है। अभी तक कथा-कहानियों और फिल्मों में दिखाया जाता था, मौजूदा प्रकरण उस कल्पना का मूर्त रूप है। अपने कृत्य पर सिया और उसके प्रेमी को कोई पछतावा नहीं, न ही उसे किसी भी तरह के दुख का अहसास है, उल्टे उसकी चाल में और तेजी है और वह सामान्य सी दिख रही है। यह और भी सोचनीय तथ्य है जिस पर तत्काल गहन-आत्ममंथन की जरूरत है।

केतन हत्याकांड

सिया के कुकृत्य ने परिवार बसाने की धारणा को आहत किया है। उन सामाजिक अवधारणाओं को ध्वस्त किया है जिसमें स्त्री-पुरुष एक रथ के दो पहिए माने जाते हैं। उसने उन भावनाओं को भी तोड़ दिया जिसमें पैसा, प्रतिष्ठा और सामाजिक हैसियत के कारण कभी दरार आती थी। यह दुनिया के सामने एक ऐसा धोखा था जो मंगेतर के सामने भविष्य के सपनों की जिंदगी का नाटक कर रही थी और असल में उसकी हत्या की योजना बना रही थी। यह केवल एक अपराध की कहानी भर नहीं है, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने और विवाह नामक संस्था में यकीन रखने वालों की भावना को आहत करने की कुटिलता भी है। यह एक लड़की की ऐसी कहानी है, जो खलनायक बनकर उभरी है। किसी से प्रेम करना बुरा नहीं है। अगर किसी से प्रेम है तो इस बारे में अपने परिजनों को बता देना चाहिए। विवाह तय होने के बाद एक निर्दोष युवक के जज्बात से खेलना, उसकी जान लेना किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है। अगर यह रिश्तों की कहानी होती तो यह इनकार करके तोड़ी जा सकती थी कि मैं शादी नहीं करूंगी अथवा किसी भी बहाने से इनकार किया जा सकता था अथवा लड़की कहीं दूसरी जगह भाग भी सकती थी परन्तु उसने जो कुछ भी किया, उसने न केवल उसके माता-पिता की परवरिशपर सवाल खड़ाकर दिया है बल्कि संस्कारहीनता को पराकाष्ठा तक पहुंचा दिया है। सामाजिक सम्मान को खोने की ऐसी मिसाल दी है, जिस पर पूरा देश सोचने को विवश हैं।

इस कहानी को यहां लिखने का तात्पर्य उसकी पुनरावृत्ति को रोकना है। उस सोच को बदलना है जो विशेषकर के शहरी भारत से जुड़े परिवारों की सोच है, जिसमें भारतीय परिवारों को शादी के बारे में तो बहुत सिखाया जाता है परंतु बहुत कम लोग यह सिखाते हैं कि अगर रिश्ता सही न हो तो उसे किस सहजता के साथ छोड़ दिया जाए। हम वादों को तो अच्छा मानते हैं परंतु किसी गलत फैसले के समय पीछे हटने की कमजोरी को हम शर्म की तरह देखते हैं और यहीं से शुरू होती है सिया और केतन जैसी कहानी। हम समारोह पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं लेकिन लड़के और लड़कियों की भावनात्मक समझ पर न तो समय देते हैं और न कभी काउंसलिंग ही करते हैं। न तो उनके साथ बैठकर के उनकी समस्याओं को समझते और न ही उन समस्याओं के समाधान पर वक्त जाया करते हैं। आज हम अपने संतानों की शादी में करोड़ों रुपए खर्च करने के लिए रात-दिन परिश्रम करते हैं, पैसा जुटाते हैं, लेकिन कुछ घंटे अपने बेटे या बेटियों के साथ बैठकर उन्हें रिश्तों की सहजता और असहजता पर कैसे इनकार किया जाए या कैसे सहज भाव से स्वीकार किया जाए, इसका प्रशिक्षण कभी नहीं देते हैं। जब सारे समारोहों की तैयारी पूरी हो चुकी थी, सारे वेन्यू फाइनल हो चुके थ, तब सिया ने जो केतन के साथ किया, उससे यह प्रतीत होता है कि धन, संपत्ति, सम्मान और परिवार की प्रतिष्ठा का बोध आजकल के बच्चों को कदापि नहीं है, उसके लिए वही दोषी हों, ऐसा भी नहीं है क्योंकि हमने अपने बच्चों को ऐसा न करने के लिए न तो समय दिया और न ही उचित संस्कार दिया।

आजकल ऐसी घटनाएं या तो बहुत गरीब परिवार के साथ हो रही हैं या तो बहुत ही संपन्न परिवार के साथ क्योंकि उसके पीछे दोनों के पास अपने बच्चों में भावनात्मक मजबूती लाने, उनके बचपन में झगड़ों को सुलझाने और सुझाव देने की आदत अभिभावकों में है ही नहीं। वह उन्हें स्वतंत्र जीवन जीने का पूर्ण अधिकार दे चुके होते हैं। मुश्किल की घड़ी में फैसला लेने की सीख, रिश्तों के नाकाम होने की जानकारी, समाज की मर्यादाओं का बोध हम अपने बच्चों को नहीं करा पा रहे हैं। परिणाम ऐसा हो रहा है कि प्रेम की फुहार की जगह नफरत की तेजाब बनकर बच्चे स्वयं को नष्ट कर रहे हैं। और उस पीड़ा को अभिभावक भी झेल रहे हैं। आज हम उन्हें विदेश की पढ़ाई और उनके शान-शौकत पर बहुत खर्च कर रहे हैं परंतु यह ध्यान रहे कि उनमें आत्मबोध, प्यार की पवित्रता का भाव तब तक नहीं आयेगा जब तक अभिभावक अपने कर्तव्यों और दायित्वों से गाफिल रहेंगे। रिश्तों में असहज होने पर कैसे निर्णय लिया जाता है, यह समझ बच्चों में जब तक माता-पिता विकसित नहीं करेंगे, तब तक उनके प्रेम का घरौंदा कभी ढंग से बन ही नहीं पायेगा और कदाचित बन भी गया तो उसमें प्रेम के कलरव नहीं होंगे। इसीलिएतो कहा गया है कि 'वो अफसाना जिसे अंजाम तक लाना न हो मुमकिन, उसे एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ना अच्छा।'

(लेखक बीएचयू में समाजशास्त्र के प्रोफेसर हैं)

नागरिकता का प्रमाण ?

पासपोर्ट केवल यात्रा दस्तावेज है, आधार कार्ड पते का प्रमाण है, डीएल वाहन चलाने का लाइसेंस है, स्कूल सार्टिफिकेट शैक्षिक प्रमाण पत्र है, वोटर आईडी मतदान का अधिकार देता है, पैन कार्ड का महत्व वित्तीय लेन-देन व आईटीआर तक सीमित है। उपरोक्त तमाम कार्ड, दस्तावेज, लाइसेंस और प्रमाण में से एक भी ऐसा नहीं है कि जिससे यह साबित हो पाये कि आप भारत के नागरिक हैं। देश में हर चीज के लिए एक कार्ड, लाइसेंस या प्रमाण है... बस आपके नागरिक होने का कोई पुख्ता प्रमाण जारी करने की व्यवस्था देश की सरकार ने नहीं की है। फिर हम कैसे यह प्रमाणित करेंगे कि भारतीय हैं, इसी मिट्टी में जन्म लिया है और इसी में विलीन हो जाना है। जाहिर है संवेदनहीन तंत्र आपके दिल की आवाज तो सुनेगा नहीं और प्रमाण कोई नहीं। यकीनन हम भारतीय हैं, लेकिन जीवन के किसी मोड़ पर आप को कहा जाये कि भारतीयता साबित करो, तो आप क्या करेंगे ? असमर्थ और असहाय महसूस करेंगे, क्योंकि यह बेहद पेचीदा मामला बन गया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि पास पोर्ट महज एक यात्रा दस्तावेज है, नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं है। देश की सर्वोच्च अदालत भी 2006 और 2013 में दो महत्वपूर्ण फैसले सुना चुकी है कि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं है। 2013 में ही बंबई उच्च न्यायालय भी ऐसा ही फैसला सुना चुका है। तत्कालीन मनमोहन सरकार ने भी उच्च न्यायालय में हलफनामा देकर स्पष्ट किया था कि पासपोर्ट नागरिकता का दस्तावेज नहीं है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि विशेष परिस्थितियों में पासपोर्ट गैर-भारतीय को भी जारी किया जाता रहा है, लिहाजा इसे नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जा सकता। सवाल है कि पासपोर्ट के कवर पर 'भारतीय

गणराज्य' अंकित होता है और शेष विश्व में उस दस्तावेज का धारक 'भारतीय' माना जाता है। उसकी पहचान 'भारतीय' के तौर पर होती है। फिर पासपोर्ट नागरिकता का आधार क्यों नहीं है ? 'गैर-भारतीय' के पासपोर्ट पर उसकी नागरिकता का उल्लेख किया जाता है। बहरहाल पासपोर्ट की बहस यहीं रोक देते हैं, लेकिन करीब 134 करोड़ देशवासियों के पास आधार कार्ड है। 97 करोड़ से अधिक देशवासियों को वोटर आईडी जारी किए गये हैं। देश का नागरिक ही मतदाता बन सकता है, लिहाजा मतदाता पहचानपत्र परोक्ष रूप से नागरिकता की पुष्टि करता है। करोड़ों भारतीयों के पास राशन कार्ड, पैनकार्ड, भूमि स्वामित्व के दस्तावेज और जन्म प्रमाणपत्र हैं। ये तमाम दस्तावेज सरकारी हैं और सरकारी विभागों ने ही जारी किए हैं। इन्हीं के आधार पर सरकारें 81.35 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त राशन हर माह बांटती हैं। क्या विदेशियों को यह राशन बांटा जा रहा है ? बहरहाल आधार कार्ड की मांग सर्वाधिक है, क्योंकि यह धारक की पहचान का प्रमाण पत्र है, लेकिन सरकार इसे भी नागरिकता का आधार नहीं मानती। आधार कार्ड धारक की पहचान के मायने क्या हैं ? धारक का नाम, पिता/पति का नाम, जन्मतिथि, संपर्क-सूत्र और बेहद संवेदनशील बॉयोमीट्रिक डाटा इस कार्ड में निहित है। ऐसी पहचान का व्यक्ति भारतीय क्यों नहीं है ? आखिर इतने सरकारी कार्ड, दस्तावेजों का औचित्य क्या है ? गंभीर और संवेदनशील सवाल है कि औसत भारतीय अपनी नागरिकता किस आधार पर साबित करे ? यदि मोदी सरकार देश में नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन की व्यवस्था लागू करना चाहती है और उसे मानक नागरिकता दस्तावेज की मान्यता देना चाहती है, तो स्पष्ट करे। बहानों और बेजा दलीलों की आड़ में छिप कर 147 करोड़ से अधिक भारतीयों की नागरिकता पर सवाल उठाना न तो राष्ट्रवाद है और न ही देशहित में है। एनआरसी की व्यवस्था 1952 से शुरू की गई थी, संविधान में भी प्रावधान है, लेकिन आज तक यह व्यवस्था देश भर में लागू नहीं हो सकी। राजनीतिक तौर पर एक विशेष समुदाय के मन में इसको लेकर बड़ी आशंकाएं हैं। इनको दूर करने की जरूरत है। नागरिकता पर बार-बार सवाल उठने से आम आदमी के मन में भय पनपता है कि न जाने कब, कहां नागरिकता साबित करनी पड़े।

विचार

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

-तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हो, उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

-फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुनः कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

-मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

-महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

सोशल मीडिया

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी को फिर से राज्य सभा सदस्य निर्वाचित होने और सदस्यता का शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई और शुभ कामनाएं। राहुल गांधी.

डबल इंजन की सरकार विरासत संरक्षण, विकास रोजगार, किसान कल्याण और व्यापार के अनुकूल वातावरण बनाने के संकल्प को निरंतर साकार कर रही है। सीएम योगी.

प्रभु श्री राम के मंदिर में लूट के मामले में गठित की गयी एसआईटी केवल बड़े-बड़े लोगों को बचाने व आमजन के लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए बनायी गयी है। संजय सिंह.

अध्यात्म के सोपान

अंतर्दृष्टि

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं।

योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

परीक्षा पास कराने वाले गिरोह

व्यंग्यलोक

इन दिनों परीक्षाओं का चक्रव्यूह चल रहा है। इधर-उधर पास कराने वाले गिरोह पनप रहे हैं। वे बच्चों को पास होने के लिए उकसा रहे हैं। इस गिरोह में शिक्षक भी शामिल है। वे बच्चों को पढ़कर पास होने जैसे घटिया कामों की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं। ऐसे झांसेबाज शिक्षकों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। जो पढ़ेगा, वह बस पढ़ता ही रह जाएगा। जो फेल होगा वही एक दिन राजा बन जाएगा। चुनाव लड़ जाएगा और फटाक से शिक्षा मंत्री हो जाएगा। इसलिए हर कोई फेल होना चाहता है। लेकिन फेल होना हर किसी के भाग्य में नहीं है ! कमबख्त परीक्षक ! वे खाली कॉपी में भी सफाई के नंबर देकर पास के चक्रव्यूह में फंसा देते हैं। ये तमाम शिक्षकों-परीक्षकों की साजिश है ! जाने कैसे वे पास कर देते हैं ? अगला साल भर फेल होने के लिए मेहनत करता है। लेकिन उस पर पानी फेर देते हैं। परीक्षा की कॉपियां परीक्षकों के बच्चे ही जांचते हैं और वे पास कर देते हैं। आखिर परीक्षक भी करें तो क्या ? कमबख्त ! फेल होना किसे अच्छा नहीं लगता है ? बच्चे लोग फेल होने के लिए रात-दिन मेहनत भी करते है। ऐसे में जिनके इरादे और हौसले बुलंद हो तो निश्चित ही वे फेल होने के लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। वे शानदार ढंग से फेल होकर सबके लिए एक नई मिशाल पेश करते है। कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती, ये बात तो हर कोई कहता है। लेकिन अगर बार-बार कोशिश करने के बाद भी फेल न हो सकें तो फिर क्या करें ? इस बात को कोई नहीं बताता। यदि ट्राई अगैन का फामूर्ला पूरा समझना है तो गुरुओं से समझो। अगर एक-दो बार कोशिश करने के बाद भी फेल नहीं हो तो क्या किया जाए ? गुरु कहते हैं कि फेल होना ही जिंदगी का असली मकसद होना चाहिए। फेल होने में ही जिंदगी का सार है। जो फेल होता है वही संसार में सब पर राज करता है। जो पास हो जाते हैं, वे पढ़ते ही जाते हैं। फिर कोई छोटी सी नौकरी लग जाती है। फिर उसके बाद भी पढ़ते ही रहते। जिंदगी में पढ़ते-पढ़ते सड़ जाते हैं। इसलिए फेल होने में ही जिंदगी का असली आनंद आता है। जी भर कर कोशिश करते रहिए और फेल होने के लिए दम भरते रहिए। ए दोस्त, तेरी जिन्दगी की राह में पास कराने वाले हजारों दुश्मन आएंगे। असली खुशियां जब होगी जब आप फेल होकर दुनिया में अपना नाम रोशन कर जाएंगे। यहां सतत संघर्ष फेल होने का चल रहा है। गुरु परीक्षा में पास करने की साजिश रच रहा है। ए दोस्त हारना मत ! फेल होने के लिए पूरा जोर लगा देना। बढ़िया तरीके से फेल होने के लिए पूरी अप्रोच लगा देना। जीवन के संघर्ष में पास होकर टूटा भी हूं और परेशान भी हूं मैं। लेकिन ए जिंदगी मैंने हार नहीं मानी और इस बार फेल होकर बहुत निखरा भी हूं मैं। जीवन के सफर में जो फेल होकर आगे बढ़ता जाता है।

रामविलास जॉगिड़

हमारी ब्रह्माण्डीय कल्पना को आकार देते हैं 'क्षुद्रग्रह'

विज्ञान

अपराजिता

साल 2006 में जब प्लूटो ग्रह का डिमोशन हुआ, तभी से वैज्ञानिक समुदाय और खगोलीय विषयों पर रूचि रखने वाले समुदायों ने मिलकर 30 जून को क्षुद्रग्रह दिवस मनाना शुरू किया है। कहने का मतलब यह कि यह कोई राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय दिवस तो नहीं है, बस समान रूचि वाले वैज्ञानिकों, मीडिया कर्मियों, वैज्ञानिक प्रकाशन ग्रहों और सोशल नेटवर्क में सक्रिय लोगों की ग्रहीय अध्ययन की उत्सुकता का एक जुटान है। इसलिए क्षुद्रग्रह दिवस या ड्वार्फ प्लेनेट डे को लेकर कोई आधिकारिक कार्ययोजना या कोई लक्ष्य नहीं तय होता। बस इसे ग्रहीय अध्ययन के दिन के रूप में चिन्हित किया गया है और इसकी कोई बहुत निश्चित थीम भी नहीं होती, फिर भी 2025 की थीम- 'सौरमंडल की उत्पत्ति और छुपी हुई नई खोजें', के इर्दगिर्द केंद्रित है। खास करके ट्रांस-नेप्च्यूनियन पिंडो की खोज के द्वारा। ये सभी बिंदु मिलकर मानव समाज में विज्ञान, शिक्षा, समझ और कल्पना को एक नई दिशा प्रदान करते हैं।

फिर भी यह एक बुनियादी सवाल उठता है कि आखिर हमें क्षुद्रग्रहों के विषय में क्यों जानना चाहिए या क्षुद्रग्रह के बारे में जानने से क्या होगा ? इस सवाल को और फोकस करना हो तो कह सकते हैं कि आखिर इंसान को क्षुद्रग्रहों के बारे में जानने से क्या फायदा होगा ? वास्तव में इस दिन की खासियत पर अगर हमें प्रकाश डालना है तो इस सवाल का जवाब ढूंढ़ना होगा। दरअसल क्षुद्रग्रहों के बारे में जानने से इंसान को एक नहीं अनेक फायदे हैं। क्षुद्रग्रह जिन्हें एस्टेरॉयड भी कहते हैं, के बारे में जानना वाकई ब्रह्मांड को सिरे से जानना है। आइये क्रम से समझें कि आखिर क्षुद्रग्रहों की समझ से इंसान को क्या फायदा होगा ?

पृथ्वी की सुरक्षा

हम इस बात को जानते हैं कि कई क्षुद्रग्रह पृथ्वी की कक्षा के नजदीक आते हैं। अगर हमें इनकी गति, इनके रास्तों आदि का पता हो जाए तो हम यह जान सकते हैं कि भविष्य में इनकी पृथ्वी से किसी आशंकित टक्कर को कैसे टाला जा सकता है ? अगर कोई क्षुद्रग्रह वास्तव में पृथ्वी से टकराने की स्थिति में हो, तो हम उसका रूख मोड़ने के बारे में सोच सकते हैं।

सौरमंडल का इतिहास जानना

वास्तव में जिन्हें हम क्षुद्रग्रह कहते हैं, वे दरअसल सौरमंडल के निर्माण के शुरूआती दिनों की शेष बची सामग्री हैं। इन्हें जानने से हम यह समझ सकते हैं कि आखिर ग्रह कैसे बने होंगे, साथ ही यह भी कि सौरमंडल की रचना कैसे हुई होगी और धरती पर जीवन के लिए जरूरी तत्व कहां से और कैसे पहुंचे होंगे ?

खगोलीय खनन

अब तक यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि कई क्षुद्रग्रहों में बहुमूल्य धातुएं, जैसे प्लेटिनम, निकेल और सोना तथा पानी (हाईड्रोजन और ऑक्सीजन के रूप में) मौजूद होता है। ऐसे में भविष्य में इंसान धरती के संसाधन कम या खत्म होने के बाद कोशिश करेगा कि अंतरिक्ष से ये संसाधन हासिल करे। यही नहीं अंतरिक्ष स्टेशनों को सप्लायी देने के लिए भी इन खनिजों का दोहन किया जा सकता है। एक तरह से यह कोशिश अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का एक नया द्वार खोल सकती है।

तकनीकी विकास और जीवन की खोज

पिछले कई दशकों से इंसान इन क्षुद्रग्रहों पर कई तरह के मिशन भेजने की कोशिश कर रहा है। भविष्य में इनके भेजने से हमारी रॉकेट तकनीक तथा स्वचालित रोबोटिक्स, नई ऊंचाईयों पर पहुंचेगी। इन तकनीकों का दूरसंचार और एआई की नई से नई तकनीकों में शामिल करके हम क्षुद्रग्रहों को टटोलने के प्रयास में धरती पर जबर्दस्त तकनीकी विकास करेंगे। साथ ही इन ग्रहों के जरिये वैज्ञानिक अंततः यह पता लगाने में सक्षम साबित होंगे कि धरती पर आखिर जीवन पैदा कैसे हुआ ? वैज्ञानिकों का मानना है कि इन क्षुद्रग्रहों के जरिये ही धरती पर कार्बनिक पदार्थ और पानी पहुंचा होगा, जिससे जीवन संभव हुआ होगा। लेकिन अभी पूरी तरह से सत्य नहीं यह अनुमानभर है। भविष्य में क्षुद्रग्रहों के व्यापक अध्ययन से इस अनुमान पर वास्तविकता की मोहर भी लग सकती है।

अंतरिक्ष अन्वेषण में मदद

भविष्य में इंसान मंगल ग्रह और उसके आगे के मिशनों पर खोज अभियान चलायेगा। तब इन्हीं क्षुद्रग्रहों को स्टॉपिंग प्वाइंट या फ्यूल स्टेशन के तौरपर उपयोग किया जा सकता है। ..तो इस तरह हम संक्षेप में जान सकते हैं कि क्षुद्रग्रहों का इंसान के लिए व्यापक अध्ययन कितना महत्वपूर्ण है और आखिर इससे भविष्य की पीढ़ियों को अनगिनत लाभ मिलने वाले हैं।

आप की बात

दुर्घटनाओं में मौत के बढ़ते आंकड़े

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओ में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.

कुशल कामगारों की कमी

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

मंदिर में चोरी का केस दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनारी स्थित जुगल किशोर मंदिर में चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में स्थित पुजारी की कुटी को निशाना बनाते हुए रात के समय उनके सिरहाने रखा बैग चोरी कर लिया। बैग में नकदी, मोबाइल फोन, नए वस्त्र और भगवान के चांदी की परत चढ़े दो छोटे मुखौटे रखे हुए थे। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रुप से ग्राम कालापहाड़ निवासी कमलदास उर्फ करतार सिंह पुत्र जयराम सिंह ने बताया कि वह वर्तमान में रघुनाथपुरा रोड स्थित ग्राम पनारी के जुगल किशोर मंदिर में पुजारी हैं और मंदिर परिसर की कुटी में ही निवास करते हैं। पुजारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 26 और 27 जून की दरमियानी रात वह अपनी कुटी में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर कुटी में घुस आए और उनके सिरहाने रखा बैग चोरी कर ले गए। सुबह जब उनकी नींद खुली तो बैग गायब देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों और पुलिस को घटना की सूचना दी।

सांसद ने की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

जिला संवाददाता

ललितपुर। झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सांसद ने सर्वप्रथम जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक एवं मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति चन्द्र केसरवानी उपस्थिति रही। बैठक में सर्वप्रथम सांसद ने विभागवार संचालित केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और जिले में प्रायोजित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए वीवी जीरामजी योजना का ग्राम पंचायत स्तर पर बैठकें कराकर योजना के बदलाव व लाभों के बारे में प्रचार प्रसार करवाने के निर्देश दिए, साथ ही ग्राम स्तर पर कैंप लगाकर सभी श्रमिकों के ई श्रम कार्ड बनवाने के निर्देश दिए।

- शहर में पेयजल योजना में लापरवाही बरतने पर जल निगम शहरी के अवर अभियंता को लगायी फटकार
- यूपीसीएनडीएफ के निर्माण कार्यों की प्रगति बेहद धीमी पर सांसद एवं जिलाधिकारी ने की नाराजगी जाहिर

पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, अतुल निरंजन, विजय यादव, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि नरेश पंथ सहित भारत सरकार से नामित प्रतिनिधि अजय पटैरिया, राघवेन्द्र सिंह, शिवानी पाठक, चम्पालाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं संयुक्त विकास आयुक्त, झांसी सुरेश

सांसद ने यह भी बताया कि प्रशासन द्वारा मड़ावरा ब्लॉक से 200 की आबादी तथा अन्य ब्लॉकों से 500 की आबादी वाले मजरों की सूची मांगी गई है, ताकि ऐसे मजरों को पक्की सड़कों से जोड़ा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल्द से जल्द इसका सर्वे कराकर सूची तैयार की जाए, ताकि जिले को पक्की सड़कों की सौगात मिल सके।विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने निर्देश दिये कि उपकेन्द्रों के निर्माण के लिए शासन को जो प्रस्ताव गए हैं, उनमें विशेष प्रयास करके आगे बढ़ाया जाए। हर घर नल योजना की समीक्षा के दौरान तुर्का की ग्राम प्रधान पूजा रैकवार व अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्राम स्तर पर पानी न पहुंचने व सड़कों की खराब स्थिति से सांसद को अवगत कराया, विशेष रुप से ग्राम तुर्का, बानपुर, भैलोनीलोध, बालाबेहट व आसपास के ग्रामों को संज्ञान में लाया गया, इस पर सांसद ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही रोड रेस्टोरेशन की समीक्षा में नगरीय क्षेत्र में लेड़ियापुरा से गोविन्द सागर बांध तक मुख्य मार्ग कई महीनों से खराब स्थिति में होने की शिकायत की गई, साथ ही पेयजल योजना में घोर लापरवाही बरतने पर अवर अभियंता जल निगम शहरी अवनीश मिश्र को फटकार लगाते हुए सांसद ने कड़े निर्देश दिये कि शहर में पेयजल की आपूर्ति को सुचारु करायें और शहर में भ्रमण कर सड़कों की स्थिति का जायजा लें तथा त्वरित गति से कार्य करायें।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सदर विधायक ने पोस्टमार्टम के नाम पर अवैध धन मांगे जाने की शिकायत की, इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बंधित बाबू को उक्त पटल से हटाने के निर्देश दिये गए। साथ ही उन्होंने क्रियाशील हेल्थ एटीएम की सूची तलब करते हुए खराब हेल्थ एटीएम को दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गए कि हर्षपुर ग्राम में चैपाल लगाकर वहां की स्थिति का जायजा लें और इस ग्राम को आदर्श ग्राम की श्रेणी में लाने का प्रयास करें।निमार्ण एजेन्सी यूपीसीएनडीएफ के कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि एजेन्सी द्वारा जिले के 7 विभागों के कार्य कराये जा रहे हैं, किन्तु निर्माण कार्यों की प्रगति बेहद धीमी है, इस पर सांसद एवं जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रतिनिधि को निर्माण कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण कराने के निर्देश दिये, साथ ही चेतावनी दी यदि कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होती है तो सम्बंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीडीओ शेषनाथ चोहान, प्रिसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, डीआईओएस ओपी सिंह, अधि.अभि. जल निगम शहरी मुकेश सिंह, अधि.अभि. जल संस्थान मुंशीलाल आदि उपस्थित रहे।

जागो री जागो संस्था ने महिला अस्पताल में प्रसूताओं को बांटे 90 पैकेट फल

बाराबंकी। जागो री जागो संस्था के तत्वाधान में जिला महिला अस्पताल मे भर्ती प्रसूताओ में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रभारी ब्लड बैंक जिला अस्पताल डा0 श्रीश चन्द्र सोनकर ने सेब, आम, केला, बंद सहित 90 पैकेट वितरण किया। डॉ रवींद्र आहूजा ने अगले 6 माह तक अपना दूध पिलाते रहकर सही ढंग से बच्चे की देखभाल की जानकारी दी। इस मौके पर संस्था प्रमुख चन्द्र प्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य एवं सरकारी अस्पताल मे प्रसव कराने हेतु जागरूक करना है। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ0 प्रदीप कुमार, डॉ0 रामा नन्द सिंह, राजेश अरोरा बब्बू, ललन राम चैधरी, दिनेश प्रसाद वर्मा, सत्य प्रकाश, बबिता, राखी, पारुल, नेहा आदि मौजूद रहे।

निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मरीजो की जांच कर दी दवाएं

बाराबंकी। पल्हरी स्थित शिव मंदिर मे नवजीवन मेडिकल स्टोर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डा0 वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व मे चिकित्सको द्वारा शुगर, ब्लड़ प्रेशर, ऑक्सीजन. पल्स. वेट की निःशुल्क जांच एंव दवा का वितरण किया। तथा बीमारियों से बचने के लिए सावधानी व उपायो की जानकारी दी। इस मौके पर मानवेन्द्र सिंह, जे0पी वर्मा, शैलेन्द्र बहादुर सिंह, अमर बहादुर सिंह, विजय नारायण पांडे, के0के0गुप्ता, अनिल कुमार, शिवकुमार शुक्ला सहित लगभग 70 लोगो ने अपनी जाच कराई।

त्याग, देशभक्ति, दानवीरता के लिए अमर है भामाशाह का जीवनः अयाज अहमद

जिला संवाददाता

बाराबंकी। भामाशाह का जीवन त्याग देशभक्ति और दानवीर के प्रतीक के रूप में अमर है जिन्होंने यह साबित किया कि स्वाधीनता संग्राम तलवार के साथ-साथ धन और समर्थन से भी लड़ा जाता है मातृभूमि की रक्षा के लिए किया गया दान ही सच्चा दान होता है।

- सपा कार्यालय पर हुई महा दानवीर भामाशाह की जयंती पर विचार गोष्ठी

उक्त उद्गार छाया चौराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महा दानवीर भामाशाह की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी मे जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने उनके चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित करने के बाद व्यक्त किये। पुष्प अर्पित करने वालो मे जिला महासचिव हिमांशु यादव, राजेश वर्मा, यशवंत सिंह यादव, कामता प्रसाद यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, सभासद कार्यालय प्रभारी राजकुमार वर्मा मौजूद रहे।

ड्यूटी पर जा रहे पीआरडी जवान की सड़क हादसे में मौत

ललितपुर। सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ड्यूटी पर जा रहे एक पीआरडी जवान की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के ग्राम नदनवारा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर उस समय

- एनएच-44 पर अज्ञात ट्रक ने बाइक को पीछे से मारी टक्कर, साथी जवान गंभीर घायल

हुआ, जब पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। ग्राम हर्षपुर निवासी 46 वर्षीय मिठठन लाल पुत्र पंचम अपने साथी ग्राम सौरई निवासी 40 वर्षीय गब्बर पुत्र राजेंद्र के साथ सोमवार सुबह बाइक से ड्यूटी के लिए ललितपुर आ रहे थे। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही उनकी बाइक नदनवारा के पास एनएच-44 पर पहुंची, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मिठठन लाल के सिर में गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गब्बर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को एंबुलेंस से सुबह करीब 10.15 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने मिठठन लाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल गब्बर का अस्पताल में उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। अस्पताल में बेटे और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया गया कि मिठठन लाल अपने परिवार के पालन-पोषण का मुख्य सहारा थे। उनके परिवार में पांच बेटियां और तीन बेटे हैं। वह अपने छह भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर पर थे। परिजनों ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी, लेकिन परिवार की खुशियां अचानक मातम में बदल गईं।

हाईवे पर अमरपुर गल्ला मंडी के सामने अज्ञात ग्रामीण को भी रौंदा, हुई मौत

उपर्युक्त घटना के करीब एक घंटे बाद झांसी नेशनल हाईवे पर ही दूसरी ऐसी ही घटना घटी, जिसमें तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने अमरपुर गल्ला मंडी के सामने स्थित हाइवे पार कर रहे एक ग्रामीण को टक्कर मार कर रौंद दिया। हालांकि सड़क हादसे के बाद अमरपुर चैकी इंचार्ज ने तत्काल हाईवे एंबुलेंस को फोन किया और गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को लहू लुहान हालत में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। लेकिन मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही ग्रामीण में दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरी परीक्षण के दौरान अज्ञात ग्रामीण को मृतक घोषित किया गया। इसके बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

झाड़-फूंक के चक्कर में किसान की मौत

ललितपुर। पाली थाना क्षेत्र में सांप के डसने से एक किसान की मौत हो गई। बताया गया कि परिजनों ने समय पर अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया। हालत बिगड ? पर उसे मध्य प्रदेश स्थित एक धार्मिक स्थल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोमवार सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अशोक पुत्र कल्याण अहिरवार रविवार दोपहर करीब तीन बजे अपने खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सांप ने डस लिया।

वरिष्ठ नेताओं को भाजपा प्रदेश संगठन में मिली जिम्मेदारी, राकेश वर्मा कर्रा ने दी बधाई

बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में जनपद के तीन वरिष्ठ नेताओं पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत को प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत को प्रदेश महामंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव प्रदेश मंत्री नियुक्त किये जाने पर भाजपा वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा कर्रा ने आवास पर पहुंच बूके भेटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री कर्रा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने अनुभवी एवं समर्पित कार्यकताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी में कार्यकताओं की निष्ठा, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता का सदैव सम्मान किया जाता है। भाजपा प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाराबंकी जनपद के वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर जिले के कार्यकताओं का मान-सम्मान बढ़ाया गया है।

खेल युवाओ के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं: राकेश कर्रा

ग्राम बबुरिहा में भाजपा नेता ने किया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

बाराबंकी। सदर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ब्लाक देवा के ग्राम बबुरिहा में आयोजित एक दिवसीय प्लास्टिक बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ भाजपा वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा कर्रा ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

खिलाड़ियो को सम्बोधित करते हुये भाजपा नेता श्री कर्रा ने कहा कि खेलो क्रिकेट, बढ़ाओ मित्रता का संदेश समाज में आपसी भाईचारे, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करता है। खेल युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं तथा उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। प्रदेश में खेल अवसंरचना का विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, खेल मैदानों का निर्माण, खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएँ, प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में अंपायर राजकुमार वर्मा, अंचल वर्मा, हिमांशु वर्मा, आकाश रावत, विपिन वर्मा, रजत वर्मा, आदर्श पटेल, उपेंद्र शर्मा, दीपक रावत, अमन शर्मा मौजूद रहे।

चार बार की सरकार को आज भी याद कर रही है प्रदेश की जनताः रविकांत मौर्य

जिला संवाददाता

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी के संगठन विस्तार एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत ललितपुर विधानसभा क्षेत्र-226 के सेक्टर संख्या-23 (मुहारा) अंतर्गत ग्राम आलापुर (लखना) में बूथ संख्या

- बसपा ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत आलापुर में की समीक्षा बैठक, 2027 चुनाव की तैयारियों पर मंथन

327 एवं 328 की सेक्टर एवं बूथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ कमेटियों का गठन किया गया तथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। झांसी मंडल मुख्य मंडल प्रभारी रविकांत मौर्य ने कहा कि प्रदेश की जनता आज भी बहन मायावती के चार बार के शासनकाल को याद कर रही है। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार के दौरान प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत रही तथा गरीबों, किसानों, युवाओं और सर्वसमाज के हित में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए गए। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए वर्ष 2027 में बहन मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती बसपा सरकार में लाखों युवाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया गया तथा अंबेडकर ग्राम योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का व्यापक विकास कराया गया। उन्होंने कहा कि सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर आधारित सुशासन ही बसपा की पहचान रही है। बैठक के दौरान बूथ संख्या 327 पर रतिराम को बूथ अध्यक्ष एवं सुखनलाल को सेक्टर सचिव नियुक्त किया गया। वहीं बूथ संख्या 328 पर संतोष को बूथ अध्यक्ष तथा श्यामलाल को सेक्टर सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में झांसी मंडल प्रभारी रामसिंह कुशवाहा, मुस्लिम भाईचारा मंडल प्रभारी अमित वर्मा, मंडल प्रभारी केहर सिंह गौतम, विधानसभा प्रभारी देवेंद्र मैनवार सहित राजाराम, डमरूलाल, प्यारेलाल, नरेंद्र कुमार, गोकुल प्रसाद, उमाशंकर, सुजान, कुंवरलाल, धर्मेंद्र, सुल्तान, श्रीराम, विशाल, संजय, चंद्रशेखर, मंगल, राहुल, अप्ताफ, मेहरबान, अनिल, पवन, भगवानदास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं। बैठक की अध्यक्षता महेश कुमार ने की, जबकि संचालन संतोष अहिरवार ने किया।

कृषि परीक्षण और प्रदर्शन केंद्र में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

बाराबंकी। पल्हरी स्थित उप कृषि निदेशक शोध संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र में समस्त कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे क्षेत्र प्रबंधक अयोध्या मंडल राजकुमार ने इफको के नैनो उर्वरकों नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी की प्रयोग विधि, कार्यप्रणाली एवं कृषि में उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। साथ ही संभागीय कृषि प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र पल्हरी फार्म पर किए जा रहे नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रदर्शन के संदर्भ में भी जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि इफको उप महाप्रबंधक डॉ0 संतोष कुमार सिंह ने सभी कर्मचारियों से इफको द्वारा संचालित नैनो उर्वरक प्रयोगों को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक संतोष कुमार प्रभाकर शोध, उमेश साहू प्रसार, आरजीबी इफको अयोध्या अशोक कुमार वर्मा, कृषि स्नातक प्रशिक्षु यज्ञत सिंह, एग्रोनॉमिस्ट हरेंद्र प्रसाद, नोडल अधिकारी शोध डॉ0 प्रभात सिंह, सनीस कुमार आदि मौजूद रहे।

व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया

ललितपुर। आज दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस को व्यांपारी कल्यााण दिवस के रुप में मनाये जाने का आयोजन विकास भवन स्थित सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान की अध्यक्षता एंव मुख्य अतिथि रामरतन कुशवाह विधायक सदर, विशिष्ठ अतिथि कैलाश नारायण निरंजन जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमति सौनाली जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की उपस्थित में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के 10 बडे कर देने वालें व्यापारियों का सम्मान किया गया तथा जनपद के वयोवृद्व व्यापारी रामप्रकाश जैन का भी सम्मान किया गया। आयोजन में व्यापारियों को जी0एस0टी0 में पंजीकृत होने से 10 लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना का निशुल्क लाभ मिलेगा साथ ही जी0एस0टी0 पंजीयन प्रक्रिया, व्याघपारियों को जी0एस0टी0 में पंजीकृत होने से शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ एंव नवीन जी0एस0टी0 रिटर्न प्रक्रिया के संबध में बारीकी से जानकारी दी गई। बैठक में राज्यकर विभाग की ओर से हीरालाल जायसवाल उपायुक्त राज्य कर, आशीष शर्मा सहायक आयुक्त, रामकुमार यादव सहायक आयुक्त, तेजप्रताप सिंह राज्य कर अधिकारी, अजय कुमार राज्य कर अधिकारी, अनुज कुमार राज्य कर अधिकारी, भानूप्रताप सिंह राज्य कर अधिकारी, मनीष कुमार रजक सहित व्यापारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर आरटीओ अयोध्या, एआरटीओ, पीटीओ, टीआई ने चलाया विशेष अभियान

जिला संवाददाता

बाराबंकी। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, ओवरलोडिंग, अनाधिकृत डग्गामार के खिलाफ प्रवर्तन टीमो ने देर शाम वृहद स्तर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान मे रोड़ सेफ्टी नियमो का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराये जाने को लेकर सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या

- 6 वाहनो को किया सीज, अन्य अभियोगो में 42 चालान

संजय कुमार झा के नेतृत्व मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग , अहमदपुर टोल प्लाजा पर वृहद स्तर पर अभियान चलाया।

इस दौरान अपंजीकृत, ओवरलोड़, . ड्राइव का उल्लंघन मिलने पर 6 वाहनो को सीज किया गया। बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, रेटो रिफ्लेक्टर टेप, एचएसआरपी पर 42 चालान कर जुर्माना किया गया।

ऑल्टो कार ने बाइक को मारी टक्कर, मामा-भांजे की मौत

ललितपुर। जिले के पूरा कलां-हंसार मार्ग पर रविवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना बार क्षेत्र के ग्राम लडवारी निवासी महेंद्र सिंह उर्फ गब्बू राजा अपने दूर के रिश्ते के मामा तालबेहट के ग्राम पिपरई निवासी शिशुपाल सिंह पुत्र सूरज सिंह के साथ ग्राम पूराकलां में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बताया गया कि जब वे विजयपुरा और हंसार कलां के बीच बरुआ नाले के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही श्प्रधानश लिखी एक ऑल्टो कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक कार में फंस गई और काफी दूर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद कार चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। रात करीब एक बजे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों की नजर सड़क पर पड़े दोनों घायलों पर पड़ी। उन्होंने तत्काल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, महेंद्र सिंह उर्फ गब्बू राजा तीन भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर पर थे। वह खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वहीं शिशुपाल सिंह छह भाइयों और एक बहन में से थे। उनके परिवार में चार पुत्र और दो पुत्रियां हैं तथा वे भी खेती-किसानी से जुड़े हुए थे। दोनों की असामयिक मौत से परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पूराकलां थाने में तैनात उपनिरीक्षक सत्यदेव पाठक ने बताया कि दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पांच लाख रुपये के लेनदेन से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जिला संवाददाता

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र के ग्राम सेमरा भागनगर में रविवार रात एक 26 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें उसने एक व्यक्ति पर पांच लाख रुपये न लौटाने तथा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सेमरा भागनगर निवासी 26 वर्षीय विशाल लोधी पुत्र मगन लोधी ने रविवार रात करीब नौ बजे अपने घर के बाहर पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक जब वह दिखाई नहीं दिया तो परिजनों और ग्रामीणों ने तलाश की। इसी दौरान उसका शव पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही थाना बार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। बताया गया कि आत्महत्या से पहले विशाल लोधी ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसे उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी साझा किया। वीडियो में उसने आरोप लगाया कि पावर प्लांट में कार्यरत एक युवक ने उससे पांच लाख रुपये यह कहकर उधार लिए थे कि कुछ समय बाद साढ़े सात लाख रुपये वापस करेगा। विशाल का आरोप था कि जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो संबंधित युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी। वीडियो में उसने इसी मानसिक प्रताड ?ा को आत्महत्या का कारण बताया। परिजनों के अनुसार, विशाल लोधी स्वयं भी पावर प्लांट में एक कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। वह अपने परिवार का सबसे छोटा सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी, एक छोटी पुत्री तथा तीन भाई और एक बहन हैं। उसकी पत्नी वर्तमान में आठ माह की गर्भवती है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष बार रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक द्वारा बनाए गए वीडियो समेत सभी तथ्यों की जांच की जा रही है।

हादसे में छोटी बहन की मौत, तो बड़ी गंभीर रूप से घायल

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खांदी के मजरा महुआपुरा के पास शादी समारोह से खाना खाकर अपने घर जा रही दो सगी बहनों को तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मार कर रौनक दिया इस सड़क हादसे में छोटी बहन की मौत हो गई तो बड़ी बहन गंभीर रूप से घायल हुई हालांकि दोनों बहनों को इलाज के लिए तत्काल शानदार स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां एक को मृतक घोषित किया गया तो दूसरे को इलाज के लिए भर्ती कर लिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली तालबेहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खादी मजरा गणेशपुरा के बरिया मोहल्ला निवासी 7 वर्षीय मोनिका कुशवाहा पुत्री शिवदयाल रविवार को अपनी सगी बहन रोशनी पत्नी आकाश के साथ गाँव के महुआपुरा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई हुई थी बताया गया है कि इसी दौरान दोनों बहनों ने शादी समारोह में खाना खाया और अपने घर के लिए पैदल बापिस वापस लौट रही थी।

संक्षेप

स्वास्थ्य बीमा चुनौती अब पॉलिसी खरीदना नहीं सुरक्षा सुनिश्चित करना है

नई दिल्ली। बीमा जागरूकता दिवस के अवसर पर बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड ने आज अपनी वार्षिक रिसर्च रिपोर्ट जारी की। देशव्यापी अध्ययन के अनुसार, भारत में स्वास्थ्य बीमा की अगली बड़ी चुनौती लोगों तक केवल पॉलिसी पहुंचाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनकी मौजूदा पॉलिसी वास्तव में पर्याप्त आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले की तुलना में अधिक भारतीयों के पास स्वास्थ्य बीमा है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं कि उनकी मौजूदा पॉलिसी आज के बढ़ते चिकित्सा खर्चों के लिए पर्याप्त है या नहीं। रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष बताते हैं कि 51% जेन-जेड युवा म्यूचुअल फंड और एसआईपी में सक्रिय रूप से निवेश करते हैं, लेकिन स्वतंत्र स्वास्थ्य बीमा खरीदने में देरी करते हैं। यह जागरूकता की कमी से अधिक प्राथमिकताओं का प्रश्न है, जहां निवेश को तत्काल वित्तीय निर्णय माना जाता है, जबकि स्वास्थ्य बीमा को भविष्य की आवश्यकता समझकर टाल दिया जाता है। कामकाजी महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ने के बावजूद, 74% महिलाएं अपने स्वास्थ्य बीमा का अंतिम निर्णय परिवार के अन्य सदस्यों पर छोड़ देती हैं। जबकि 87% महिलाएं जानती हैं कि वे कानूनी रूप से स्वयं स्वास्थ्य बीमा खरीद सकती हैं।

नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो की अगली बिक्री शुरू

नई दिल्ली। एआई+ स्मार्टफोन ने हाल ही में लॉन्च किए गए नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो की अगली बिक्री का ऐलान किया है। 26 जून को फ्लिपकार्ट पर हुई पहली बिक्री में दोनों स्मार्टफोन का पूरा स्टॉक बिक गया था। इन स्मार्टफोन्स को 22 जून को आयोजित इंडियाज गॉट नोवा कार्यक्रम में पेश किया गया था। यह ब्रांड का प्रमुख लॉन्च इवेंट था, जिसकी मेजबानी जाने-माने गैजेट गुरु राजीव मखनी ने की। इस कार्यक्रम में कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना तथा एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ माधव शेठ भी मौजूद रहे। इसमें एआई+ स्मार्टफोन के ओपन रिव्यू प्रोग्राम के तहत कई जाने-माने टेक क्रिएटर्स, रिव्यूअर्स, मीडिया प्रतिनिधियों और ग्राहकों ने भी हिस्सा लिया। यह पहल पारदर्शिता और ग्राहकों की भागीदारी के साथ प्रोडक्ट तैयार करने की ब्रांड की सोच को मजबूत करती है। ग्राहकों से मिले शानदार रिस्पॉन्स ने नोवा सीरीज की सफलता में एक और उपलब्धि जोड़ दी है।

सुनीता की ईमानदारी आयी सबके सामने

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स के कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक अपः सच या सजा में मुश्किल टास्क, चौंकाने वाले खुलासों और गर्मागर्म तकरार के बीच एक इनमेट् ने अपनी भावनाशीलता और दयालुता से सभी का दिल जीतना शुरू कर दिया है। शिवांगी जोशी के साथ एक भावुक बातचीत में सुनीता आहूजा हर्षद चोपड़ा की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाईं। उन्होंने हर्षद को बहुत प्यारा और नेकदिल इंसान कहा। उन्होंने यह भी बताया कि जब भी हर्षद को उनकी जरूरत महसूस होती है, तो वो उनसे केवल एक कॉल की दूरी पर होती हैं। इस बातचीत में उनकी केयर और ममता सामने आई, जिसने हाउस में सभी का दिल जीतना शुरू कर दिया। क्या सुनीता हाउस का भावनात्मक सहारा बनेंगी? इन बढ़ते हुए रिश्तों का आगे के सफर पर क्या असर होगा? लॉक अपः सच या सजा की स्ट्रीमिंग रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर हो रही है।

शिशु देखभाल को बढ़ावा दे रहा हिमालया बेबीकेयर



नोएडा। हिमालया बेबीकेयर ने स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से प्रयागराज, गोरखपुर और बहराइच में हेल्दी बेबी कॉन्टेस्ट का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास, माताओं की सेहत और बच्चों की शुरूआती देखभाल के तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए माताओं, शिशुओं, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और बाल देखभाल विशेषज्ञों को एक मंच पर लाना था। इस कार्यक्रम में 400 माताओं और उनके शिशुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञों और स्माइल फाउंडेशन की प्रोग्राम टीम का भी सहयोग मिला। यहां का वातावरण ऊर्जावान और सामुदायिक सहभागिता से परिपूर्ण रहा, जो जमीनी स्तर पर माँ एवं शिशु के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के प्रति लोगों की गहरी रुचि को दर्शाता है। प्रतियोगिता के दौरान शिशुओं का मूल्यांकन, प्रमुख विकासात्मक मानकों जैसे- मोटर स्किल्स, लंबाई, वजन और एक्टिविटी लेवल के आधार पर किया गया।

सेंसेक्स में 372 अंकों की गिरावट

मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ने और कच्चे तेल के दाम में तेजी से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 372 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 110 अंक के नुकसान में रहा।

कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा कुछ शेयरों में मुनाफावसूली तथा आईटी, वाहन और पेट्रोलियम शेयरों में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 372.10 अंक यानी 0.48 प्रतिशत टूटकर 76,728.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 478.72 अंक तक लुढ़क कर 76,621.75 अंक पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,629 में गिरावट आई जबकि 1,712 शेयर लाभ में रहे। वहीं 218 शेयर के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 109.75 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,946.25 अंक पर बंद हुआ। सप्ताहांत वैश्विक स्तर पर तनाव तेजी से बढ़ा। तनाव कम करने और बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत होने से पहले अमेरिका और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक-दूसरे पर हमले किए। इससे नुकसान तो सीमित रहा, लेकिन समझौते के टिकने को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए। इसके टूटने का जोखिम बढ़ गया, जिससे बाजार में अनिश्चितता और उतार-चढ़ाव रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक में सर्वाधिक 3.24 प्रतिशत की गिरावट आई। बैंक ने कहा कि उसके प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वासवानी अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर पद छोड़ देंगे। वह 31 दिसंबर, 2026 को अपना मौजूदा कार्यकाल खत्म होने पर दोबारा नियुक्ति नहीं चाहते हैं। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और एनटीपीसी शामिल हैं। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.65 प्रतिशत टूटा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.60 प्रतिशत नीचे आया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.51 प्रतिशत चढ़कर 73.09 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। निवेशकों की धारणा सतर्क बनी रही क्योंकि वे एक तरफ अमेरिका-ईरान के बीच चल रही कूटनीतिक बातचीत को लेकर उम्मीद बांधे हैं, दूसरी तरफ सप्ताहांत नई सैन्य गतिविधियों के बाद पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ा है।

रुपया नौ पैसे कमजोर होकर 94.54 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया सोमवार को नौ पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.54 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की अनुकूल कीमतों और विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार के कारण रुपये ने सकारात्मक शुरुआत की। हालांकि, अमेरिका-ईरान के बीच फिर से सैन्य संघर्ष के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव बना। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.36 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.25 से 94.56 के दायरे में रहा। अंत में यह 94.54 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव की तुलना में नौ पैसे कम है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.45 पर बंद हुआ था। मुहर्म के कारण शुक्रवार को भारतीय शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहे थे। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़े तनाव की वजह से रुपया कमजोर हो सकता है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और महंगाई को लेकर कम होती चिंताएं निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकती हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.20 से 94.80 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.28 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 372.10 अंक टूटकर 76,728.37 अंक पर जबकि निफ्टी 109.75 अंक की गिरावट के साथ 23,946.25 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को शुद्ध लिवाल रहे थे और उन्होंने 383.76 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

मोदी की संतुलित वृद्धि की अवधारणा को आगे बढ़ा रहा है गुजरात : पटेल

वडोदरा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को कहा कि सफल वाइब्रेंट सम्मेलनों के कारण राज्य देश की वृद्धि का इंजन बनकर उभरा है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संतुलित वृद्धि की अवधारणा को आगे बढ़ा रहा है।

वडोदरा में मध्य गुजरात क्षेत्र के लिए आयोजित चौथे वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (वीजीआरसी) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि राज्य को पिछले 25 साल से प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का लाभ मिला है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। गुजरात को पिछले 25 वर्षों से मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का लाभ मिला है। हम उनके द्वारा शुरू की गई संतुलित वृद्धि की अवधारणा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेहसाणा, राजकोट और सूरत में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलनों की सफलता के बाद चौथा वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (वीजीआरसी) आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन मध्य गुजरात के 10 जिलों को शामिल करता है। पिछले तीन वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (वीजीआरसी) के दौरान राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में 9,499 समझौता ज्ञापनों के माध्यम से 13.30 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है।

हिमाचल में इलेक्ट्रिक बस पर 50 प्रतिशत डीजल बस पर 30 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के मकसद से राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना चरण- 4 शुरू करने जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

योजना के तहत सरकार पात्र लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक बस खरीदने पर 50 प्रतिशत और डीजल बस खरीदने के लिए 30 प्रतिशत की सब्सिडी देगी। राज्यभर में चिन्हित करीब 1,000 मार्गों पर इन बसों का संचालन किया जाएगा। यहां जारी बयान में कहा गया कि इसके अलावा, इलेक्ट्रिक बस संचालकों को पांच साल तक प्रतिमाह 65,000 रुपये और डीजल बस संचालकों को 50,000 रुपये का परिचालन प्रोत्साहन भी मिलेगा। यह योजना पूरे राज्य में लागू होगी और प्रत्येक उपमंडल में कम से कम 10 मार्ग शामिल किए जाएंगे। न्यूनतम 32 सीट वाली इलेक्ट्रिक और डीजल दोनों प्रकार की यात्री बसें योजना के लिए पात्र होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यह योजना बेरोजगार युवाओं को कम वित्तीय बोझ के साथ परिवहन क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित करने का अवसर देगी।

इस्पात क्षेत्र के लिए 5000 करोड़ रुपये की योजना लायेगी सरकार

नयी दिल्ली। सरकार इस्पात विनिर्माण प्रक्रिया में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की एक योजना लाने की तैयारी कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य घरेलू इस्पात उद्योग से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर सस्टेनेबल सेकेंडरी स्टील नामक इस योजना को अगले तीन महीने में शुरू किए जाने की संभावना है। मामले की जानकारी रखने वाले एक अन्य अधिकारी ने कहा कि इस योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेजा जा सकता है। इस योजना का लाभ देश के सभी इस्पात उत्पादकों को मिलेगा। हालांकि, इसके तहत आवंटित धनराशि का बड़ा हिस्सा द्वितीयक इस्पात उत्पादकों के लिए निर्धारित किया जाएगा। नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर सस्टेनेबल सेकेंडरी स्टील का उद्देश्य इस्पात निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और वैकल्पिक सामग्रियों को बढ़ावा देना है, ताकि घरेलू इस्पात उद्योग से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सके। यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत ने पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और वह शुद्ध शून्य उत्सर्जन वाला देश बनने का लक्ष्य रखता है।

तीन दिन की गिरावट के बाद सोने में 1300 रुपये की तेजी, चांदी 2000 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को कारोबारियों की ओर से कम कीमत पर लिवाली बढ़ाने के कारण सोने की कीमतों में 1300 रुपये का सुधार दर्ज हुआ और यह 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जिससे इसमें तीन दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1300 रुपये बढ़कर 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई, जबकि बृहस्पतिवार को यह 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। मुहर्म के कारण शुक्रवार को सर्राफा बाजार बंद थे। हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार चौथे सत्र में गिरावट आई और यह 2,000 रुपये टूटकर 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले सत्र में, चांदी 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बाजार विश्लेषकों ने सोने की कीमतों में सुधार का कारण हालिया गिरावट के बाद सस्ती कीमत पर होने वाली लिवाली को बताया, जबकि चांदी की कीमतों में विदेशी बाजारों की कमजोरी का असर जारी रहा। सोमवार को घरेलू बाजार में वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चांदी की कीमतों पर दबाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोने की कीमत 54.14 डॉलर या 1.32 प्रतिशत गिरकर 4,035.12 डॉलर प्रति औंस रह गई, और चांदी की कीमत लगभग तीन प्रतिशत टूटकर 57.62 डॉलर प्रति औंस रह गई। सप्ताहांत के दौरान अमेरिका-ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ने से वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी हुई है।

सुधारों के बल पर भारत ने 271 गीगावाट की सर्वाधिक बिजली मांग पूरी की : बिजली मंत्री

वडोदरा। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को कहा कि देश में मई, 2026 में बिजली की सर्वकालिक उच्च मांग 271 गीगावाट (जीडब्ल्यू) को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। इसके साथ ही आगामी वर्ष में मांग में 30 गीगावाट की संभावित वृद्धि को देखते हुए 300 गीगावाट क्षमता के लिए तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने यह बात मध्य गुजरात के लिए आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 271 गीगावाट की मांग को पूरा करना केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में लागू की गई रणनीतिक योजना, निवेश और सुधारों का परिणाम है। मनोहर लाल ने कहा कि भारत ने हाल की वैश्विक घटनाओं, विशेषकर पश्चिम एशिया के संकट के बावजूद अपनी ऊर्जा सुरक्षा को सफलतापूर्वक बनाए रखा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस वर्ष भारत ने आजादी के बाद से अब तक की सर्वाधिक बिजली मांग दर्ज की, जो मई में लगभग 271 गीगावाट तक पहुंच गई थी। हमने इस मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। किसी भी तरह की कमी न हो, इसके लिए हमने 284 गीगावाट क्षमता की तैयारी पहले से की थी। भविष्य में डेटा केंद्रों और अन्य क्षेत्रों के विस्तार के कारण मांग में 30 गीगावाट की और वृद्धि का अनुमान है, जिसे देखते हुए 300 गीगावाट क्षमता की तैयारी कर ली गई है।

पेज एक का शेष

राम मंदिर

दिया गया है। इससे पहले, एक विशेष अदालत ने उन्हें सोमवार तक तीन दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई के बाद आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ा दी। वहीं दूसरी ओर राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ अयोध्या बार एसोसिएशन ने सख्त रुख अपनाया है। उधर उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने कहा कि इस मामले में त्वरित सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि मामले को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। न्यायालय 13 जुलाई को पुनः खुलेगा। पीठ ने मौखिक टिप्पणी की आसमान नहीं टूट पड़ेगा, इतनी क्या जल्दी है।

बार एसोसिएशन की विशेष बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ से जुड़े कोई भी अधिवक्ता इस मामले में आरोपियों की ओर से न्यायालय में पैरवी नहीं करेंगे। साथ ही अभियोजन पक्ष को मजबूत बनाने के लिए अधिवक्ताओं की एक विशेष टीम गठित करने का भी फैसला लिया गया। कचहरी परिसर स्थित बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र ने कहा कि यदि कोई अधिवक्ता संघ के निर्णय के विपरीत जाकर आरोपियों की पैरवी करता है, तो उस पर पांच लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। निर्धारित राशि जमा न करने की स्थिति में संबंधित अधिवक्ता की बार एसोसिएशन की सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि मामले में अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ पांच अधिवक्ताओं की एक समिति बनाई जाएगी, जो न्यायालयीन कार्यवाही पर नजर रखेगी और आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मांग करने का भी निर्णय लिया कि इस प्रकरण की पैरवी में अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए, ताकि न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। बैठक में संघ ने यह भी मांग उठाई कि चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा उनके विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 173 के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक उन्हें अयोध्या से बाहर जाने की अनुमति न दिए जाने की भी मांग की गई। बार एसोसिएशन के इस निर्णय को लेकर न्यायिक और विधिक हलकों में व्यापक चर्चा है। यह फैसला राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं की गंभीरता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

दिल्ली सरकार

मुक्त शहर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति के तहत दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया, एन-1 श्रेणी (साढ़े तीन टन तक माल ढोने वाले) के मालवाहक वाहन, एन2 (साढ़े तीन टन से 12 टन माल ढोने वाले) ट्रक और ग्रामीण सेवा वाहनों को शामिल किया गया है। नई नीति परिवहन क्षेत्र पर विशेष जोर देती है और पारंपरिक ईंधन से चलने वाले वाहनों से इलेक्ट्रिक वाहनों में चरणबद्ध परिवर्तन के लिए एक रोडमैप प्रदान करती है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने खरीदारों के लिए प्रोत्साहन की घोषणा की है।

नई नीति के तहत ई-दो पहिया वाहन खरीदने वाले लोगों को पहले साल 30,000 रुपये, दूसरे साल 20,000 रुपये और तीसरे साल 10,000 रुपये की सब्सिडी मिलेगी। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के खरीदार पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष में क्रमशः 50,000 रुपये, 40,000 रुपये और 30,000 रुपये के प्रोत्साहन के पात्र होंगे। एक अधिकारी के अनुसार, एन1 श्रेणी के इलेक्ट्रिक ट्रकों के खरीदारों को एक लाख रुपये तक का खरीद प्रोत्साहन मिलेगा।

गुप्ता ने कहा कि सरकार ने किसी भी श्रेणी में प्रोत्साहन की संख्या पर कोई सीमा निर्धारित नहीं की है और जितने लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीदेंगे, सरकार उतने ही लोगों को प्रोत्साहन प्रदान करेगी। नीति के तहत एक जनवरी, 2027 से दिल्ली में केवल इलेक्ट्रिक ऑटोरिक्शा पंजीकृत किए जाएंगे, जबकि नए पेट्रोल और सीएनजी दोपहिया वाहनों का पंजीकरण चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जाएगा और एक अप्रैल, 2028 से केवल इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का पंजीकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को हटाने के लिए सरकार ने आकर्षक स्क्रैपिंग प्रोत्साहन भी प्रदान किया है। इसके अंतर्गत बीएस-चार या उससे पुराने दोपहिया वाहन स्क्रैप करने पर 10,000 रुपये, तिपहिया पर 25,000 रुपये, चार पहिया वाहन पर एक लाख रुपये, एन-1 ट्रक पर 50,000 रुपये और ग्रामीण सेवा वाहन पर 15,000 रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। गुप्ता ने कहा सभी प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। सब्सिडी पाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले को ईवी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद 60 दिनों में प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। पोर्टल। जुलाई के बाद शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का बड़ा हिस्सा व्यावसायिक मालवाहक वाहनों और दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों से होने वाले उत्सर्जन के कारण है और इसी कारण नीति में इन श्रेणियों को विशेष प्राथमिकता दी गई है ताकि प्रदूषण में प्रभावी कमी लाई जा सके।

वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2025-26 के बीच, शहर में 4.07 लाख से ज़्यादा ईवी पंजीकृत किए गए। स्वतंत्र रिसर्च संस्था एनवायरो कैटलिस्ट्स ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के वाहन डैशबोर्ड के डेटा का विश्लेषण किया। इस विश्लेषण से पता चला कि ईवी पंजीकरण 2024-25 में 83,512 से बढ़कर 2025-26 में 1.07 लाख हो गया। इसी दौरान हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण भी 6,796 से बढ़कर 8,476 हो गया।

प्रदेश में

का परिणाम था और यदि उस समय कांग्रेस का नेतृत्व अडिग रहता तो मोहम्मद अली जिन्ना सफल नहीं हो पाते और भारत का विभाजन नहीं होता।

योगी ने कहा कि यदि विभाजन नहीं हुआ होता तो इन गरीबों, बंगाली परिवारों को विस्थापित नहीं होना पड़ता। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी हिंदू को विस्थापित न होना पड़े, इसके लिए उत्तर प्रदेश रक्षा विनिर्माण गलियारे (डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर) में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण भी किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया, उसके शासनकाल में अपराध और अराजकता को बढ़ावा मिला, जबकि वर्तमान सरकार रक्षा उत्पादन और विकास को आगे बढ़ा रही है।

जल्द ही राम

नाम जपते और अपनी गलतियों के लिए पछतावा करते दिखाई देंगे। वे गलतियां, जो भगवान राम के भक्तों के साथ की गई थीं, जैसे भगवान राम के भक्तों पर गोली चलाना और जय श्रीराम का नारा लगाने वालों पर लाठियां बरसाना। आप एक दिन सबके सामने इसका पछतावा करेंगे। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद में 365 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 63 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। उन्होंने मुरादाबाद में स्थापित नये गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय को क्षेत्र में शिक्षा क्रांति का वाहक बताते हुए गुरु जंभेश्वर तीर्थ क्षेत्र के विकास के लिए एक कॉरिडोर बनाने की घोषणा की।

अफग़ानिस्तान में

दोबारा हमला किया गया, जिसमें 28 ग्रामीणों की मौत हो गई और 158 लोग घायल हो गए। फितरत के अनुसार, पक्तिका प्रांत के गियान जिले के एक गांव में एक अन्य घर पर किए गए हमले में छह लोगों की मौत हो गई। इनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। उन्होंने यह भी बताया कि कुनार प्रांत में एक आम आदमी के घर पर भी हमला हुआ। इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन करीब 30 पशु मारे गए। हाल के वर्षों में पाकिस्तान में पुलिस और सुरक्षा बलों पर आतंकी हमलों में काफी वृद्धि हुई है। पाकिस्तान इन हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और उससे जुड़े अन्य आतंकी संगठनों को जिम्मेदार ठहराता है।

और मजबूत

पोस्ट किया, मुझे खुशी है कि मैं राष्ट्रीय दिवस के जश्न में शामिल हुआ, और वह भी ऐसे समय में जब सेशेल्स अपनी आजादी के 50 साल पूरे कर रहा है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में 19 समझौतों और पहल की घोषणा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री की राजकीय यात्रा भारत-सेशेल्स संबंधों में एक अहम मुकाम है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और सुरक्षित व समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र के लिए साझा दृष्टि को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है।

कासगंज में

ने एक बयान में बताया, अलीगढ़ में उड़ान प्रशिक्षण में लगा चेतक एविएशन सेसना 152 विमान वीटी-एएफबी कासगंज के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। महिला प्रशिक्षु पायलट के सुरक्षित होने की सूचना है। डीजीसीए के अनुसार, चेतक एविएशन ने जानकारी दी कि विमान का पायलट पूरी तरह सुरक्षित है। सेसना 152 एक एकल इंजन वाला दो सीट का विमान है, जिसका मुख्य रूप से प्रशिक्षण गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाता है। घटना के बारे में विस्तृत जानकारी तत्काल उपलब्ध नहीं हो सकी। पुलिस अधीक्षक ओ.पी. सिंह ने बताया कि विमान क्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहा था कि तभी अचानक उसकी ऊंचाई कम होने लगी और वह पास के एक खेत में जा गिरा। उन्होंने बताया, नीचे आते समय विमान हाई-टेंशन तार से टकरा गया, जिससे तार टूट गए और विमान को भी काफी नुकसान पहुंचा। पुलिस के मुताबिक, घायल प्रशिक्षु पायलट की पहचान महाराष्ट्र निवासी कायनात के रूप में हुई है और उन्हें तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है।

चिकित्सकों के अनुसार, उनकी हालत स्थिर है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बचाव दलों के साथ मौके पर पहुंचे और एहतियात के तौर पर दुर्घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई। बिजली विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारी भी क्षतिग्रस्त बिजली लाइन की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मौके पर पहुंचे।

हर नागरिक

ने बताया कि युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महिला स्पोर्ट्स कॉलेज तथा विज्ञान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक साइंस सेंटर की स्थापना की जा रही है। इन संस्थानों से आने वाली पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण संसाधन और बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत माँ पूर्णागिरि धाम, शारदा कॉरिडोर, गोल्ज्यू कॉरिडोर और माँ वाराही धाम सहित कई धार्मिक स्थलों का समग्र विकास किया जा रहा है। इससे स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार और पर्यटन आधारित आजीविका के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि टनकपुर में आधुनिक आईएसबीटी और मीडिया सेंटर के निर्माण सहित लोहाघाट, बनबसा और पाटी क्षेत्र में भी अनेक विकास कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं।

ओलंपिक में भारतीय महिला टीम ने किया क्वालीफाई

टी20 विश्व कप में शीर्ष एशियाई टीम के तौर पर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में चल रहे टी20 विश्व कप में शीर्ष एशियाई टीम के तौर पर 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि पुरुष टीम को सीधे क्वालीफाई करने के लिए इस साल के आखिर में विश्व रैंकिंग में महाद्वीप की शीर्ष टीम बनना होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को क्वालीफिकेशन मानदंडों की घोषणा की। क्रिकेट ओलंपिक में सौ साल बाद लौट रहा है और पुरुष तथा महिला वर्गों में छह छह टीमें भाग लेंगी। आईसीसी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन (इंग्लैंड), भारत और दक्षिण अफ्रीका ने चल रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में क्रमश: ओशियाना, यूरोप, एशिया और अफ्रीका से शीर्ष रैंकिंग वाली टीम के तौर पर छह टीम वाली महिला स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है।

आईसीसी ने कहा, मौजूदा वनडे विश्व चैंपियन भारत का भले ही टी20 विश्वड कप का सफर उम्मीद से जल्दी खत्म हो गया लेकिन उसने एशिया का कोटा हासिल किया। भारतीय टीम रविवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। आईसीसी ने कहा, यह टीम किसी एक आईओसी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) के बजाय कई कैरेबियाई देशों का प्रतिनिधित्व करती है इसलिए यह सीधे ओलंपिक खेलों में हिस्सा नहीं ले सकती। वहीं पुरुषों के लिए अलग-अलग महाद्वीपों से चार कोटा स्थान रैंकिंग से तय होंगे। आईसीसी ने कहा, आईसीसी पुरूष टी20 टीम रैंकिंग में महाद्वीपों के आधार पर सबसे उंची रैंकिंग वाली राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को ये चार कोटा स्थान आवंटित किये जायेंगे। कट आफ की तारीख 31 दिसंबर 2026 रखी गई है। मेजबान अमेरिका को पुरुष और महिला वर्ग में एक कोटा मिलेगा क्योंकि क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान उसने रैंकिंग में 15 या उससे बेहतर स्थान पर रहने के आईसीसी के मानदंडों को पूरा किया है। फाइनल ओलंपिक ग्लोबल क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट महिला और पुरूष वर्ग में अलग से आयोजित किया जायेगा जिसकी तारीखें बाद में तय होंगी। रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई नहीं कर सकी लेकिन पात्रता रखने वाली अगली आठ शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें महिला और पुरूष वर्ग में एक स्थान के लिये मुकाबला करेंगी। अगर वेस्टइंडीज उन आठ टीमों में शामिल होती है जिन्होंने अभी तक क्वालीफाई नहीं किया है, तो आईसीसी एक वेस्टइंडीज नेशंस रीजनल टूर्नामेंट आयोजित करेगा जिससे यह तय होगा कि फाइनल क्वालिफायर में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कौन सी एनओसी करेगी। फाइनल क्वालिफायर में महाद्वीपीय प्रतिनिधित्व की कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की घोषणा एक अहम पड़ाव है क्योंकि यह खेल एक सदी बाद ओलंपिक में वापसी कर रहा है और यह क्रिकेट खेलने वाले देशों के लिए दुनिया के सामने खेल को दिखाने का एक शानदार मौका होगा।

शाह ने कहा, ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी हमारे खेल के लिए एक ऐतिहासिक पल है और दुनिया के सामने क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का एक जबरदस्त मौका है। इस क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की पुष्टि लॉस एंजिलिस 2028 की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे दुनिया भर के सदस्यों को ओलंपिक मंच तक पहुंचने का एक साफ और रोमांचक रास्ता मिलता है। उन्होंने कहा, ओलंपिक खेल बहु स्पर्धा खेलों का शिखर है और लॉस एंजिलिस 2028 में क्रिकेट को शामिल करने से हर क्षेत्र के खिलाड़ियों और प्रशंसकों को प्रेरणा मिलेगी। यह एक ऐतिहासिक पल है और हमारे सदस्यों के लिए एक बड़ा मौका है क्योंकि हम खेल को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे दुनिया भर में नए दर्शकों तक पहुंचा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये सीधे क्वालीफाई करना है तो वर्ष 2026 के आखिर में आईसीसी टी20 रैंकिंग में एशिया में शीर्ष पर रहना होगा जबकि महिला वर्ग में इंग्लैंड में चल रहे विश्व कप की शीर्ष चार टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी।

अमेरिकी ओपन के उप विजेता श्रीकांत की नजरें कनाडा में एक और शानदार प्रदर्शन पर

मारखम (कनाडा)। अमेरिकी ओपन में उप विजेता रहने के बाद किदांबी श्रीकांत मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे जिसमें वह अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने की कोशिश करेंगे। श्रीकांत (33 वर्ष) बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्हें अमेरिकी ओपन सुपर 300 के फाइनल में चीनी ताइपे के सु ली यांग से हार का सामना करना पड़ा था। श्रीकांत इस टूर्नामेंट में भी अपनी लय बनाए रखने की कोशिश करेंगे जिसमें वह अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया के पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली जी जिया के खिलाफ करेंगे। 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते अमेरिकी ओपन के शुरुआती दौर में ली को सीधे गेम में हराया था। ली दाहिने टखने की चोट और उसके बाद पीठ की समस्याओं से उबरने के बाद अब भी लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। पुरुष वर्ग में अन्य भारतीयों में तरुण मन्नेपल्ली शुरुआती दौर में एक क्वालीफायर का सामना करेंगे।

मन्नेपल्ली को आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। सेंट डेनिस रीयूनियन ओपन के रजत पदक विजेता सनीथ दयानंद का मुकाबला जापान के तीसरे वरीय युदाई ओकिमोतो से होगा जिन्होंने अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में श्रीकांत को कड़ी टक्कर दी थी। पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। महिला एकल में पांचवीं वरीय देविका सिहाग शुरुआती दौर में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-तोंग का सामना करेंगी।

वह पिछले हफ्ते अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंची थीं। अनमोल खरब को शुरुआती दौर में कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिशेल ली के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। श्रीयांशी वालीशेट्टी चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पी से भिड़ेंगी। मई में सेंट डेनिस रीयूनियन ओपन में उप विजेता रहीं आकर्षी कश्यप स्पेन की क्लारा अजुरमेंडी से मुकाबला करेंगी जबकि इस साल वियतनाम इंटरनेशनल चैलेंज जीतने वाली रक्षिता श्री संतोष रामराज का सामना कनाडा की रेचल चैन से होगा। तान्या हेमंत अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी। पुरुष युगल में अच्युतादित्य राव डोड्डावरपु और पोचाना अर्जुन को कनाडा के केविन ली और टाई अलेक्जेंडर लिंडेमैन की पांचवीं वरीय जोड़ी के खिलाफ शुरुआती दौर का मुश्किल ड्रॉ मिला है। भारत के किदांबी श्रीकांत को अपने से नौ साल छोटे चीनी ताइपे के सु ली यांग के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में तीन गेम तक चले मैच में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 38वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की लेकिन वह विश्व में 46वें नंबर के खिलाड़ी सु की गति का मुकाबला नहीं कर पाए और आखिर में एक घंटे से अधिक समय तक चले मैच में 15-21, 21-16, 9-21 से हार गए।

मैच के बाद गुंटूर के खिलाड़ी ने कहा, शायद मैं शुरुआती गेम में थोड़ा बेहतर खेल सकता था। वैसे, मुझे लगता है कि मैं ठीक-ठाक खेला। तीसरे गेम के दूसरे हिस्से में अचानक ही शॉट्स बहुत अच्छे लगने लगे। श्रीकांत ने पिछले साल मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 और सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 में भी दूसरा स्थान हासिल किया था।

संक्षेप

बैडमिंटन : क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से हारा भारत

यत्सुशिरो (जापान)। बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में भारत का अभियान सोमवार को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 1- 2 से मिली हार के साथ समाप्त हो गया। भारत को पहले मैच में देव रूपारेलिया और तन्वी पत्री ने अच्छी शुरूआत दिलाई और पहला गेम 55- 44 से जीत लिया। दूसरे गेम में हालांकि हांगकांग के कैन यि हेइ ने रूपारेलिया को 11- 8 से हराया और आईपी सुम याउ ने बढत 22-16 की कर दी। निर्णायक गेम में रूपारेलिया ने चान को 11-9 से हराया लेकिन याउ ने अंतर 22-21 का कर दिया। चियुंग साइ शिंग और विंग चि चू के खिलाफ मैच 11-11 से बराबर रहने पर ब्योर्न जैसन और डियांका वाल्डिया ने भारत को 33-32 की बढत दिलाई। तन्वी रेड्डी और बरूनी पर्शवाल हालांकि चू और यि कियू यू से 5-11 से हार गए जिससे भारत ने सेट 43-55 से गंवा दिया।

चेक लेडीज ओपन में संयुक्त 12वें स्थान पर रही दीक्षा

बेरोन (चेक गणराज्य)। भारत की दीक्षा डागर ने लेडीज यूरोपीय टूर पर अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ के आखिरी दौर में चार अंडर 68 स्कोर करके संयुक्त 12वां स्थान हासिल किया। भारत की ही प्रणवी उर्स संयुक्त 24वें स्थान पर रही जिन्होंने पांच अंडर 67 स्कोर किया। अनुभवी वाणी कपूर संयुक्त 49वें स्थान पर रही। अवनि प्रशांत, रिद्धिमा दिलावारी और हिताशी बक्षी कट में प्रवेश से चूक गई थी।

कार्लसन की टीम में दिव्या आनंद एरिगेसी के साथ

मुंबई। जीसीएल (ग्लोबल चेस लीग) के चौथे सत्र के लिए यहां प्लेयर ड्राफ्ट में ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन को खरीदने के लिए जबरदस्त बोली लगी और आखिरकार उन्हें फायर्स अमेरिकन गैम्बिट्स फ्रैंचाइजी ने अपनी टीम में शामिल किया। यह टूर्नामेंट बेंगलुरु में तीन से 13 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा और इसमें दुनिया के कुछ बेहतरीन शतरंज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। दिन में बुलेट चेस चैंपियन सरीन को खरीदने के लिए काफी होड़ रही जिसके बाद फायर्स अमेरिकन गैम्बिट्स में शामिल हुए। मौजूदा चैंपियन अल्पाइन एपीएल पाइपर्स ने नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन और महिला शतरंज विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख के साथ अपने खिताब की रक्षा की तैयारी मजबूत की जबकि भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने लीग के इतिहास में पहली बार टीम बदली और पीबीजी अलास्कन नाइट्स में अर्जुन एरिगेसी के साथ जुड़ गए।

चोपड़ा जल्द ही अपने पुराने रंग में लौट आएंगे : अंजू बॉबी जॉर्ज

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिग्गज एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज का मानना है कि भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा जल्द ही अपने पुराने रंग में लौट आएंगे तथा इस साल होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में फिर से शानदार प्रदर्शन करेंगे। चोपड़ा सितंबर 2025 में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप से पहले पीठ के निचले हिस्से की लगी चोट से उबर गए हैं। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में इस सत्र की शुरुआत की और 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथा स्थान हासिल किया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 28 वर्षीय चोपड़ा ने हाल ही में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों और आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता लंबी कूद की एथलीट अंजू ने पीटीआई से कहा, जहां तक नीरज का सवाल है तो वह प्रतियोगिता का स्तर बढ़ने के साथ ही अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर देंगे। वह ओलंपिक चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता हैं। ऐसा कारनामा आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया है। समय आने पर उसका अनुभव काम आएगा। उन्होंने कहा, वह लगभग 10 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय हैं। हम यह नहीं कह सकते कि वह अपनी बेहतरीन फॉर्म में नहीं हैं या अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने चरम पर रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। वह अब भी वह अपने चरम पर हैं। उन्होंने हमारे लिए बहुत कुछ किया है। अब उन्हें खेल का आनंद लेने दीजिए। अंजू ने इसके साथ ही कहा कि उन्हें यकीन था कि लंबी कूद में उनका 22 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड उनकी ही शिष्या शैली सिंह और उनके गृह राज्य केरल की एंसी सोजन तोड़ सकती हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता था कि शैली या एंसी इस साल एशियाई खेलों या राष्ट्रमंडल खेलों में मेरा रिकॉर्ड तोड़ सकती हैं ।

एशियाई चैंपियनशिप : अंडर19 का पदक पक्का

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की अंडर-19 लड़कों की टीम ने सोमवार को बैंकॉक में एशियाई युवा चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हांगकांग को 3-1 से हराकर कम से कम कांस्य पदक और अगले साल होने वाली विश्व युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश पक्का कर लिया। हांगकांग ने शुरुआती बढ़त बनाई जब ली की हो ने प्रियानुज भट्टाचार्य को 11-6, 7-11, 11-8, 11-8 से हराया।

भारत ने पीबी अभिनंद के एक कड़े मुकाबले में वोंग एल्विन पर 8-11, 11-7, 11-3, 5-11, 11-4 की जीत से जल्द ही बराबरी कर ली। फिर एमआर बालमुरुगन ने लो का किट को 11-8, 11-4, 11-7 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। अभिनंद ने ली की हो को 11-9, 9-11, 11-5, 11-6 से हराकर जीत पक्की कर दी। भारतीय टीम अब सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय चीन का सामना करेगी। सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही भारत का कम से कम कांस्य पदक पक्का हो गया है। साथ ही सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सभी चार टीम ने 2027 विश्व युवा चैंपियनशिप के लिए स्वतः क्वालीफिकेशन भी हासिल कर लिया है। भारतीय लड़कों के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले उन्होंने थाईलैंड और उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराकर ग्रुप दो में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फिर क्वार्टर फाइनल में बाय मिलने से सीधे प्रवेश किया।

हालांकि भारतीय अंडर-19 लड़कियां पदक दौर तक नहीं पहुंच सकीं और क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से।-3 से हार गईं। अब उन्हें अगले साल की विश्व युवा चैंपियनशिप के लिए एशियाई क्वालीफिकेशन प्रक्रिया के जरिए क्वालीफाई करना होगा। इस बीच अंडर-15 बालिका टीम स्पर्धा में चीन ने क्वार्टर फाइनल में भारत को 3-0 से हराया। इससे पहले अंडर-15 लड़कों की टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 0-3 से हार गई थी।

विम्बलडन के पहले दिन अपनी मां के साथ रॉयल बॉक्स में दिखे बैकहम

लंदन। फीफा विश्व कप के बीच इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल सुपरस्टार डेविड बैकहम विम्बलडन के पहले दिन सोमवार को रॉयल बॉक्स में अपनी मां के साथ नजर आये। बैकहम और उनकी मां सैंड्रा रॉयल बॉक्स में अभिनेता मार्क रिलांस और बॉयजोन सिंगर रोनान कीटिंग के साथ बैठे थे। उन्होंने गत चैम्पियन यानिक सिनर और मियोमिर केसमानोविच का मैच देखा जबकि नंबर एक महिला खिलाड़ी एरिना सबालेंका और सात बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच भी पहले दौर के मैच आज ही खेलेंगे। इंग्लैंड, मैनचेस्टर युनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के पूर्व मिडफील्डर और फैशन आइकन तथा व्यवसायी बैकहम फीफा विश्व कप मैचों के दौरान अमेरिका के विभिन्न शहरों में घूम रहे हैं।

टी-20 सीरीज जीतने के बाद आयरलैंड के कोच ने छोड़ा पद

एजेंसी

बेलफास्ट (उत्तरी आयरलैंड)। भारत के खिलाफ ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीतने के एक दिन बाद आयरलैंड की पुरुष टीम के मुख्य कोच हेनरिक मलान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मलान ने भारत के खिलाफ 2-0 से ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप के ठीक एक दिन बाद अपने चार साल के सफल कार्यकाल को समाप्त किया। आयरलैंड ने रविवार को यहां खेले गए दूसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 154 रन का बचाव करते हुए भारत को एक रन से शिकस्त दी। उन्होंने मेहमान टीम को नौ विकेट पर 153 रन के स्कोर पर रोक दिया। इससे भारत की लगभग तीन साल से लगातार 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में अजेय रहने की लय टूट गई।

सूर्यवंशी के लिए भारतीय टीम में बनानी होगी जगह

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी के लिए एक मजबूत टीम में कैसे जगह बनाई जाए, यह भारतीय टीम के ब्रिटेन दौरे से पहले सबसे बड़ा सवाल था और अब आयरलैंड से दो मैच में अप्रत्याशित हार के बाद लगता है कि टीम प्रबंधन को इसके लिए कोई ना कोई तरीका निकालना ही होगा। क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद थी कि 15 वर्षीय सूर्यवंशी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिल जाएगा लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन प्रक्रिया का पालन करने पर अडिग रहा जिसमें पहले से आजमाए गए खिलाड़ियों को पर्याप्त मौका देना शामिल है।

लेकिन अब लगता है कि इस प्रक्रिया की समीक्षा करने का समय आ गया है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया था और इसलिए वह इस श्रृंखला में खेलने के हकदार थे। यही वजह थी कि सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। लेकिन अब लगता है कि सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में जगह देनी ही होगी। ऐसा तभी नहीं होगा जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर की अगुवाई वाले टीम प्रबंधन को यह लगता हो कि सैमसन और अभिषेक की जोड़ी का कोई सानी नहीं है। चयन प्रक्रिया उतनी सरल नहीं होती जितनी दिखती है, लेकिन भारतीय टीम के रणनीतिकारों को एक जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए उपयुक्त समाधान ढूंढना होगा। पिछले कुछ वर्षों के रिकॉर्ड को देखें तो इंग्लैंड की पिचें थोड़ी सपाट रहने की संभावना है।

परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में नाकाम रही टीम

एजेंसी

बेलफास्ट। भारत के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि टी20 में विश्व चैंपियन टीम आयरलैंड के खिलाफ दोनों मैच में हार गई और कहा कि उनके खिलाड़ी परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में नाकाम रहे। आयरलैंड ने पहला मैच 34 रन से जीता और इसके बाद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को दूसरे मैच में एक रन से हराकर इतिहास रच दिया। डोएशे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, बहुत से लोगों के साथ हमें भी विश्वास नहीं हो रहा है। हमने अभी-अभी विश्व कप जीता है लेकिन हमें ऐसी टीम ने हराया जिसने बेसिक्स (बुनियादी बातों) पर पूरा ध्यान दिया। उन्होंने कहा, सबसे पहले आयरलैंड को श्रेय जाता है और दूसरी बात, हमारे लिए सबसे बड़ी सीख यह है कि हम अलग-अलग परिस्थितियों और अलग-अलग टीमों के खिलाफ खुद को ढाल सकें। इस श्रृंखला का हमारे लिए यही सबसे बड़ा सबक है। डोएशे ने कहा, मुझे लगता है की

हमें विश्वास नहीं हो रहा : डोएशे

परिस्थितियों ने अहम भूमिका निभाई। यह हमारी हार का मुख्य कारण रहा। हमने इसका अच्छी तरह से समाधान नहीं किया। सबसे बड़ी समस्या हवा थी, लेकिन हार के लिए कोई बहाना नहीं चलेगा। हमें अलग-अलग चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना करने का तरीका ढूंढना होगा। उन्होंने कहा, आयरलैंड ने बेसिक्स पर अच्छी तरह से काम किया और हम इस मामले में उनका मुकाबला नहीं कर पाए। हमें

भारत को डब्ल्यूपीएल के जरिये और तेज गेंदबाज तथा कलाई के स्पिनर तैयार करने होंगे : बिशप

मुंबई। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को टी20 प्रारूप में विश्व स्तर पर सफलता पाने के लिये महिला प्रीमियर लीग के जरिये और तेज गेंदबाज और कलाई के स्पिनर तैयार करने होंगे। वनडे विश्व चैम्पियन भारतीय टीम टी20 महिला विश्व कप से पहले ही दौर में बाहर हो गई। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप विशेषज्ञ बिशप ने जियो स्टार पर मीडिया डे में कहा, डब्ल्यूपीएल में आपको टीमों को इस तरह से तैयार करना होगा कि विदेशी विदेशी खिलाड़ियों को तो शामिल करें ही।

भारत को टी-20 में अपनी रणनीति पर फिर से विचार करने की जरूरत : मजूमदार

लंदन। भारत के महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि टीम ने तीनों विभाग में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया और उसे खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी रणनीति पर फिर से विचार करने की जरूरत है। भारत को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की जरूरत थी लेकिन उसकी टीम 170 रन का बचाव करने में नाकाम रही और लगातार दूसरी बार लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पाई। मजूमदार ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, हमें अपनी रणनीति या अपने टी20 खेल पर फिर से विचार करना होगा। हमें वास्तव में यह तय करना होगा कि हम किस संयोजन के साथ खेलने जा रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड पर आसान जीत दर्ज की, लेकिन दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से मिली हार ने कई कमियों को उजागर किया। मजूमदार ने कहा, अगर मुझे पूरे टूर्नामेंट में कुछ खास बातों पर ध्यान देना हो, तो मुझे लगता है।

एफआईएच रैंकिंग : पुरुष टीम 8वें, महिला टीम 9वें पर

एजेंसी

लुसाने। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा जारी ताजा विश्व रैंकिंग में भारतीय पुरूष हॉकी टीम आठवें और नेशंस कप विजेता महिला टीम नौवें स्थान पर बरकरार हैं। पुरूष रैंकिंग में हाल ही में एफआईएच प्रो लीग जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली बेल्जियम टीम 3738 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं नीदरलैंड एक स्थान खिसककर 3513 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड तीसरे, आस्ट्रेलिया चौथे और जर्मनी पांचवें स्थान पर हैं। स्पेन और अर्जेंटीना क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं। वहीं प्रो लीग में आठवें स्थान पर रही भारतीय टीम 3134 अंक लेकर रैंकिंग में भी आठवें स्थान पर बनी हुई है। भारत ने प्रो लीग के यूरोप चरण के आखिरी मैच में रविवार को इंग्लैंड को शूटआउट में 3 . 2 से हराया। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम प्रो लीग के 16 मैचों में चार जीत, पांच ड्रॉ, शूटआउट के दो बोनस अंक और सात हार के बाद 19 अंक लेकर आठवें स्थान पर रही। भारत के बाद फ्रांस, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमें हैं। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड में एफआईएच नेशंस कप में पांचों मैचों के साथ खिताब अपने नाम करके प्रो लीग में लौटी भारतीय टीम 2735 अंक लेकर नौवें स्थान पर बनी हुई है। लगातार चौथी बार प्रो लीग जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक में जगह बनाने वाली नीदरलैंड टीम 4104 अंक लेकर शीर्ष पर है।

अर्जेंटीना (3573) दूसरे और बेल्जियम (3370) तीसरे स्थान पर है जबकि एशियाई टीमों में सबसे प्रभावी प्रदर्शन करने वाली चीन प्रो लीग और विश्व रैंकिंग दोनों में चौथे स्थान पर है। जर्मनी, स्पेन, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शीर्ष दस में शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने राष्ट्रीय टीम के एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम प्रबंधन के ढांचे में बदलाव करने का फैसला किया है और वह अब विदेशी कोच की नियुक्ति करेगा। पाकिस्तान इस सत्र में प्रो लीग का एक ही मैच नहीं जीत पाया। लंदन में उसे दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें भारत से मिली 7-1 की करारी शिकस्त भी शामिल है।

यमुना से राजस्थान के कई हिस्सों पहुंचेगा पानी

शाह की मौजूदगी में हरियाणा-राजस्थान ने यमुना जल परियोजना के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। हरियाणा और राजस्थान ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में यमुना जल परियोजना के निर्माण और कार्यान्वयन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यमुना नदी घाटी के राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ने 12 मई 1994 को नदी जल बंटवारे को लेकर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। एमओयू के तहत गठित अपर यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) में उत्तराखंड साल 2000 में शामिल हुआ। समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए आयोजित इस समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और केंद्र व राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य पश्चिमी यमुना नहर से भूमिगत पाइपलाइन प्रणाली के ज़रिए राजस्थान के हिस्से का यमुना का पानी पहुंचाना है, ताकि राज्य 1994 के एमयोयू (ऊपरी यमुना बेसिन के इस्तेमाल योग्य पानी के बंटवारे पर) के तहत मिले पानी का सही तरीके से इस्तेमाल कर सके। उन्होंने कहा कि इस समझौते से यह सुनिश्चित होगा कि जुलाई से

अक्टूबर के बीच यमुना नहर से राजस्थान को तीन भूमिगत पाइपलाइनों के जरिए 58 करोड़ घन मीटर पानी की आपूर्ति हो। शाह ने कहा कि इस समझौते ने हरियाणा और राजस्थान के लोगों की पानी से जुड़ी लगभग तीन दशक पुरानी समस्या का समाधान कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए संवाद से समाधान के मंत्र का एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह समझौता दिखाता है कि अगर राज्य सहकारी संघवाद की भावना के साथ आगे बढ़ें, तो तीन दशकों से चली आ रही समस्या का भी आसानी से समाधान किया जा सकता है। शाह ने कहा कि आज हुए समझौते के तहत, जुलाई से अक्टूबर के महीने में तीन भूमिगत पाइपलाइन के जरिए यमुना नहर से राजस्थान को लगभग 58 करोड़ घन मीटर की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन तीनों पाइप का व्यास 3.6 मीटर से ज्यादा होगा और ये राजस्थान और हरियाणा, दोनों राज्यों के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराएंगी। शाह ने कहा कि यह समझौता दोनों राज्यों के लिए लिए फायदेमंद होने का एक बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि समझौते में वित्तीय जिम्मेदारियों, लागत-साझाकरण, पानी के आवंटन, पानी छोड़ने के नियमों और रखरखाव की व्यवस्था संबंधी मुद्दों का बारीकी से समाधान किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक रूप से व्यापक इस समझौते में बुनियादी ढांचे के संचालन और रखरखाव, निगरानी प्रणालियों, पारदर्शिता के उपायों और विवादों के समाधान की एक मजबूत व्यवस्था को भी बेहतरीन ढंग से शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, राजस्थान और खासकर केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा तैयार किया गया समझौते मसौदा आने वाले कई दशकों तक विवाद-मुक्त समझौते के तौर पर कायम रहेगा।

नड्डा ने ईसुश्रुत-क्लिनिक की शुरुआत की, छोटे क्लिनिकों में डिजिटलीकरण को मिलेगा बढ़ावा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने सोमवार को ईसुश्रुत-क्लिनिक की शुरुआत की जिसका उद्देश्य छोटे क्लिनिक और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के डिजिटलीकरण में तेजी लाना है।

ईसुश्रुत-क्लिनिक सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) द्वारा विकसित किया गया सॉफ्टवेयर है जो आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन आधारित एक अस्पताल प्रबंधन सूचना तंत्र है। यह सॉफ्टवेयर छोटे बाह्य रोगी (ओपीडी) क्लीनिकों के लिए किफायती और उपयोग में आसान डिजिटल समाधान की कमी को दूर करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। ऐसे अधिकांश क्लीनिक आज भी अपने कामकाज के लिए काफी हद तक पारंपरिक प्रक्रियाओं पर निर्भर हैं। मंत्रालय ने कहा कि बृहद अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) मंच अक्सर ऐसी सुविधाओं के लिए बहुत जटिल और महंगे होते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में डिजिटलीकरण की गति सीमित हो जाती है। इसने कहा कि ईसुश्रुत-क्लिनिक को एक सरल, क्लाउड-आधारित और किफायती एचएमआईएस के रूप में तैयार किया गया है जिसे सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एचडब्ल्यूसी), उप-केंद्रों और निजी क्लिनिकों में उपयोग किया जा सकता है। इस मंच पर पहले ही 800 से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं को शामिल किया जा चुका है, जिससे 680 से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड तैयार हुए हैं। सी-डैक 15 से अधिक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और कई राज्य सरकार के अस्पतालों में अपने प्रमुख ई-सुश्रुत सॉफ्टवेयर को भी लागू कर रहा है। यह मंच क्लीनिकों के रोजमर्रा के कार्यों, जैसे रोगी पंजीकरण, बिलिंग और प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) संबंधी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया को स्वचालित बनाता है।

संक्षेप

10 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 11 तक बढ़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2026 के प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरफ्तार 10 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 11 जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश विजेता सिंह रावत मामले में आगे की जांच के लिए हिरासत बढ़ाने की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) की अर्जी पर सुनवाई कर रही थीं। उन्होंने विशेष लोक अभियोजक वी.के. पाठक की तरफ से दायर इस याचिका को मंजूरी दे दी। इस मामले में गिरफ्तार 13 आरोपियों में से 10 को सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत अवधि खत्म होने के बाद अदालत के समक्ष डिजिटल माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने यश यादव, मांगीलाल बिवाल, दिनेश बिवाल, विकास बिवाल, धनंजय लोखंडे, तेजस हर्षद शाह, शुभम खैरनार, मनीषा वाघमारे, मनीषा हवलदार और डॉ. मनोज शिरुरे की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। बाकी तीन आरोपियों में से, कथित मुख्य आरोपी पी.वी. कुलकर्णी और शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को पहले ही आठ जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एक अन्य आरोपी, मनीषा गुरुनाथ मंधारे को अदालत ने 30 जून तक 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

अरुणाचल में मानसून का कहर वायुसेना ने फंसे लोगों को बचाया

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी मानसूनी बारिश से व्यापक तबाही के चलते बचाव अभियान सोमवार को भी जारी है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण सड़कों, पुलों और मकानों को नुकसान पहुंचने के साथ कम से कम 12 जिलों में संपर्क व्यवस्था बाधित हो गई।

लोअर दिबांग वैली जिले के डंबुक इलाके में सिसिरी नदी के बीच एक टापू पर फंसे चार लोगों को सोमवार को भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर से बचाया गया। भारी बारिश ने लोअर दिबांग वैली जिले में रोइंग-अनिनी सड़क को भी बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है। अचानक आई बाढ़ कई जगहों पर सड़कों और पुलों को बहा ले गई है। अंजॉ जिले में रविवार रात वालोंग की ओर सरती गांव के पास राजमार्ग निर्माण कार्य में लगी एक गाड़ी पर भारी चट्टान गिरने से निर्माण मशीन संचालक की मौत की आशंका है। खराब दृश्यता और चट्टानों के गिरने के खतरे के कारण बचाव अभियान रातभर के लिए स्थगित कर दिया गया था, जिसे सोमवार तड़के दोबारा शुरू किया गया। वालोंग चौकी और हवाई पुलिस थाने की पुलिस बचाव अभियान में सहयोग कर रही है।

गडकरी ने की राष्ट्रीय राजमार्गों की रखरखाव की समीक्षा

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को अलग-अलग समीक्षा बैठकों में झारखंड में 3,245 किलोमीटर और उत्तराखंड में 4,026 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग की गुणवत्ता और रखरखाव की समीक्षा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

ये समीक्षाएं मीडिया रिपोर्ट और सोशल मीडिया मंच से मिली जानकारी के आधार पर की गईं। गडकरी ने समीक्षा के दौरान टिकाऊ और कुशल राजमार्ग बुनियादी ढांचा बनाने के लिए रखरखाव के कामों को समय पर पूरा करने, गुणवत्ता के ऊंचे मानकों का

सख्ती से पालन करने और आधुनिक निर्माण तकनीकों को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत बतायी। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को जमीनी स्तर पर काम में तेजी लाने, गुणवत्ता की निगरानी मजबूत करने और मुख्य गलियारे पर बिना रुकावट संपर्क सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता बेहतर करने का निर्देश दिया। मंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे प्रभावी जल निकासी प्रबंधन, ढलान की सुरक्षा के उपाय, समय रहते रखरखाव और मजबूत त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली के जरिये मानसून के लिए पूरी तैयारी करें। उन्होंने कहा कि रुकावटों को कम करने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचे को टिकाऊ बनाने तथा मजबूती बढ़ाने के लिए समय पर कदम उठाना और तालमेल के साथ काम करना जरूरी है।

बैठक के अनुरोध से जुड़े ट्रंप के दावे को ईरानी अधिकारियों ने किया खारिज

दुबई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक का अनुरोध किया था, हालांकि ईरानी अधिकारियों ने कहा कि ऐसी किसी बैठक का कार्यक्रम नहीं था। हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ने के बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कमजोर पड़ते अंतरिम समझौते को बरकरार रखने की कोशिश की है। इस तनाव से तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं और अमेरिकी नागरिकों के बीच ट्रंप का यह दावा कमजोर पड़ सकता है कि अमेरिका में महंगाई घट रही है।

ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बैठक मंगलवार को कतर के दोहा में होगी। इससे पहले, सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि जब्त की गई 6 अरब अमेरिकी डॉलर की ईरानी संपत्ति को कतर जारी करेगा, जबकि इस सप्ताहांत फारस की खाड़ी में हुए हमलों के कारण अमेरिका के साथ बातचीत में चुनौतियां पैदा हो गईं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा इन संपत्तियों का जिक्र किया जाना, ईरानी जनता को अंतरिम समझौते के लिए मनाने की कोशिश जैसा प्रतीत हो रहा है। एक अहम मध्यस्थ के तौर पर पाकिस्तान ने कहा है कि बातचीत मंगलवार को फिर शुरू होगी। ट्रंप प्रशासन ने रविवार को कहा कि कुछ भी रद्द नहीं किया गया है और आने वाले दिनों के लिए तकनीकी बातचीत सही रास्ते पर बढ़ रही है। लेकिन ईरान के वरिष्ठ वार्ताकार काजिम गरीबाबादी ने समाचार एजेंसी इरना द्वारा प्रकाशित बयानों में इस बात से इनकार किया कि किसी वार्ता का कार्यक्रम निर्धारित था। उन्होंने कहा, हालांकि कतर के साथ बातचीत - जिसमें दूसरी तरफ से किये गए वादों को लागू करने पर अनुवर्ती कार्वाई (फॉलो-अप) भी शामिल है - सामान्य रूप से जारी है, लेकिन दोहा में कार्यकारी समूह के बीच तकनीकी बातचीत होने के बारे में कुछ मीडिया रिपोर्ट की पुष्टि नहीं हुई है। तकनीकी वार्ता में निचले स्तर के राजनयिक किसी ऐसे समझौते की बारीकियों पर काम कर रहे हैं, जिससे ईरान और अमेरिका के शीर्ष नेता फिर से बातचीत की मेज पर आ सकें।

कतर में फ्रीज छह अरब डॉलर की संपत्ति से रोक हटेगी: पेजेश्कियान

दुबई। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने सोमवार को कहा कि ईरान की छह अरब डॉलर की फ्रीज की गयी संपत्ति को वापस करने पर लगी रोक कतर हटाएगा। पेजेश्कियान का यह बयान ऐसे समय आया है जब इस सप्ताहांत फारस की खाड़ी में हुए हमलों के कारण अमेरिका के साथ बातचीत में चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

किसी संपत्ति को फ्रीज करने का अर्थ है कि उसका स्वामित्व रखने वाला व्यक्ति भी रोक के तहत इस संपत्ति का उपयोग नहीं कर सकता। मसूद पेजेश्कियान का उन संसाधन का जिक्र करना, ईरानी जनता को अंतरिम समझौते के लिए मनाने की कोशिश जैसा लगता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की पकड़ को चुनौती दी जा रही है ओमान के समुद्री इलाके को फारस की खाड़ी से आने-जाने वाले यातायात के लिए खोलने की

कोशिशें हो रही हैं। पाकिस्तान के साथ बातचीत में अहम मध्यस्थ कतर के पास रोकी गई धनराशि से पाबंदी हटाने का जिक्र करने वाले ईरान के सबसे वरिष्ठ अधिकारी पेजेश्कियान हैं। अब तक, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ईरान की फ्रीज की गयी किसी भी संपत्ति से रोक हटाई नहीं गयी है। ईरान के हमलों और धमकियों की वजह से इस जलडमरूमध्य से मालवाहक जहाजों और टैंकरों की आवाजाही रुक गई। सामान्य समय में दुनिया भर में व्यापार होने वाले तेल और प्राकृतिक गैस का लगभग पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता था, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हो गया। भले ही यह जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के समुद्री क्षेत्र में स्थित है, फिर भी इसे लंबे समय से एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग माना जाता रहा है। हाल के दिनों में, ईरान ने ओमान की तरफ वाले रास्ते से गुज़रने वाले जहाजों पर दो बार हमले किए हैं। इसके जवाब में अमेरिका ने हवाई हमले किए हैं और ऐसी चिंताएं भी पैदा हो गई हैं कि युद्ध को औपचारिक रूप से खत्म करने के लिए चल रही बातचीत में रुकावट आ सकती है। ईरान ने रविवार को बहरीन और कुवैत को निशाना बनाते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए।

उत्तरी जर्मनी के स्टेड शहर में गोलीबारी पांच लोगों की मौत

बर्लिन। उत्तरी जर्मनी के स्टेड शहर में सोमवार को हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। जर्मनी की समाचार एजेंसी डीपीए ने पुलिस के हवाले से बताया कि मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। खबर में कहा गया है कि तत्काल पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने बताया कि अंतिम सूचना मिलने तक शहर के बाहरी इलाके में अभियान जारी था। स्टेड की आबादी करीब 50 हजार है और यह हैम्बर्ग के पश्चिम में स्थित है।

इंटरटेनमेंट...

मिर्जापुर : कालीन भैया, गुड्डू पंडित और बबलू की वापसी

मुंबई। मिर्जापुर सीरीज के 3 कामयाब सीजन के बाद मिर्जापुरः द मूवी का टीजर आज जारी हो चुका है। ये फिल्म 4 सितंबर को थिएटर में कई भाषाओं में रिलीज होने वाली है। एक्सेल मूवीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किए गए 2 मिनट 22 सेकेंड के टीजर में गुड्डू पंडित (अली

❍ मिर्जापुर : द मूवी का टीजर रिलीज

फजल), कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) और मुन्ना भैया (दिव्येंदु शर्मा) के दमदार डायलॉग दिखाए गए हैं। हालांकि दिव्येंदु शर्मा का रोल फिल्म में कम होने वाला है। टीजर में कुछ गिने चुने नए किरदारों के अलावा, बैकड्रॉप, थीम और सब कुछ पुरानी सीरीज की तरह ही नजर आ रहा है। रवि किशन के किरदार से फिल्म में नयापन आने की उम्मीद है, लेकिन अगर लगभग सभी किरदार पुराने हैं, तो कहानी पर ही दर्शकों की पूरी नजरें टिकी होंगी। फिलहाल टीजर को देखकर कहानी का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। टीजर की एक खास बात ये भी है कि इसमें मिर्जापुर सीरीज से स्वीटी के किरदार को भी दोबारा जोड़ा गया है,



जिन्हें पहले ही सीजन में मरता हुआ दिखाया गया था। मिर्जापुरः द मूवी 4 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी। फिल्म को अमेजन ओटीटी स्टूडियोज और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को गुरमीत सिंह ने डायरेक्ट किया है और कहानी पुनीत कृष्णा ने लिखी है। कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी को-प्रोड्यूसर हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा के अलावा श्वेता त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार, रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता गौर, सुशांत सिंह, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, कुलभूषण खरबंदा, सोनल चौहान, प्रमोद पाठक और अनंग्शा बिस्वास भी नजर आएंगे। 'मिर्जापुर' भारत की सबसे लोकप्रिय क्राइम-एक्शन वेब सीरीज में से एक है। यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और मिर्जापुर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। 'मिर्जापुर' का पहला सीजन 16 नवंबर 2018 को रिलीज हुआ था, जिसमें कुल 9 एपिसोड थे। इसके बाद दूसरा सीजन 23 अक्टूबर 2020 को आया, जिसमें 10 एपिसोड शामिल थे। वहीं, तीसरा सीजन 5 जुलाई 2024 को रिलीज किया गया। इस सीजन में भी कुल 10 एपिसोड थे।

सलमान खान निभा सकते हैं कर्ण का किरदार

मुंबई। सलमान खान अब एक बड़े बजट की पीरियड फिल्म में नजर आ सकते हैं। सलमान खान फिल्म में महाभारत के प्रमुख पात्र कर्ण का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म का डायरेक्शन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा करेंगे, जबकि इसे फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी और तुरंत इसके लिए हामी भर दी। इस रोल के लिए सलमान खान अपने लुक में बड़ा बदलाव करेंगे। फिल्म को राकेश ओमप्रकाश मेहरा, एक्सेल एंटरटेनमेंट और सलमान खान का अहम प्रोजेक्ट बताया जा रहा है। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

भारत का पहला एआई-पावर्ड म्यूजिकल माइक्रो-ड्रामा 'मोहिनी : खुद से प्यार'

मुंबई। अमिता के अनुसार 'मोहिनीः खुद से प्यार' का मकसद केवल अक का प्रदर्शन नहीं है। मैं इसके जरिए भारतीय कला, कथक, संगीत और कहानी को नई तकनीक के साथ जोड़कर एक नया अनुभव देना चाहती हूं। प्रख्यात फिल्मकार राम माधवानी की पत्नी और क्रिएटिव प्रोड्यूसर अमिता माधवानी इन दिनों अपने नए प्रोजेक्ट 'मोहिनीः खुद से प्यार' को लेकर चर्चा में हैं। इसे भारत का पहला एआई-पावर्ड म्यूजिकल माइक्रो-ड्रामा बताया जा रहा है, जिसे सोशल मीडिया के लिए 12 एपिसोड की सीरीज के रूप में तैयार किया गया है। अमिता के मुताबिक, तकनीक बदल सकती है लेकिन कहानी कहने का मूल अब भी इंसान ही रहेगा। अमिता कहती हैं कि 'एआई को लेकर सबसे बड़ी गलतफहमी यही है कि लोग उसे रचनात्मक निर्णय लेने वाली इकाई मानने लगे हैं। एआई खुद कुछ तय नहीं करता, बल्कि इंसान तय करता है कि उससे क्या करवाना है। 'मोहिनी' के मामले में भी पहले कहानी लिखी गई और बाद में अक को एक क्रिएटिव टूल की तरह इस्तेमाल किया गया। जैसे मोबाइल, कंप्यूटर और डिजिटल कैमरे ने फिल्म निर्माण की प्रक्रिया बदली थी।

एडवेंचर थ्रिलर फिल्म 'नागबंधम- द सीक्रेट ट्रेजर'

मुंबई। फिल्म 'नागबंधम द सीक्रेट ट्रेजर' अपने माइथो कंटेंट को लेकर चर्चा में हैं। इसमें भगवान शिव को खास तरीके से प्रेजेंट किया गया है। यह 3 जुलाई को रिलीज होगी। 'नागबंधम द सीक्रेट ट्रेजर' एक भव्य एडवेंचर थ्रिलर फिल्म है,

❍ अभिषेक ने फिल्म में सिर्फ खजाने की खोज नहीं, मंदिरों-रहस्यों से भरी दुनिया भी दिखेगी

जो सदियों से छिपे एक रहस्य के इर्द-गिर्द घूमती है।

फिल्म में एक ऐसी जर्नी दिखाई गई है, जिसमें पौराणिक कथाएं, पवित्र मंदिर, भूले-बिसरे योद्धा, ब्रह्मकमल और एक खजाना शामिल है, जो मानवता की किस्मत बदल सकता है। यह फिल्म 5 भाषाओं



तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में बनी है। अभिषेक ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग कई जगहों पर की गई, जिनमें हैदराबाद, विशेष रूप से तैयार किए गए स्टूडियो सेट, जंगल, पानी वाले लोकेशन और बड़े आउटडोर क्षेत्र शामिल हैं, जिन्हें कहानी की जरूरत के हिसाब से अलग-अलग दुनिया और समय को

❍ एडवांस बुकिंग में ?1.34 करोड़ की कमाई, नए गाने 'ओ मेरे बलम' में जमकर नाची स्टारकास्ट

दशाने के लिए तैयार किया गया। सभी शेड्यूल, एक्शन सीक्वेंस, गानों और अन्य कामों को मिलाकर इस फिल्म को पूरा करने में एक साल से अधिक का समय लगा। 'नागबंधम का मूल आइडिया भारत के प्राचीन इतिहास और रहस्यमयी खजानों के प्रति मेरी गहरी रुचि से आया।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com